हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • रविवार • 11.05.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 286 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# पाकिस्तान ने तीन घंटे भी नहीं माना संघर्ष विराम

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** शाम पांच बजे से भारत पाकिस्तान के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम कुछ ही घंटों में टूट गया। पाकिस्तान की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर फायरिंग की गई है। बताया जा रहा है कि कुछ इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन भी देखे गए हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ तनाव का दौर आखिरकार खत्म हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर दोनों देश सैन्य टकराव से पीछे हटने पर सहमत हुए थे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। ट्रंप के पोस्ट के कुछ दी देर बाद पाकिस्तान और भारत की ओर से भी आधिकारिक रूप से सैन्य टकराव रोकने की घोषणा की गई। भारत के विदेश मंत्रालय ने शनिवार शाम को एक छोटी से प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया।

### सैन्य टकराव रोकने पर क्या बोले भारत के विदेश सचिव

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि दोनों देश शनिवार शाम 5 बजे से जल, थल और नभ में सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ 12 मई को फिर बातचीत करेंगे। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने यह घोषणा करते हुए बड़ा धमाका किया कि भारत और पाक के बीच सीजफायर हो गया है।

### 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ फिर से बात करेंगे

शनिवार शाम भारत विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिसरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच शाम पांच बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने शनिवार दोपहर में फोन पर बात की थी। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शर्तों पर सीजफायर किया है और 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ फिर से बात करेंगे।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति

इसके साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है और ऐसा करना जारी रखेगा।

### अमेरिकी मध्यस्थता से हुई थी भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा की।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत-पाकिस्तान पिछले तीन दिनों से जारी संघर्ष पर तत्काल पूर्ण युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं। यह सहमति अमेरिका की मध्यस्थता से पूरी हुई है।

### ट्रंप ने दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए दिया धन्यवाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका की मध्यस्थता में रात में चली लंबी वार्ता के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने समझदारी दिखाने के लिए दोनों देशों को धन्यवाद दिया है।

### दोनों देशों के उच्च नेताओं की वो बातचीत, जिससे बनी सहमति

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी एक्स पर बताया कि वह स्वयं और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पिछले 48 घंटे से भारत और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस बातचीत में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर और पाक एनएसएस असीम मलिक शामिल थे। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, जो फिलहाल निलंबित है।



▸ कांग्रेस ने की सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग।

▸ पाकिस्तान ने भारत के लिए एयर स्पेस खोला।

## उधमपुर एयर बेस को तबाह करने का पाकिस्तानी दावा निकला 'फेक'

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के एक और दावे की पोल भारत ने खोलकर रख दी है। दुश्मन मुल्क की फेक न्यूज फैक्ट्री ने ऐसी खबर दिखाई जो पूरी तरह से झूठी और बेबुनियाद निकली। भारत ने फैक्ट चेक कर इसकी हवा निकाल दी। दरअसल, पाकिस्तान के 'एआईके न्यूज' ने लाइव प्रसारण में दावा किया कि पाकिस्तान ने उधमपुर एयर बेस को नष्ट कर दिया है। वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, जिसे फैक्ट चेक में फेक पाया गया। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने इस दावे को पूरी तरह फर्जी और भ्रामक करार दिया। पीआईबी ने अपनी जांच में स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिखाई गई घटना उधमपुर एयर बेस से संबंधित नहीं है। यह वीडियो राजस्थान के हनुमानगढ़ में एक केमिकल फैक्ट्री में लगी आग का पुराना फुटेज है, जिसे गलत तरीके से प्रोजेक्ट किया जा रहा है। फैक्ट-चेक में यह भी कहा गया कि इस वीडियो का भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात या किसी सैन्य कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। पीआईबी ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी फर्जी खबरों पर विश्वास न करें और केवल सरकारी और आधिकारिक सोर्स से प्राप्त जानकारी पर भरोसा करें। पीआईबी फैक्ट चेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सतर्क रहें। फर्जी खबरों के झांसे में न आएं! उधमपुर के स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने भी लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। जिला प्रशासन का कहना है कि हम ऐसी फर्जी खबरों के स्रोत की जांच कर रहे हैं। लोगों से अनुरोध है कि वे सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि वाली खबरों को शेयर न करें।




## आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा : जयशंकर



नयी दिल्ली : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और इसके विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे के विरुद्ध गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की समझ बनायी। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और उसके सभी रूपों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी सख्त और अडिग नीति पर कायम है, और आगे भी रहेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा गया कि आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को युद्ध समझा जाएगा।

## फेसबुक पर देश विरोधी वीडियो डालने वाला युवक गिरफ्तार

रामगढ़ : रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में एक युवक द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया। युवक ने यह वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से जुड़े लोगों ने वीडियो पर आपत्ति जताते हुए युवक पर देश विरोधी टिप्पणियों का आरोप लगाया और भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दी। विहिप की मांग पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल अली को गिरफ्तार कर लिया। भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने पुष्टि की कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे देश विरोधी वीडियो को लेकर शिकायत मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए युवक को हिरासत में लिया। विहिप दुर्गा वाहिनी की रामगढ़ जिला अध्यक्ष अनामिका श्रीवास्तव ने सवाल उठाया, जो लोग भारत में रहते हैं, उनके विचारों में पाकिस्तान का समर्थन कहां से आता है? यह सोच और भड़काने वाले तत्वों की भी गहन जांच होनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्तमान तनावपूर्ण हालात 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद और गहरे हो गए हैं। पाकिस्तान लगातार सीमापार से गोलाबारी कर रहा है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

## भविष्य में होने वाले आतंकवादी हमलों को भारत युद्ध की कार्रवाई मानेगा

### पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी ली, सेना प्रमुखों से की मुलाकात

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने अहम निर्णय किया है। भविष्य में आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी कार्रवाई को भारत के विरुद्ध युद्ध कार्रवाई माना जाएगा तथा उसका जवाब तदनुसार दिया जाएगा।



भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए रक्षा मंत्री, एनएसए और तीनों सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर आयोजित बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले आज भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने अपने सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों में भेजना जारी रखा है। पाकिस्तान की लगातार उकसाने वाली कार्रवाई और हवाई संघर्ष के जवाब में भारत ने इस कार्रवाई का संयमित ढंग से जवाब दिया है। भारत ने दोहराया है कि वह तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता है, बशर्ते पाकिस्तान भी ऐसा ही करे।

## ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगना ढेर




**नयी दिल्ली :** पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गये। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गये हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी। मारे गये आतंकवादियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। पाकिस्तान सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से उसे पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, इसमें जमात-उद-दावा के नामित वैश्विक आतंकवादी के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाकिस्तानी सेना एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी नमाज में शामिल हुए। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात आतंकवादी हाफिज मुहम्मद जमील भी मारा गया है। यह मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला और बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी था। यह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था। मारे गये तीसरे बड़े आतंकवादी का नाम जैश-ए-मोहम्मद के मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब है। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला और जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था। यह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। इस आतंकवादी की कंधार विमान अपहरण मामले में भी तलाश थी। हमलों में मारा जाने वाला चौथा आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का खालिद उर्फ अबू अकाशा था जो जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। यह अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल था। इसका अंतिम संस्कार फैसलाबाद में किया गया। इसमें पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी और फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए। पांचवां आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद का मोहम्मद हसन खान था। वह मुफ़्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश का ऑपरेशनल कमांडर था। इसने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।

## पाकिस्तान की गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी : उमर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र शासित प्रदेश में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की शनिवार को घोषणा की। भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई को सीमा के पार नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद पिछले चार दिन में पुंछ, राजौरी, जम्मू और बारामुला सेक्टरों में पड़ोसी देश की गोलाबारी में एक अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त और 19 ग्रामीणों की मौत हो गई। इन 19 लोगों में से 12 लोगों की मौत बुधवार को पुंछ में हुई, जबकि शुक्रवार को उरी व पुंछ में दो अन्य लोगों की जान चली गई। इसके अलावा शनिवार सुबह पाकिस्तानी गोलाबारी में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी समेत पांच लोगों को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान की ओर से हाल ही में की गई गोलाबारी के कारण निर्दोष लोगों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी सरकार अपने लोगों की परेशानियों को कम करने के लिए हर संभव उपाय कर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से साझा किए गए पोस्ट में कहा गया है कि हालांकि कोई भी मुआवजा किसी प्रियजन को खोने की भरपाई नहीं कर सकता और न ही परिवार को हुए आघात पर मरहम लगा सकता, लेकिन समर्थन और एकजुटता के संकेत के रूप में, सभी मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हम शोक की इस घड़ी में हर प्रभावित परिवार के साथ खड़े हैं।

## एक नजर

### मास्को में रक्षा राज्य मंत्री ने भारतीय प्रवासियों से किया संवाद

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मॉस्को में भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने मॉस्को में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ मुलाकात की और उनके साथ संवाद किया। रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने भारतीय प्रवासियों और दूतावास की ओर से राज्य मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रूस में रह रहे भारतीय समुदाय के लगभग 120 प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। रक्षा राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान की अहम भूमिका है।

# राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों एवं परिदृश्य के मद्देनजर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देशभर में सुरक्षा हालातों को देखते हुए झारखंड में एक-एक जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरी नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस रखें तथा एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर राज्यवासियों की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के एहतियाती कदम शीघ्र उठाएं जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में आमजनों के बीच कोई पैनिक स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफवाहों पर हर हाल में रोक लगाई जाए। वैसे असामाजिक तत्व जो झूठी और भ्रामक संदेश प्रेषित कर माहौल खराब करने का कार्य करते हैं, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों तथा सोशल साइट्स पर गलत संदेशों का आदान-प्रदान करने वालों की पहचान कर उनपर कानूनी कार्रवाई करें।



### सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से कार्य लें, आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को एक्टिव करें तथा आवश्यकता के अनुरूप सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स की संख्या बढ़ाएं। सिविल डिफेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों से समन्वय स्थापित कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को त्वरित राहत, बचाव कार्य, जनजागरूकता और सामुदायिक क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दी जाए।

### सभी जिलों में कंट्रोल रूम एक्टिव करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ जिला स्तर के कंट्रोल रूम को एक्टिव करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर सभी छोटे-बड़े पी एस यू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अस्पताल के रूफटॉप पर मेडिकल साइन बोर्ड लगाए जाएं।

**बैठक में ये निर्देश रहे महत्वपूर्ण**

- एमएचए का निर्देश है कि सिविल डिफेंस रूल्स के अंतर्गत इमर्जेंसी प्रोविजंस का इस्तेमाल करें। खासकर कोई खरीदारी में टेंडर प्रक्रिया छोड़कर।
- मॉक ड्रिल की संख्या बढ़ा दी जाए।
- एसेंशियल सर्विस को मेंटेन करने के लिए तैयारी की जाए।
- एसेंशियल कमोडिटीज पर खास ध्यान रखा जाए। होर्डिंग बिल्कुल नहीं हो।
- अस्पताल को तैयार रखा जाए।

## नगर विकास मंत्री ने किया बिरसा मुंडा समाधि स्थल का दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल का दौरा किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक स्थल को झारखंड वासियों की आस्था, सम्मान और गौरव का प्रतीक बताया और इसके समुचित विकास की बात कही।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके स्मृति स्थल को भव्य स्वरूप देना हमारी प्राथमिकता है। मंत्री ने समाधि स्थल की साफ-सफाई, रखरखाव और सौंदर्यीकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस स्थल को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर और आकर्षक बनाया जाये, ताकि यहां आने वाले लोग आत्मीयता और गर्व का अनुभव करें। मत्री के साथ रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह, अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

एक नजर

### वाहन दुर्घटना में पिता की मौत

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगा निवासी सीताराम महतो की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई! इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार इस मृतक अपनी बेटी का विवाह 8 मई के रात्रि में किया 9 मई को सुबह विदाई किया और 9 मई की रात रात 8 बजे सलगा से सीताराम महतो अपने पूरे परिवार व गोतिया भाई के साथ अपनी बेटी के ससुराल कुंदा रांची जा रहा था। जाने के क्रम में रांची बमने पाही घाटी में बोलोरो अनियंत्रित होकर 40 फीट गड्ढा में जा गिरा। जहां सीताराम की मौत हो गई। बोलेरो में 6 लोग सवार थे। उनकी पत्नी सहायक शिक्षिका यशोदा देवी जो राजकीय मध्य विद्यालय सलगा में पारा शिक्षिका पद पर कार्यरत थी बेटा रोशन कुमार महतो और मां की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घायलों में पत्नी यशोदा देवी बेटा रोशन कुमार महतो उम्र 20 वर्ष राजेश कुमार महतो पिता साहू महतो उम्र 30 वर्ष तुलेश्वर कुमार महतो पिता डोमन महतो उम्र 32 वर्ष इन सभी का सब ईलाज रानी हॉस्पिटल रांची में चल रहा है। जिसमें रवि कुमार महतो पिता कृष्ण कुमार महतो उम्र 20 वर्ष इसका इलाज कटहल मोड़ रांची रिंची हॉस्पिटल में चल रहा है। जहां चारों का स्थिति नाजुक बताया जा रहा है।

### प्रांत स्तरीय प्राचार्य संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग स्थित विद्यालय में चार जिले गिरिडीह,चतरा,कोडरमा एवं हजारीबाग से आचार्य गण व प्राचार्य गण संगोष्ठी बैठक में शामिल हुए। प्रांतीय बैठक में सभी चार जिलों के उपस्थित प्राचार्य व आचार्य गण को शिक्षा कि गुणवत्ता पर गुणात्मक सुधार कैसे किया जाना चाहिए उक्त विषय पर समीक्षात्मक चर्चा की गई। इस संबंध में विशेष रुप से हजारीबाग इकाई,विकास समिति सचिव, ज्ञानचन्द प्रसाद मेहता, प्रदेश समिति सदस्य मुकेश कुमार ने प्रमुखता से बैठक के उदेश्यों को लेकर अपनी बात को रखे।

### अग्रसेन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में स्टूडेंट्स को छात्राओं के लिए में स्टुअल हेल्थ, हाइजीन एवं पोक्सो एक्ट विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन छात्राओं की माताओं एवं स्कूल की शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया एवं प्राचार्य विवेक प्रधान ने सभी माताओं का कार्यक्रम में स्वागत किया। माताओं ने बारी-बारी से छात्राओं का मार्गदर्शन किया। सोनी करमाली ने मेंस्ट्रुअल के विषय पर कहा कि अपनी बेटियों के स्वस्थ जीवन के लिए सबसे पहले माता-पिता दोनों को झिझक छोड़नी होगी। पीरियड्स पर बच्चियों से खुलकर बात करने की जरूरत है। पीरियड एक सामान्य प्रक्रिया है, इसे प्रॉब्लम नहीं समझना चाहिए। सुनीता देवी ने कहा कि पहले के जमाने में संसाधनों के अभाव में महिलाओं को काफी कठिनाई होती थी। लेकिन अब वक्त बदल रहा है। लोग भ्रांतियों से भी मुक्त हो रहे हैं। हर समय हमारी कोशिश इस मुद्दे पर समाज की सोच को बदलने और महिलाओं को जागरूक बनाने की होनी चाहिए। पूजा गुप्ता ने कहा कि अशिक्षा के कारण मौजूद भ्रांतियां महिलाओं का जीवन इस अवस्था में कठिन बना देती है। जबकि यह अवस्था गौरव की अनुभूति करने वाला है। इसी से हमारी सृष्टि है। आरती सिन्हा ने सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने, मुश्किल दिनों में स्वच्छता का ख्याल रखने, दिनचर्या को सामान्य रखने, खानपान पर ध्यान देने की बात कही।

# समाज के हर वर्ग को यक्ष्मा मरीजों को सहयोग करने की है आवश्यकता : एसडीपीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में शनिवार को एक विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य क्षय रोग (यक्ष्मा/टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करना और समाज में इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 20 यक्ष्मा मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल मौजूद रहे। उनके साथ बरही थाना प्रभारी आभाष कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार एवं थाने के अन्य पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता कर स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी इस सामाजिक पहल का समर्थन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुमंडलीय अस्पताल बरही के उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश ज्ञानी, एसटीएस रवि शंकर कुमार तथा एसटीएलएस विजेन्द्र कुमार मौजूद थे। इन अधिकारियों ने मरीजों और उपस्थित जनसमूह को क्षय रोग की रोकथाम, उपचार, नियमित जांच तथा पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपने संबोधन में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि यक्ष्मा जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए केवल औषधि ही नहीं, बल्कि पर्याप्त पोषण, स्वच्छता और जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत मरीजों को समय-समय पर पोषण आहार और परामर्श प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास करने होंगे, ताकि भारत को क्षय रोग मुक्त राष्ट्र बनाया जा सके। यक्ष्मा मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार उपलब्ध कराने वालों में एसडीपीओ अजित कुमार विमल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, जया सिन्हा, ऐश्वर्या सिन्हा, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शिवम गुप्ता, रंजीत भगत, सुरजीत चौधरी, कपिल दीपक नाग, नरेंद्र कुमार पांडेय, सुशील कुमार, पंचू किस्कू, रमेश्वर रबिदास, अनिवेश कुमार सिंह, शामिल हैं। मौके पर हिरामन साव, अभय सिंह, उमेश यादव, दिनेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक ने ट्रांसफॉर्मर बदलवाने को लेकर अधीक्षण अभियंता से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र में लगातार खराब हो रहे ट्रांसफॉर्मरों और बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक उपाध्याय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बिजली संकट की गंभीरता को साझा करते हुए, त्वरित समाधान का सुझाव दिया। विधायक मनोज यादव ने बताया कि बरही के अड़वरिया टोला उपोक पंचायत में 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल चुका है, जिसे 63 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर से बदला जाना चाहिए। इसी तरह रसोइया धमना के पुरहारा मोड़ के पास, संजय ठाकुर के घर के पास का 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर भी जल चुका है। इसके अलावा पिंडारकोन स्टैंड टोला में भी 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खराब हो चुका है, जिसे 63 केवीए में बदले जाने की आवश्यकता है। ग्राम बारा पंचायत के बहेरा में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद फिलहाल 25 केवीए से आपूर्ति हो रही है, जो अपर्याप्त है। कोल्हुआकला के यादव टोला और ठाकुर टोला में भी ट्रांसफॉर्मर जल चुके हैं, जिनके लिए 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर जरूरी है। विधायक मनोज यादव ने अधीक्षण अभियंता से अनुरोध किया कि इन सभी स्थानों पर जल्द से जल्द ट्रांसफॉर्मर बदले जाएं और क्षमता अनुसार नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को बिजली संकट से राहत मिल सके।

## रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती पर समारोह का हुआ आयोजन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी के केशव हाल में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को दिवंगत कलाकार प्रीतम चक्रवर्ती को समर्पित किया गया। उक्त आयोजन बंगाली एसोसिएशन हजारीबाग एवं हजारीबाग के विभिन्न बंगालियों द्वारा संचालित संगठन एवं संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्पार्पण तथा एसोसिएशन के सचिव सोमनाथ कुनार, ध्रुबो चक्रवर्ती, चित्रा सरकार, रूप चटर्जी एवं अन्यों के द्वारा मंगलदीप प्रज्वलन के साथ किया गया। रवींद्रनाथ द्वारा अपने जन्मदिन पर लिखी गई गीत 'हे नूतन' की प्रस्तुति सामूहिक गायन के रूप में किया गया। इसमें तनुश्री मुखर्जी, तापोषी दास, मधुच्छंदा मुखर्जी, मंदिरा गुप्ता, डोला गुहा, सोनाली भट्टाचार्य, वोनिता दे एवं सोम सेन ने भाग लिया। इसके बाद सुष्मिता ने रविंद्रसंगीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की। मैत्री घोष के पाठ ने सबका दिल जीत लिया। मधुच्छंदा मुखर्जी एवं तनिष्का सोनल राय के एकल गायन ने सबको भाव विभोर किया। मौमिता गांगुली द्वारा प्रस्तुत आवृत्ति पर नृत्य की बड़ी प्रशंसा हुई। संध्या धनपति, रीता भद्र एवं मंदिरा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत एक रावींद्रिक कोलाज ने सबको अवाक किया। सीमा घोष के निर्देशन में श्रीमा संगीतायन संस्थान की ओर से तथा गार्गी मल्लिक के निर्देशन में उनका संस्थान 'काजल' की ओर से प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इससे पूर्व केशव हाल में आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रेरणा मुखर्जी एवं चिन्मय कुमार सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया। जलियांवाला बाग नरसंहार के विरोध में अपने नाइटहुड की उपाधि को अंग्रेज सरकार को लौटाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के 164वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में बंगाली एसोसिएशन हजारीबाग ने दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया।

## डीसी ने केरेडारी प्रखंड का किया दौरा, प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज 10 मई को केरेडारी प्रखंड का दौरा कर केरेडारी प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड और अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच की और लंबित कार्यों को जनहित में बिना विलंब निष्पादित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रोकड़ पंजी, उपस्थिति पंजी,लॉग बुक, दाखिल खारिज के लंबित मामले, कोल कंपनी से संबंधित राजस्व संबंधित मामले, प्रखंड कार्यालय से संबंधित मनरेगा, जे.एस.एल.पी के कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और जनहित में कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रोकड़ पंजी विधिवत संधारित नहीं पाए जाने पर नाराजगी भी व्यक्त की और तुरंत रोकड़ पंजी, उपस्थिति पंजी को अद्यतन करने के निर्देश दिए। प्रखंड मुख्यालय में आगंतुक के लिए पेयजल उपलब्ध नहीं रहने पर भी नाराज दिखी और तुरंत पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में प्रखंड वासी अपनी समस्याओं और योजनाओं के लाभ को लेकर आते है, इस बाबत उनके साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए और प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को सुनें।

## शिक्षक बच्चों को आदर्श नागरिक बनाने का करें काम : विजय यादव




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राजकीय मध्य विद्यालय बुंडू में स्कूली बच्चों के बीच बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव एवं पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी की उपस्थिति में कक्षा 1 से कक्षा 8वीं तक की सभी छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक मुनीलाल राम, वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव, सहायक अध्यापक सुरेश कुमार, जागेश्वर ठाकुर, मनोज पंडित सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैग वितरण कार्यक्रम में मुखिया विजय यादव ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों द्वारा की जा रही मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास प्रेरणादायक हैं।

# सेवा से पहले संवेदना, हर जरूरतमंद तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना हमारा संकल्प है : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आरोग्यम अस्पताल के द्वारा शनिवार को अस्पताल परिसर में निःशुल्क मेगा ब्रेन मस्तिष्क, स्पाइन रीढ़, नस रोग एवं फिजियोथेरेपी विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया, शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निरंतर रूप से प्रारंभ रहा. शिविर अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य लोगों को न्यूरो और स्पाइन से जुड़ी जटिल बीमारियों की प्रारंभिक पहचान और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराना था। हजारीबाग ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे और लगभग 300 से अधिक मरीजों ने अपना पंजीकरण कराकर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में रोगियों की जाँच एवं परामर्श देने हेतु प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. विकास कुमार एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. एन.एस. उज्जैन ने अपनी सेवा दिया. डॉ. विकास कुमार ने सिर दर्द, ब्रेन ट्यूमर, मिर्गी, लकवा, रीढ़ की हड्डी की चोट, स्पाइनल ट्यूमर, स्लिप डिस्क जैसी जटिल न्यूरो समस्याओं से पीड़ित मरीजों की अत्यंत संवेदनशीलता और विशेषज्ञता से जाँच की और भविष्य की चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। वहीं डॉ. एन.एस. उज्जैन द्वारा मरीजों को फिजियोथेरेपी की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे अनेक मरीजों को तुरंत राहत महसूस हुई। डॉ. विकास कुमार हर शनिवार को आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग में नियमित रूप से अपनी विशेषज्ञ सेवा देंगे। यह हजारीबाग और आस-पास के ज़िलों के लिए एक बड़ी राहत और सुविधा है, जिससे अब ब्रेन या रीढ़ की गंभीर समस्याओं के लिए रांची या अन्य महानगरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। शिविर के दौरान डॉक्टर विकास ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर मरीजों का इलाज किया, और उन्हें आगे के लिए बेहतर दवाई एवं सुझाव दिए. अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने इस अवसर पर कहा की आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य केवल रोग का उपचार करना नहीं है, बल्कि समग्र रूप से समाज के हर वर्ग तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना है। यह शिविर हमारे उसी संकल्प का एक भाग था।

संक्षिप्त खबरें


### बीएड, एमएड, बीपीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर एसडीओ ने लागू की निषेधाज्ञा आदेश

**हजारीबाग :** उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती ने बी0एड, एम0एड, बी0पी0एड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केंद्र के बाहर भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू की है। बी0एड, एम0एड, बी0पी0एड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 दिनांक 11 मई 2025 दिन रविवार को सदर अनुमंडल अंतर्गत कुल तेरह केंद्रों में संचालित होगी। 1. अनंदा कॉलेज हजारीबाग, 2. इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग, 3. ज्ञान ज्योति कॉलेज आफ फामेसी, 4. संत स्टेफेन स्कूल, 5.अमृत नगर हाई स्कूल, 6. डीएवी पब्लिक स्कूल, 7. मोंटफोर्ट स्कूल हजारीबाग, 8.अनंदा हाई स्कूल हजारीबाग, 9. संत रॉबर्ट गर्ल्स हाई स्कूल हजारीबाग, 10. संत कोलंबस कॉलेजिएट स्कूल, 11. संत रॉबर्ट हाई स्कूल, 12. बिहारी गर्ल्स हाई स्कूल हजारीबाग, 13. हिंदू प्लस टू हाई स्कूल हजारीबाग। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर परीक्षार्थी को छोड़कर अन्य व्यक्तियों की प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगी। परीक्षा केंद्र के ईर्द-गिर्द घातक हथियार, लाठी, आग्नेयास्त्र इत्यादि लेकर घूमने पर प्रतिबंध रहेगी। परीक्षा केंद्र में बुक, नोटबुक, पेपर, मोबाइल या अन्य वस्तुएं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अंदर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगी। लाउडस्पीकर आदि पर प्रतिबंध रहेगी। यह निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 11 मई 2025 को परीक्षा की समाप्ति तक सभी केंद्र पर लागू रहेगा। यह आदेश परीक्षा केंद्र पर लगे सरकारी पदाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी पर लागू नहीं होगा। यह आदेश परीक्षा केंद्र पर लगे सरकारी पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी/कर्मी पर लागू नहीं होगा।

### देश को गर्व है कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर : बटेश्वर मेहता

**हजारीबाग :** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने आज एक प्रेस वार्ता में देश की दो बहादुर बेटियों — कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह — की वीरता और पराक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में जिस साहस और निडरता का परिचय इन दोनों ने दिया है, वह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। देश की सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी को लेकर पूछे गए एक सवाल पर बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा, ҅आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं — सेना हो, विज्ञान हो या खेल। सोफिया और व्योमिका जैसे उदाहरण यह साबित करते हैं कि यदि अवसर मिले तो महिलाएं किसी भी मोर्चे पर पीछे नहीं हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि इन दोनों शूरवीर महिलाओं को राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इनसे प्रेरणा मिलती रहे। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा, हमें गर्व है कि इन दो बेटियों की बदौलत हमलोग अपने घरों में चैन की नींद सो पा रहे हैं। जिस प्रकार से इन्होंने हालिया सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, वह इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। इनकी वीरता देश की हर बेटी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका की बहादुरी की खबर जब आम जनता तक पहुँची, तो सोशल मीडिया से लेकर नुक्कड़ों तक इनकी चर्चा हो रही है। हजारों युवाओं ने सोशल मीडिया पर 'देश की बेटियों को सलाम' हैशटैग के साथ अपने विचार साझा किए। झारखंड के कई स्कूलों में इन दोनों वीर महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। देश जब-जब संकट में होता है, तब-तब ऐसे वीर योद्धा सामने आते हैं जो अपने अदम्य साहस से न केवल देश को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि करोड़ों लोगों को प्रेरणा भी देते हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ऐसी ही दो नाम हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि भारत की बेटियां अब केवल घरों की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि देश की सीमाओं की रक्षा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

### जागते रहो भारत यात्रा: महिला सुरक्षा और सम्मान के लिए अनूठी पहल



**चौपारण :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल, चौपारण में ҅जागते रहो भारत यात्रा҆ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देशभर में महिला सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या रीना पांडेय द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर की गई। इस यात्रा की शुरुआत 8 मार्च 2025 को माउंट आबू (राजस्थान) से हुई और यह 7 जून 2025 को संपन्न होगी, जिसमें 20 राज्यों का सफर तय करते हुए कुल 11,000 किलोमीटर की यात्रा की जाएगी। मुख्य अतिथि, राजेंद्र कुमार (हरियाणा) जम्मू वेन (गुजरात) शत्रुघ्न झा (बिहार) महिला सुरक्षा और सम्मान: विशेषज्ञों ने छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय बताए और महिला सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। यौन हिंसा के कारण: प्रवासी मजदूरों के सामाजिक जुड़ाव की कमी और यौन हिंसा के सामाजिक व मनोवैज्ञानिक कारणों पर चर्चा की गई। पाठ्यक्रम में यौन शिक्षा की जरूरत: विशेषज्ञों ने स्कूल पाठ्यक्रम में यौन शिक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल करने की अपील की, ताकि बच्चों को प्रारंभ से ही सही दिशा मिल सके। कार्यक्रम के बाद छात्रों और शिक्षकों में महिला सुरक्षा के मुद्दों को लेकर जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ी। अतिथियों ने विद्यालय सचिव श्री सतीश गिरजा और प्राचार्या श्रीमती रीना पांडेय की सराहना करते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आकर्षण रहा जम्मू वेन और शत्रुघ्न झा द्वारा प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति, जिसने विद्यालय परिवार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### भारतीय एकता सेवा संघ ने 11 कन्याओं को उपहार स्वरूप भेंट किया कुकर सेट

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड स्थित ग्राम बैहरी, सखिया, ओरिया एवं चानो में ग्यारह नवविवाहित कन्याओं को भारतीय एकता सेवा संघ संस्था के द्वारा सभी कन्याओं को आशीर्वाद के रूप में उपहार स्वरूप कुकर सेट दिया गया। जिसमे मुस्कान कुमारी पिता प्रभु साव ग्राम ओरिया, सीता कुमारी पिता छतरी गोप चानो, लक्ष्मी कुमारी पिता प्रेमचंद राम ग्राम सखिया, नीलम कुमारी पिता महावीर राणा ग्राम बैहरी, तन्नू कुमारी पिता तुलसी प्रसाद, प्रीति कुमारी पिता महावीर महतो ग्राम बैहरी, अलीशा कुमारी पिता नरेश प्रसाद उर्फ भोला, निकिता कुमारी पिता मनोज कुमार, ग्राम बैहरी, पुष्पा कुमारी पिता किशोरी महतो, रानी कुमारी पिता राजू प्रसाद ग्राम बैहरी, उर्मिला कुमारी पिता अशोक राम ग्राम चानो को उपहार स्वरूप कुकर सेट दिया गया। मौके पर उपहार देने मे संस्था के केन्द्रीय अध्यक्ष सिटी गोप, उपाध्यक्ष पूरन महतो, सचिव देवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, रामस्वरूप मिस्त्री, सुबल कुशवाहा, पंचम पासवान, डब्लू राणा, रवि कुमार, बिनोद कुमार, महावीर महतो, सूर्यभान मोर्या, अनिल कुमार, श्रीकांत कुमार, राजकुमार राणा, देव दीप कुमार, जागो यादव, मनोज यादव, रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, तुलसी यादव, राजकुमार राम, रंजन कुमार, रजित कुमार, त्रिवेणी प्रसाद, सिकंदर कुमार, सुरेश प्रसाद, शिवपाल यादव, बिरजू साव, तिलक गोप एवं काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### झारखंड के 11 जिलों में 13 को बारिश की संभावना

रांची: झारखंड के 11 जिलों में 13 मई को हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। राज्य के जिन इलाकों में बारिश होने की सम्भावना है उनमें दक्षिणी पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा और मध्यवर्ती जिले रांची, खूंटी, गुमला, हजारीबाग और बोकारो शामिल है। वहीं राज्य के कई जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 12 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज तथा 13 मई को बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में कहीं कहीं लू चलने की आशंका है। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री, जमशेदपुर में 39.6, डाल्टेनगंज में 38.8, बोकारो में 36.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### आरपीएफ ने एक नाबालिग को रेस्क्यू किया

रांची : रांची रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के डिविजनल सिक्योरिटी कमिश्नर पवन कुमार के निर्देश पर नाबालिग बच्चों को असामाजिक तत्वों के चंगूल से बचाने और उनका रेस्क्यू करने का काम लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रांची आरपीएफ मंडल की 'नन्हे फरिश्ते' टीम ने एक 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची को रांची रेलवे स्टेशन से सकुशल रेस्क्यू किया। टीम ने प्लेटफार्म संख्या एक पर चेकिंग के दौरान उक्त नाबालिग को अकेले बैठे हुए देखा । संदेह होने पर जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम और पता बताया । पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसके परिवार वाले उसकी जबरन शादी करवाना चाहते थे, जिससे परेशान होकर वह घर से भाग आई। लड़की को पूछताछ के बाद सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन, रांची को सौंप दिया गया। इस अभियान में महिला निरीक्षक सुनीता पन्ना, स्टाफ आरएस प्रधान, एसके सिंह, महिला स्टाफ रेनू तथा सोनू कुमावत शामिल थे।

### पावर ब्लॉक के कारण रांची और चक्रधरपुर मंडल की ट्रेनें रद

रांची : रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल में विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसमें ट्रेन संख्या 18175/18176, हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया मेमू एक्सप्रेस 11 मई से 26 मई तक और फिर 28 मई और 30 मई को रद्द रहेगी। इन ट्रेनों का बदला समय - ट्रेन संख्या 18310: जम्मू तवी-सम्बलपुर एक्सप्रेस 15 मई को अपने निर्धारित समय से 4 घंटे 30 मिनट देर से जम्मू तवी से चलेगी। ट्रेन संख्या 07051: चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 24 मई को अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 15 मिनट देर से चर्लपल्ली से चलेगी।

### जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल

रांची : प्रदेश जनता दल (यू) कार्यसमिति की बैठक 12 मई को आहूत की गयी है। पार्टी के प्रवक्ता सागर कुमार ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी दिन प्रदेश जदयू के नव निर्मित कार्यालय का उद्घाटन भी किया जाएगा। दिन के 11.30 बजे से प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की अध्यक्षता में बैठक होगी, जिसमें विधायक सरयू रॉय भी उपस्थित होंगे। बैठक रांची - पटना रोड में बीआईटी मोड़ के ऑपोजिट मॉडर्न स्कूल के समीप नव निर्मित पार्टी कार्यालय में होगी। इसमें संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# जनहित में काम नहीं होता तो वीआरएस ले लीजिये : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को जिले के अंचल निरीक्षकों और राजस्व उप निरीक्षकों की कार्यशैली उन्नयन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित कमरा संख्या-505 में आयोजित कार्यशाला में जिले के सभी अंचलों के वरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कार्यशाला के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और जन शिकायतों के नियमानुसार त्वरित निष्पादन, समाधान एवं कार्य संस्कृति उन्नयन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यूनिसेफ के प्रेमचंद की ओर से कार्यशाला में सभी राजस्व निरीक्षकों एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने प्रत्येक अंचल में हल्कावार लंबित दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा की। उपायुक्त ने संबंधित हल्का कर्मचारी से लंबित मामलों का कारण पूछा । उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों को अगले 7 दिनों में 10 डिसिमल तक के 90 दिनों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन के निर्देश दिये। उपायुक्त ने ऑर्डर जेनेरेशन, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, सीमांकन एवं परिशोधन पोर्टल में लंबित मामलों को भी 7 दिनों के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षकों और राजस्व उप निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में गुणात्मक सुधार करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन करें। दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में किसी तरह की तकनीकी समस्या आती है, तो जानकारी दें, ताकि राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर मामले का निष्पादन किया जा सके। कार्य में शिथिलता पर उपायुक्त ने कहा कि जनहित में कार्य नहीं होता, तो वीआरएस ले लीजिये। उपायुक्त ने कहा कि लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें। कार्यालय आनेवाले लोगों से शालीन व्यवहार करें। उन्हें सही और उचित जानकारी दें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आवेदक ही आएं, सभी यह सुनिश्चित करें कि बिचौलिये कार्यालय में न दिखें। कार्यालयों में बिचौलिए दिखे तो अबुआ साथी-9430328080 (जन शिकायत के लिए जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर) पर जानकारी दें, जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को मंगलवार के दिन आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश भी दिया।

## रांची में सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपी पकड़े गये, तीन नाबालिग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के चान्हो में नाबालिग छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपी पकड़े गए हैं। पांच आरोपियो में से तीन नाबालिग हैं। बता दें कि चान्हो इलाके में सात मई की रात एक नबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी थी। नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं अन्य दो आरोपी पंकज उरांव और मनीष उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने आठ मई को रांची के चान्हो थाना में एफआईआर दर्ज करवाई थी। दर्ज एफआईआर में नाबालिग ने यह बताया था कि वह अपने नाबालिग प्रेमी के बहकावे में आकर उसके साथ घूमने के लिए गई थी, जहां साजिश के तहत उसके प्रेमी ने अपने अन्य चार दोस्तों को वहां बुला लिया। फिर जान से मारने की धमकी देकर एक सुनसान जगह पर ले जाकर पांचों के द्वारा बारी बारी से दुष्कर्म किया। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही खलारी डीएसपी के नेतृव में एक टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया गया। मामले में टीम ने बेहतर कार्रवाई करते हुए टेक्निकल सेल की मदद से पांचों आरोपियो को धर दबोचा।

## रांची रेल मंडल मे चार अफसरों और जवानों को मिला डीजी इंसाइनिया अवॉर्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रांची :** भारतीय रेलवे सुरक्षा बल के 201 जवानों को उनके उत्कृष्ट सेवा और साहसिक कार्यों के लिए रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक की ओर से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन जवानों को प्रदान किया गया है, जिन्होंने रेलवे परिसरों में अपराधों की रोकथाम, यात्री सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में असाधारण प्रदर्शन किया।

**उत्कृष्ट सेवा के लिए डीजी ईनसाइनिया**

रेलवे परिसरों में अपराधों की रोकथाम और यात्री सुरक्षा में असाधारण योगदान के लिये पुरस्कार प्राप्त करने वालों में आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह, निरीक्षक लाल बहादुर, सहायक उपनिरीक्षक शक्ति सिंह और महिला प्रधान आरक्षी कल्पना कुमारी के नाम भी शामिल हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य आरपीएफ के जवानों की मेहनत और समर्पण को मान्यता देना है, जो भारतीय रेलवे की सुरक्षा और यात्रियों की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक ने इन जवानों की बहादुरी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। यह पुरस्कार समारोह भारतीय रेलवे की सुरक्षा में आरपीएफ के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करता है और अन्य जवानों को भी प्रेरित करता है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को और भी बेहतर तरीके से निभाएं। इन जवानों की बहादुरी और समर्पण भारतीय रेलवे की सुरक्षा को और मजबूत बनाएंगे और यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेंगे।

## जीएसटी घोटाला मामले के तीनों आरोपितों को 14 दिन की जेल, पीएमएलए कोर्ट का फैसला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने जीएसटी घोटाले के मास्टर माइंड शिव कुमार देवड़ा सहित तीन अन्य गिरफ्तार आरोपितों को शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया, जहां श्याम नंदन तिवारी की अदालत ने सुनवाई की और सभी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। आदालत के आदेश पर सभी आरोपितों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। ईडी ने शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता को शुक्रवार को कोलकाता से गिरफ़्तार किया था। मोहित देवड़ा, मास्टर माइंड का बेटा है। वह भी अपने पिता और अमित गुप्ता के साथ जीएसटी घोटाले को अंजाम देने में शामिल है। शिव कुमार देवड़ा और उसके गिरोह के सदस्य अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर एक नाम की कंपनियों का अलग-अलग जीएसटी लेने का काम करते थे। ईडी ने 8 मई को शुरू की गयी छापेमारी के दौरान पूछताछ के बाद शिव कुमार देवड़ा, मोहित और अमित गुप्ता को गिरफ़्तार किया था। ईडी ने छापेमारी के दौरान मास्टर माइंड शिवकुमार देवड़ा और अमित गुप्ता के कोलकाता स्थित ठिकानों से गलत तरीके से आइटीसी का लाभ लेने से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किया है। दस्तावेजों की जांच में यह पाया गया कि शिवकुमार देवड़ा का बेटा मोहित देवड़ा भी अपने पिता के साथ मिल कर सामग्रियों की खरीद बिक्री से संबंधित फर्जी बिल बनाता है। इससे पूर्व अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को ईडी ने गुरुवार को जमशेदपुर के जुगसलाई से गिरफ्तार किया था। भालोटिया को ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि गत गुरुवार को ईडी ने 800 करोड़ के जीएसटी घोटाला मामले में झारखंड और कोलकाता में 9 स्थानों पर छापा मारा था।ईडी ने रांची में तीन , जमशेदपुर में एक और कोलकाता में पांच स्थानों पर छापेमारी की थी। इसमें मामले में कुल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

## देश के लिए मर मिटने वाले जवानों को अपमानित किया जा रहा : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जहां एक ओर पूरे देश में सैनिकों के सम्मान में फूल बरसाए जा रहे हैं, उनकी वीरता और शौर्य की गाथाएं सुनाई जा रही हैं, लोग उन्हें गर्व से सलाम कर रहे हैं। दूसरी ओर झारखंड में हेमंत सरकार के संरक्षण में असामाजिक तत्वों की ओर से वीर शहीद जवान राजकुमार महतो की मूर्ति को तोड़ा जा रहा है, देश के लिए मर मिटने वाले जवानों को अपमानित किया जा रहा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जब देश अपनी सीमाओं पर पाकिस्तान की नापाक हरकतों से जूझ रहा है, जब हमारे सैनिक अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं, तब झारखंड में कुछ जयचंद किस्म के लोग इस देश की नींव को कमजोर करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों ने अपनी जान को दांव पर लगाकर, हमारे देश को बचाने का कर्ज चुकाया है। ऐसे कायरों और गद्दारों को यह समझना होगा कि जो शहीदों के अपमान में शामिल हैं, वे देश के हर नागरिक की आत्मा पर चोट कर रहे हैं, वे भारत पर चोट कर रहे हैं। इसके बाद एक प्रश्न जो हर झारखंड और देशवासियों के मन में है कि कौन हैं वे लोग, जिनकी आंखों में हमारे शहीदों की वीरता चुभ रही है। कौन हैं वे लोग, जो देश की धरती पर पलकर, उसी की शान के खिलाफ काम कर रहे हैं और पाकिस्तानियों की तरह हरकतें कर रहे हैं। चूंकि यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, पूरे राष्ट्र की भावनाओं से जुड़ा मामला है, इसलिए प्रशासन से मांग करता हूं कि दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## झारखंड के किसान मालिक बनें, मजदूर नहीं : कृषि मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के किसान मजदूर नहीं, बल्कि मालिक बनें। राज्य के खेतिहर किसानों को अपनी भूमिका मालिक के तौर पर निभानी होगी। वे खुद की जमीन पर उन्नत कृषि के सहारे लाखों का रोजगार कर सकते हैं। कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाएं किसानों को बेहतर अवसर प्रदान कर रही हैं। ये बातें राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के बनहोरा जतरा मैदान में जिला स्तरीय कृषि कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। शनिवार को बनहोरा मैदान में कृषि प्रदर्शनी के साथ-साथ विभाग की योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल्स भी लगाए गए थे । गांव के लोगों को स्टॉल्स पर विभाग की ओर से संचालित अलग-अलग योजनाओं को लाभ लेने से संबंधित प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि बहुत दुख के साथ ये कहना पड़ता है कि आज लोग खेती-बाड़ी के बजाय दूसरों के घर मजदूरी करना पसंद करते हैं। वो भी तब, जबकि पहले जहां एक एकड़ में 25 हजार का मुनाफा किसानों को होता था , वहीं बदलते हुए तकनीक में उन्नत कृषि के साथ ये मुनाफा अब एक लाख तक पहुंच गया है। इसके लिए सिर्फ सही फसल और कृषि की उन्नत विधि से किसानों को जुड़ने की जरूरत है। मंत्री ने सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी नामक एफपीओ का जिक्र करते हुए उसकी उपलब्धि को बताया। उन्होंने कहा कि आज इस एफपीओ का सालाना कारोबार एक करोड़ रुपये के आसपास तक पहुंच गया है। ऐसा सामूहिक प्रयास और कड़ी मेहनत की बदौलत हो सका है। यही वजह है कि विभाग की तरफ से सरहुल आजीविका को 15 लाख रुपए का ग्रांट दिया गया है।

कृषि कर्मशाला में विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। झारखंड के ग्रामीण शूकर पालन करते है लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि झारखंड के शूकर की मांग पूरे देश में है। शूकर पालन के जरिए बेहतर मुनाफा और व्यापार किया जा सकता है। राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आज आपके गांव- घर में कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग खुद योजनाओं की सौगात लेकर पहुंची है। गांव के किसान विभाग की योजनाओं से जुड़कर कृषि क्षेत्र में अपने भविष्य को संवार सकते है। उन्होंने ने कहा कि राज्य के युवाओं को अगर रोजगार के लिए पलायन से बचना है, तो उन्हें कृषि , पशुपालन , मत्स्य पालन और सहकारिता से जुड़ना होगा। विभाग किसानों को आज हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। लेकिन इसके लिए विभागीय प्रक्रिया को पूरा करना होगा और इसी उद्देश्य से कर्मशाला का आयोजन किया गया है। कृषि मंत्री ने कर्मशाला के दौरान सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और सरई फूल महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को 15-15 लाख का ग्रांट दिया। किसान समृद्धि योजना के तहत पुनीता खलखो और सुमन उरांव को भी योजना का लाभ दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विवेकानन्द केन्द्र ने झारखंड में शुरू किया युवा भारत अभियान



**रांची :** स्वामी विवेकानन्द के मानव निर्माण और राष्ट्र पुनरूत्थान के दृष्टिकोण से प्रेरित अनेक आध्यात्मिक सेवा संगठन हैं जो वर्षों से काम कर रहे हैं। रांची में भी विवेकानन्द केन्द्र है, जिसकी ओर से शनिवार को राजभवन में युवा भारत अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने शुभकामनाएं दी और युवा वर्ग को अभियान से जुड़ने का संदेश दिया।युवा भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और सशक्त बनाना है। कार्यशालाओं, नेतृत्व कार्यक्रमों, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक सेवा के माध्यम से यह अभियान झारखंड के 10 हजार युवाओं में सेवा, देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर बिहार झारखण्ड प्रान्त के संचालक शिव शंकर प्रसाद, नगर संचालक जयंत कुमार झा, विभाग संपर्क प्रमुख श्रेयांस भारद्वाज और जीवनव्रती कार्यकर्ता चिराग परमार उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानन्द के दृष्टिकोण से प्रेरित अनेक संगठन आज भी काम कर रहे हैं और लोगों को प्रेरणा दे रहे हैं। इन संगठनों का उद्देश्य मानव विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए काम करना है। वास्तव में स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि मानव निर्माण, राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने शिक्षा, आत्म-विश्वास, और सेवा भावना पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को अपनी क्षमता पर विश्वास करने और राष्ट्र के उत्थान में योगदान करने के लिए प्रेरित किया।

### आरपीएफ ने एक नाबालिग को रेस्क्यू किया




**रांची:** रांची रेलवे सुरक्षा बल के डिविजनल सिक्योरिटी कमिश्नर पवन कुमार के निर्देश पर नाबालिग बच्चों को असामाजिक तत्वों के चंगूल से बचाने और उनका रेस्क्यू करने का काम लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रांची आरपीएफ मंडल की 'नन्हे फरिश्ते' टीम ने एक 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची को रांची रेलवे स्टेशन से सकुशल रेस्क्यू किया। टीम ने प्लेटफार्म संख्या एक पर चेकिंग के दौरान उक्त नाबालिग को अकेले बैठे हुए देखा। संदेह होने पर जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम और पता बताया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसके परिवार वाले उसकी जबरन शादी करवाना चाहते थे, जिससे परेशान होकर वह घर से भाग आई। लड़की को पूछताछ के बाद सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन, रांची को सौंप दिया गया। इस अभियान में महिला निरीक्षक सुनीता पन्ना, स्टाफ आरएस प्रधान, एसके सिंह, महिला स्टाफ रेनू तथा सोनू कुमावत शामिल थे।

### अब अस्पताल शव को नहीं रोक सकेंगे स्वास्थ्य विभाग का निर्देश जारी

**रांची:** झारखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अस्पताल किसी भी हालत में शव रोक कर नहीं सकेंगे। मृतक के परिजनों परेशान नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी उपायुक्तों और सिविल सर्जनों को पत्र भेजकर केंद्र के इस निर्देश को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने राज्य के सभी उपायुक्त और सभी सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। पत्र में सभी उपायुक्त को अपने-अपने जिले में यह सुनिश्चित कराने को कहा है कि किसी भी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीजों की मौत होने के बाद शव को इसलिए नहीं रोक कर रखा जाए, क्योंकि इलाज का बिल बकाया है। क्या है नया नियम ? नये नियम के तहत, अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु के बाद बिल का भुगतान नहीं होने पर भी शव नहीं रोका जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मरीजों की शिकायतों को सुलझाने एवं चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने के लिए एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पेशेंट राइट एवं रेस्पांसिबिलिटी चार्टर को लागू किया है। अस्पतालों को शव यथाशीघ्र और सम्मानपूर्वक ढंग से परिजनों को सौंपना होगा। किसी भी कारण से शव को रोका नहीं जा सकता है। सभी अस्पतालों में पेशेंट राइट एवं रेस्पांसिबिलिटी चार्टर को प्रदर्शित करना होगा।

### 155वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 155 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एक श्याम भक्त परिवार एवं सभी सदस्यों सेवको ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। एक श्याम भक्त परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था । प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव आलू कद्दू लौकी मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी गुलाब शरबत टॉफी बिस्किट एवं खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था।

# फ्लाइओवर मरम्मती के दौरान वैकल्पिक मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था होनी चाहिए : डीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने शनिवार को बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत के दौरान निर्धारित वैकल्पिक रूट का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने झारखंड मैदान मोड़, बरमसिया एफ.सी.आई. गोदाम, धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के मार्ग पर अतिक्रमण दूर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि फ्लाईओवर मरम्मती के दौरान वैकल्पिक मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को तीन शिफ्ट में काम चालू रखने एवं उसे समय पर पूरा करने तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी तथा अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मरम्मती के प्रथम चरण में फ्लाईओवर का एक भाग बंद रहेगा। जबकि दूसरे भाग से हल्के वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी। एक पखवाड़ा के बाद कार्य प्रगति की समीक्षा कर आगे का निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने मटकुरिया से आरामोड़ तक बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एक व्यापक योजना है : डीसी

**धनबाद :** 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत किया जाएगा लोगों को जागरूक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक योजना है जो बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार करके उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने का लक्ष्य रखती है। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एक व्यापक योजना है। जिसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत 15 से 30 जून तक धनबाद जिला में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें जनजातीय गांवों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना शामिल है। इसके तहत सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव गांव तक सड़क, हर घर बिजली, हर घर सोलर से बिजली, शिक्षा के लिए हॉस्टल, दूर दराज गांवों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, मोबाइल मेडिकल वैन सुविधा, सभी को वन पट्टा उपलब्ध कराना, कौशल विकास योजना का लाभ, कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहन, पीएम मत्स्य संपदा योजना का लाभ देना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना का लाभ, स्वदेश दर्शन, जनजातीय द्वारा बनाए प्रोडक्ट को मार्केट तक पहुंचाने के लिए मल्टी पर्पस मार्केटिंग सेंटर बनाने, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ, फ्री एलपीजी कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देना, सबको पोषण, आंगनबाडी केंद्र, पोषण वाटिका समेत कई विभिन्न योजनाओं का लाभ जनजातीय लाभुकों को पहुंचाना है।

## अवैध बालू लदा 2 ट्रैक्टर जब्त, एफआईआर दर्ज



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निदेशीनुसार जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स ने शनिवार को महुदा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा 2 ट्रैक्टर जब्त किया है। साथ ही महुदा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि आज 11:00 बजे पूर्वाहन खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, खान निरीक्षक श्री सुमित प्रसाद एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध महुदा थाना में औचक जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में भुरुंगिया ग्राम के पास बोकारो धनबाद मुख्य पथ पर आ रहे दो बालू लदे ट्रैक्टरों, जिसका निबंधन संख्या, डाला संख्या, इंजन संख्या एवं चेचिस संख्या अस्पष्ट पाया गया, को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा गया। दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर वाहन मालिकों, वाहन चालकों, वाहन पर लदे बालू खनिज एवं इसमें संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत महुदा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# ए'ला एंग्लाइज विद्यालय में हस्तकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** ए'ला एंग्लाइज विद्यालय में पिछले दिनों आयोजित हस्तकला प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। आज नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. वर्गों के प्रतिभागियों के लिए एक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि जागृत करना और उनकी कल्पनाशक्ति को मंच देना था। बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से आकर्षक हस्तकृतियाँ बनाई, जिनमें रंग-बिरंगे चित्र, हथेली छपाई और सृजनात्मक आकृतियाँ शामिल थीं। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानाचार्य विजयंत कुमार द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और उपहार भेंट किए गए। नर्सरी वर्ग, एल.के.जी. और यू.के.जी. के तीनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नर्सरी वर्ग में प्रथम स्थान अनमोल यादव वही दूसरा एवं तीसरा स्थान माहिरा रज्जा एवं हिमांशु कुमार ने हासिल किए। एल.के.जी. वर्ग में प्रथम स्थान जानवी मुर्मू और दूसरा स्थान सवि राज तथा तीसरा स्थान ध्रुव करमाली को मिला। यूकेजी वर्ग में प्रथम स्थान अन्वी कुमारी, द्वितीय स्थान सत्या कुमारी और तृतीय स्थान अपूर्वा विश्वकर्मा ने हासिल किये।

## मनरेगा की अधूरी योजनाओं को जल्द पूरा करें : डीसी

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी व डीडीसी संदीप कुमार मीणा ने शनिवार को जगन्नाथपुर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मनरेगा व अन्य योजनाओं का जायजा लिया। इससे पहले डीसी व डीडीसी ने जगन्नाथपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक कर बीडीओ व 16 पंचायतों के कर्मियों की उपस्थिति में मनरेगा व अबुआ आवास योजना के कार्यों पर चर्चा की। अधिकारियों व पंचायत कर्मियों को अधूरे काम को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

# बिरसा कॉलेज में पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** बिरसा कॉलेज के मुंडारी विभाग में शनिवार को पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुंडारी विभाग के एमए और बीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जोके किड़ो, राजकुमार गुप्ता, डॉ सीके भगत, किरण, डॉ अभिषेक, अनंत, शिल्पी, संगीता, सुनीता और मुंडारी विभाग की विभागाध्यक्ष सावित्री कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर इंदिरा कोनगाड़ी, वासुदेव हास्सा, काली मुंडु, सिजरेन सुरीन, आदि उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जोके किड़ो और अन्य शिक्षकों का तथा विद्यार्थियों की ओर से गोवारी दुराड गीत गाए गए। पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायकों की ओर से पॉट पेंटिंग का आंकलन किया गया। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या ने पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने अंदर की क्षमता, हुनर एवं गुण को पहचानने की आवश्यकता है और आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लें। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक ने पेंटिंग को इतिहास की कड़ियों से जोड़ते हुए कहा कि पेंटिंग का इतिहास बहुत पुराना है। उन्होंने मृदभांड से संबंधित जानकारियां साझा की और कहा कि यह परंपरा से चली आ रही पारंपरिक विधि से जुड़ा हुआ है जो आज हमारे सामने आधुनिक रूप में प्रस्तुत है। राजकुमार गुप्ता ने पेंटिंग प्रतियोगिता की सराहना करते हुए चित्रांकन एवं हस्तकला की विशेषता के बारे में जानकारी दी। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमए सेमेस्टर 4 के विद्यार्थी रहे।

# रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 164 वीं जयंती के उपलक्ष्य में झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के ओर से बलियापुर रोड कोला कुसमा, मंझिलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल के सभागार में शुक्रवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। इस रविन्द्र जयंती कार्यक्रम में जेपी हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रदीप मंडल की अध्यक्षता में सभा का आयोजन हुआ। इस सभा के मुख्य वक्ता के रूप में बीसीसीएल के पूर्व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ए. एम.राय, डॉक्टर एन. एम.दास, झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के संस्थापक बेणु ठाकुर उपस्थित थे। इनके अलावा कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व विभाग अध्यक्ष शर्मिला बनर्जी भी उपस्थित थी। साथ ही संस्था के उपसभापति भवानी बंदोपाध्याय झारखंड बांग्ला भाषा के युवा मोर्चा के अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, तमाल राय, गोविंदपुर से बुवाई दत्ता भी उपस्थित थे। संस्था के धनबाद जिला समिति के अध्यक्ष सुचित रंजन मुखर्जी एवं संपादक, पार्थो सरोती दत्ता, अनिल कुंभकार, पिया बनर्जी, मंजू दत्ता, शिबू चक्रवर्ती, एवं गोविन्दो ठाकुर, प्रणव देव साथ में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने कवि गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर के विचारों पर तथा उनके एक उपन्यास कार, लेखक एवं एक कवि के रूप में जो उन्होंने विचार व्यक्त किए है।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** नालसा के निर्देश पर वर्ष 25 के दूसरे नेशनल लोक अदालत मे, शुरुआती दो घंटे में ही एक अरब 9 करोड़ 37 लाख 14 हजार 556 रूपए की रिकवरी कर कुल दो लाख 40 हजार 702 विवादों का निपटारा कर दिया गया। वहीं दुर्घटना में पति की मौत के बाद बेसहारा हुई ब्रिजमणी शर्मा को 99 लाख रूपए का मुआवजा का चेक मौके पर भुगतान कराया। चेक मिलने के बाद ब्रिजमणी काफी भावुक हो गई और कहा कि डालसा ने उन्हें एक नया जीवन दिया है इसके पूर्व नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को रांची झालसा से ऑनलाइन न्यायमूर्ति सुजित नारायण प्रसाद ने किया वहीं। धनबाद मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है, हर तीन माह में यह आयोजन किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। सीटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। लोगों मे प्रेम, शांति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। मंच का संचालन एलएडीसीएस के सुमन पाठक एवं मुस्कान ने किया।

**दो लाख 40 हजार 702 विवादों का निपटारा**

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि विवादों एवं मुकदमों के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा शुरुआत के पहले दो घंटे मे विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा कर दो लाख 40 हजार 702 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया जिसमें 2 लाख 7 हजार 485 प्रिलेटिगेशन मामले, जबकी 33 हजार 217 विभिन्न तरह के लंबित मुकदमे निष्पादित किए गए जिसमे कुल एक अरब 9 करोड़ 37 लाख 4 हजार 556 रुपए की रिकवरी भी की गई। मौके पर ही मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित एक मामले में ब्रिजमनि शर्मा को 99 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। ब्रिजमणि के अधिवक्ता बीके सिन्हा ने बताया कि बृजमणी के पति स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पी. के. राय मेमोरियल कॉलेज में प्रोफेसर थे। कॉलेज जाने के दौरान वर्ष दो हजार उन्नीस में ऑटो वाले ने उन्हें धक्का मार दिया था जिनके कारण उनकी मौत हो गई थी। न्यायाधीश श्री मयंक ने बताया कि शुभम सिंह को रेस्टोरेंट चलाने के लिए 50 लाख रुपए का लोन मौके पर दिलवाया गया, जबकि मुर्गी पालन के लिए बबीता देवी को 20 लाख का लोन का चेक, मां इलेक्ट्रॉनिक्स को दस लाख रुपए के लोन विवाद को मौके पर निपटा दिया गया।

## एक नजर

### ढाबा मालिक के साथ मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिम सिंहभूम :** शहर के बाईपास रोड स्थित सिकुरसाई बैंड के पास स्थित एक ढाबे में शुक्रवार देर रात मलिक ढाबा के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। तीन अज्ञात व्यक्ति ढाबा मालिक बलभद्र के ढाबे पर पहुंचे और दरवाजा जोर-जोर से पीटकर खुलवाने लगे। ढाबा बंद हो चुका था, लेकिन जोर-जबरदस्ती के बाद जैसे ही ढाबा मालिक ने दरवाजा खोला, उनमें से एक व्यक्ति ने हथियार निकाल लिया और धमकी भरे लहजे में कहा कि जल्दी से लड़की और शराब लाओ। ढाबा मालिक बलभद्र ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया और बताया कि उसका ढाबा एक सामान्य भोजनालय है, और यहां इस प्रकार की कोई गैरकानूनी गतिविधि नहीं होती। इस पर तीनों लोग भड़क उठे और बलभद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। ढाबा मालिक के अनुसार, उन लोगों ने उस पर आरोप लगाए कि वह इस प्रकार के अवैध कार्य करता है और उन्हें इस बारे में सूचना मिली है। इसके बाद वे लोग बलभद्र को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर कुछ दूरी पर ले गए और वहां भी उसके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की। पूछताछ के दौरान तीनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। इनमें से एक व्यक्ति ने दावा किया कि वह डीएसपी है और हाल ही में, करीब आठ दिन पहले ही चाईबासा के मुफस्सिल थाना में पदभार ग्रहण किया है। घटना के बाद तीनों व्यक्तियों ने ढाबा मालिक को चेतावनी दी और कुछ 'हिदायतें' देकर वहां से चले गए। डर और असमंजस की स्थिति में रात बीताने के बाद ढाबा मालिक बलभद्र ने शनिवार की सुबह हिम्मत जुटाकर मुफस्सिल थाना पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। ढाबा मालिक का कहना है कि उसने यह कदम इसलिए उठाया ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों और अन्य व्यवसायियों के साथ कोई अनहोनी न हो। उसका मानना है कि यदि ऐसे मामलों पर समय रहते कार्रवाई न की जाए तो यह प्रवृत्ति बढ़ सकती है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार ढाबा मालिक के दिए गए बयान के आधार पर संभावित आरोपितों की पहचान की कोशिश की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या वाकई उन तीनों में से कोई पुलिसकर्मी था या फिर यह सब महज धोखाधड़ी का हिस्सा था।

### श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में मनाया गया मातृ दिवस

**कोडरमा :** पानी टंकी स्थित श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में मातृ दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बच्चों ने अपनी स्पीच में कहा कि मां सिर्फ एक शब्द नहीं बल्कि इमोशन है। क्योंकि उनके प्यार का कोई मोल नहीं है। उनके लिए कुछ भी कर लें तो वह छोटा होगा। अक्सर देखा जाता है कि जब कोई मुसीबत में होता है तो सबसे पहले वह मां को पुकारता है। क्योंकि वह उनके साथ हर तरह की बातें की शेयर कर सकता है। वह अपने आप को उनसे ज्यादा करीब महसूस करता है। वैसे तो मां को स्पेशल फील कराने का कोई दिन नहीं होता है लेकिन अगर हम मां के लिए मदर्स पर कुछ खास करें तो वह उन्हें ताउम्र याद रखेंगी। आज हम कुछ ऐसे आइडियाज देंगे जिसे करके आप उन्हें स्पेशल फील करा सकते हैं। इस अवसर पर बच्चों की मम्मियों ने अपने बच्चों के साथ डांस और अनेक प्रकार के खेल जैसे बैलून फुलाना, चॉकलेट रेस, सेव एण्ड वैलून तथा एक्सन बर्ड आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें अंजली गुप्ता, पूनम सेठ, पूजा सिंह, सीमा, नीतू आदि अभिभावकों को रेंप डांस कर सभी ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।


## संक्षिप्त खबरें

### इंद्रजीत महतो का हालचाल जानने पहुंचे टुंडी विधायक मथुरा महतो और युवा नेता दिनेश महतो



**धनबाद :** पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो लंबे समय से क्षेत्र की जनता के बीच लोकप्रिय रहे हैं और उनके स्वास्थ्य को लेकर समर्थकों में चिंता का माहौल देखा जा रहा है सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो के अस्वस्थ रहने की सूचना पर शनिवार को कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उनका हालचाल जानने पहुँचे। टुंडी से विधायक सह झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने इंद्रजीत महतो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ मौलाना मुश्ताक अंसारी, युवा नेता दिनेश महतो, अभिषेक पाल और प्रशांत कुमार महतो भी मौजूद रहे। सभी ने इंद्रजीत महतो के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

### तेतुलमारी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



**धनबाद :** तेतुलमारी थाना कांड संख्या 37/2020 धारा 307/34/120इ IPC &27 आर्म्स एक्ट & कारागार अधिनियम की धारा 46 के अप्राथमिकी अभियुक्त छोटू सिंह उर्फ इल्लू उर्फ आशीष रंजन पिता अवधेश राय सा ख. उ. मल्लिक रोड हीरापुर थाना धनबाद जिला धनबाद के घर पर धनबाद थाना के पुलिस पदाधिकारी संगीता कुमारी के सहायता से कांड के अनुसन्धानकर्ता सह तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव द्वारा न्यायलय द्वारा निर्गत इश्तेहार विस्पा को बिधिवत करवाई आसपास के स्थानीय लोगों की उपस्थिति में इश्तेहार को चिपकाया।

### जीएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे



**डोमचांच :** स्थित जीएस पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बहुत ही भावपूर्ण और यादगार रूप से मनाया गया। निदेशक नितेश कुमार के शब्दों में माँ की ममता और महत्व को बखूबी व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के नृत्य और बैनर प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। विद्यालय में अभिभावक तथा मदर टीचर्स को सम्मानित करके मातृत्व का सम्मान करने की एक अच्छी पहल की। यह आयोजन न केवल मदर्स डे का उत्सव मनाने के लिए था, बल्कि माताओं के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए भी था। बतादें की डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मदर्स डे के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नन्हे मुन्हे बच्चों ने एक से बढ़कर एक बैनर व नृत्य कर सभों का मन मोहा। कार्यक्रम में निदेशक नितेश कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ की ममता का आंगन जिस प्राणी को मिलता हो उससे अधिक शौभाग्यशाली संसार में कोई दूसरा नही होता। माँ एक बच्चे के जीवन में मार्गदर्शक, एक दोस्त की तरह और प्रेरणाश्रोत की भूमिका निभाती है। वह अपने बच्चों की खुशी के लिए बहुत तकलीफें सहती है, बदले में कुछ नही चाहती। मां की ममता ऐसी ही होती है। मदर्स डे सिर्फ एक दिवस के तौर पर नही बल्कि इस दिन सभी को अपनी माँ को फूल, उपहार, कार्ड और मिठाइया देकर अपनी माँ के साथ बैठकर बातें करने चाहिए उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करनी चाहिए। इस मौके पर विद्यालय में सभी मदर टीचर्स को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनिदेशक नीरज कुमार, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर इलियास अंसारी, ममता सिन्हा, सुशीला कुमारी, जानकी गुप्ता, पूजा साव, नेहा भारतपुरिया, रुबी कुमारी, नेहा श्री, अनीता थापा तथा अन्य अभिभावक तथा बच्चे उपस्थित हुए।

### होम बेस थेरेपी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** फ्रांसिस्कन क्लैरिस्ट सिस्टर सोसाइटी जन विकास समिति वाराणसी संयुक्त से आई.डी.सी.वाई.डी.प्रोजेक्ट के तहत होली फैमिली हॉस्पिटल के सभागार में न्यूट्रिशन फीड वितरण एंड ट्रेनिंग ऑफ पेरेंट्स पी. डब्लू. डी. ऑन होम बेस थेरेपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रशिक्षणकर्ता संस्था होली फैमिली हॉस्पिटल के संरक्षक सिस्टर जसी के द्वारा पौष्टिक आहार के साथ संतुलित आहार के बारे में इस कार्यक्रम में भाग लिए दिव्यांगजन, अभिभावकों एवं डीपीओ सदस्यों को यह समझाने का प्रयास किया कि शरीर स्वस्थ रखने के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ रखना अति आवश्यक है जिसके लिए प्रोटीन युक्त कैल्शियम आयरन वास से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन अपने प्रतिदिन के भोजन में संतुलित मात्रा में लेने की आवश्यकता है एवं खास करके दिव्यांग बच्चों को संपूर्ण विकास के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है तभी वह हर एक क्षेत्र में कामयाबी पा सकते हैं। इस कार्यक्रम उपस्थित दिव्यांगजनों को यह बताने का प्रयास किया कि प्रतिदिन समय सारणी के अनुसार संतुलित पौष्टिक आहार एवं साथ भरपूर नींद लेने की आवश्यकता होती है। जिससे मानसिक तनाव कम किया जा सकता है। एवं गीता क्लीनिक झुमरी तिलैया कोडरमा के डॉक्टर अरुण कुमार अबोध के द्वारा गृह आधारित एक्सरसाइज और थेरेपी के बारे में बताने का कार्य किया इस कार्यशाला में 105 दिव्यांगजन एवं अभिभावकों ने भाग लिया। जिसके बीच हॉर्लिक्स, मूसली, सोयाबीन बरी, चना, चना दाल, हरा मूंग के साथ अन्य पौष्टिक आहार 50 दिव्यांग सी. पी. बच्चों के बीच वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था संयोजिका का सिस्टर लीला जोश, सूरज कुमार पांडेय, दिलीप कुमार पाण्डेय, रंजीत कुमार सिंह, पुष्पा रानी, सलोनी खलखो, फ्रांसिस मुर्मू, सनी कुमार ने सहयोग प्रदान किया। मंच का संचालन संस्था पर्यवेक्षक सुनील कुमार दास एवम सी बी आर स्टॉफ जय मंगल कुमार शाही के द्वारा किया गया।

## एक नजर

### एसपी ने नौ पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर



**लोहरदगा :** जिला मै बालू का अवैध कारोबार धडल्ले से हो रहा है। एसपी हारिश बिन जमा खुद सड़क पर शुक्रवार देर रात निकले तो उन्हें भी बालू लदे अवैध टैक्टर धडल्ले से दौडते नजर आए । एसपी ने तत्काल कारवाई करते हुए नौ पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। लोहरदगा मे पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि बालू का अवैध परिवहन हो रहा है। सच क्या है यह देखने के लिए लोहरदगा एसपी खुद सड़क पर निकल पड़े। जो कुछ भी नजर आया, उसके बाद लोहरदगा एसपी ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। खुद लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने इस मामले की पुष्टि की है। बालू के अवैध परिवहन के मामले में लोहरदगा में बड़ी कार्रवाई हुई है। लोहरदगा एसपी ने पूरे मामले की जांच कराई और खुद भी मामले की सत्यता जानने को लेकर सड़क पर निकले थे। जिसमें पाए गए तथ्यों के आधार पर एसपी ने कार्रवाई की है । लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने बालू के अवैध परिवहन के मामले में नौ पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। ये पुलिसकर्मी थाना ड्यूटी नहीं करेंगे। इनमें भंडरा, लोहरदगा और सेन्हा थाना के पुलिसकर्मी शामिल हैं। लोहरदगा एसपी की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि लोहरदगा शहर के साथ-साथ सेन्हा और भंडरा ब्लॉक में रात के समय बालू के अवैध परिवहन के मामले में लगातार मिल रही शिकायतों के बीच लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

# डायन कुप्रथा को समाप्त करना अति आवश्यक : न्यायाधीश सुजीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय लोक अदालत और राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन शनिवार को नया नगर भवन में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी भी मौजूद थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि आपके बीच कानूनी सहायता संबंधी जानकारी देना, कल्याणकारी योजनाओं को आप तक पहुंचाना इस राज्य स्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य है।



विभिन्न विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है जिससे बच्चों को कानूनी जानकारी मिलती है और अन्य को भी वे जागरूक करते हैं। झालसा-डालसा आप सभी को कानूनी सहायता या अन्य किसी प्रकार की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। प्रत्येक गांव और पंचायत में पारा लीगल वॉलेंटियर्स हैं जो आपकी सहायता के लिए तत्पर हैं। हमारा उद्देश्य किसी भी प्रकार की भेदभाव को समाप्त करना है। प्रसाद ने कहा कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में डायन कुप्रथा व्याप्त है। इसे समाप्त करना अति आवश्यक है। शिक्षा से इसे दूर किया जा सकता है। दूर-दराज क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षित करना अतिआवश्क है तभी डायन प्रथा जैसी कुरीति को दूर किया जा सकेगा। शिक्षा से ही सती प्रथा जैसी कुरीति दूर हो सकी। आज महिलाएं कई क्षेत्रों में पुरूषों से आगे निकल गयी हैं। हर सेवा में अपना योगदान दे रही हैं। महिला सशक्त हो रही है जिसका आत्मविश्वास समाज और देश को आगे ले जाएगा। उन्होंने ने कहा कि यहां कामकाजी महिलाओं-युवतियों को महिला स्वयं सहायता से जोड़ा जाना चाहिए ताकि ह्यूमन ट्रैफिकिंग रुक सके। ओल्ड एज होम में अटल क्लिनिक की व्यवस्था रहे ताकि वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच ओल्ड एज होम में ही हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालतों में झालसा को केस निष्पादन में दो बार प्रथम स्थान मिला है। यह आप सभी का प्रयास है। इस अवसर पर न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी ने कहा कि लोक अदालत की गठन के बाद कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अदालत हमेशा कार्य करती रही हैं। आपसी सहमति से किसी मामले का निवारण किया जाना सबसे बेहतर विकल्प है। इससे न सिर्फ भाईचारा बढ़ता है बल्कि भविष्य में रिश्तो को ठीक करने का विकल्प खुला रहता है।

## अवैध हथियार के साथ कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, बड़ी वारदात की योजना नाकाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत टी.ओ.पी.-2 के कान्दू मुहल्ला गोरहो मंदिर के समीप शुक्रवार देर रात वारदात की योजना बनाते एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल, चाकू बरामद किया गया। आरोपित की पहचान नितेश शर्मा उर्फ राहुल शर्मा के रूप में हुई है। नीतेश कान्दू मुहल्ला का रहने वाला है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने शनिवार को जानकारी दी कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराधी किसी गंभीर आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में छिपे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए टीओपी दो के प्रभारी सहायक अवर निरीक्षक राकेश कुमार ने टाइगर मोबाइल दल के साथ मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम ने जब गोरह मंदिर जाने वाले रास्ते के समीप स्थित गली में तलाशी ली, तो देखा कि अंधेरे में झाड़ियों के पास तीन-चार लोग छिपे हुए हैं। पुलिस को देखते ही सभी व्यक्ति भागने लगे। इस दौरान एक युवक नितेश शर्मा उर्फ राहुल शर्मा पकड़ा गया। उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल, चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि वह तेजा उर्फ विशाल शर्मा और दो अन्य साथियों के साथ किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा था। नितेश शर्मा 13 अप्रैल 2025 को रेलवे स्टेशन के पास हुई कार्रवाई में फरार हो गया था। उसके खिलाफ डकैती, लूट, धमकी और आर्म्स एक्ट के कुल छह मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अन्य अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** दिल्ली पब्लिक स्कूल में एनइपी का पालन करते हुए विद्यालय परिवार ने शनिवार को विद्यालय परिसर में मदर्स डे के साथ ही बैगलेस डे का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर स्कूल के वर्ग पांच की निशा, आयुष और वर्ग चार के पोर्श मिश्रा और रिया ने सोशल मीडिया के पक्ष और विपक्ष पर विचार व्यक्त किये। नर्सरी कक्षा के प्रतिभागी इशानी, अनुष्का, हर्ष, अक्ष और अंश ने अपने डांस से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका ममता मिश्रा और शिक्षक पीयूष, माधुरी, श्वेता, शिवांगी, काजल, अंकिता और अनन्या ने बच्चों की अनुभवात्मक शिक्षा गतिविधि को शामिल करते हुए बच्चों के लिए आनंददायक, तनाव मुक्त शिक्षण पद्धति और इसे वैश्विक दुनिया के अनुप्रयोगों से कैसे जोड़ा जाए, जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किये। बच्चों की माताओं ने भी अपने अनुभवों को साझा किया और अपने बच्चों के साथ कार्ड बनाओ प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियों में भाग लिया। मौकें पर सुप्रिया को मदर ऑफ द डे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड आंदोलनकारी फणीभूषण महतो के श्राद्धक्रम में शामिल हुए विधायक सविता महतो



**ईचागढ़ :** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के घुटीयाडीह निवासी झारखंड आंदोलनकारी फणीभूषण महतो के श्राद्धक्रम में शनिवार को विधायक सविता महतो शामिल हुई। इस दौरान विधायक नें परिजनों को ढांढस बांधा और झारखंड सरकार कि औरसे आंदोलनकारी को मिलने वाले सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक नें दिवंगत फणीभूषण महतो चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचीन गोप, सुजीत महतो, निर्मल चंद्र महतो, टिंकू महतो, संतोष महतो आदि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### जमशेदपुर का ऐतिहासिक लाल बंकर द्वितीय विश्व युद्ध का धरोहर



**पूर्वी सिंहभूम :** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति में जमशेदपुर का द्वितीय विश्व युद्धकालीन बंकर एक बार फिर चर्चा में है। टेल्को थाना क्षेत्र के तार कंपनी मैदान में स्थित यह लाल बंकर ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ आज भी सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी माना जा रहा है। टेल्को क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक 'लाल बंकर' द्वितीय विश्व युद्ध का जीवंत प्रमाण है। इस बंकर का निर्माण ब्रिटिश शासनकाल में आइएसडब्ल्यूपी कंपनी की ओर से कराया गया था, ताकि युद्धकालीन परिस्थितियों में आम लोगों और अधिकारियों को सुरक्षा मिल सके। बताया जाता है कि यह बंकर हजारों लोगों की जान बचाने में कारगर साबित हुआ था। हरे-भरे पेड़ों के बीच स्थित यह लाल रंग का बंकर आज भी उतना ही मजबूत है, जितना युद्ध के समय था। इसकी ईंटें और रंग वर्षों बाद भी जस का तस है। हालांकि वर्तमान में कंपनी ने इस बंकर को पूरी तरह से सील कर दिया है और इसे लोहे की ग्रिल से घेरकर ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया है। यदि भारत-पाक विवाद और गहराता है, तो यह बंकर एक बार फिर शहरवासियों के लिए आश्रय स्थल बन सकता है। फिलहाल, बंकर की स्थिति लावारिस जैसी है, लेकिन इसकी ऐतिहासिक और रणनीतिक अहमियत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### आपरेशन सिंदूर के समर्थन में विशाल जुलूस निकाला गया



**अनगड़ा :** गोंदली पोखर में चौक में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर को लेकर समर्थन में विशाल जुलूस जिला अध्यक्ष नरेश साहू के द्वारा निकला गया` साथ में उपस्थित कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार बर्मा मंत्री चतुर साहू बूथ अध्यक्ष कुलदीप कुमार प्रदीप कुमार राम अनगडा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार महतो मण्डल महामंत्री राजेन्द्र महतो मण्डल उपाध्यक्ष घनेनाथ महतो निशांत कुमार आकाश कुमार इत्यादि उपस्थित हुए।

### शादी समारोह में मारपीट, चार लोग घायल



**सिल्ली :** मुरी ओपी अंतर्गत छोटा मुरी निवासी राथू महतो की लड़की शादी समारोह में उपस्थित लड़की के रिश्तेदार द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी राथू महतो की लड़की की शादी नौव मई को हुई थी शनिवार की सुबह लगभग 3 :30 बजे रिश्तेदार के द्वारा आपस में मारपीट कर लिया गया जिससे पांच लोग घायल हो गए जिनका इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में चल रहा है। नर्सिंग होम के निर्देशक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने कहा कि इनका इलाज चल रहा है पहले से स्वस्थ है। बताते चले की ग्रामीणों ने बताया कि शादी समारोह में उपस्थित लोगों के द्वारा मारपीट किया गया वह लोग रामगढ़ जिला से आए हुए थे और बारात बोकारो जिला के बेरमो से आई हुई थी। आपस में तू तू मैं मैं होने से विवाद बड़ा और मारपीट का रूप ले लिया। जिसके कारण पांच लोग घायल हो गए जिसमें सूरज महतो उम्र 23 वर्ष, अजय महतो उम्र 32 वर्ष, सोनू बावरी उम्र 27 वर्ष, पूर्णिमा कुमारी उम्र 17 वर्ष घायल हो गया जिनका इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया जा रहा है। इसकी सूचना मुरी ओपी को दिया गया सूचना मिलते ही मुरी ओपी घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार करने के लिए नर्सिंग होम पहुंचाया।

## नेत्र ज्योति पखवाडा के तहत 105 मरीजों का ऑपरेशन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** सुधांशु जी महाराज के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य मे स्वामी दयानन्द नेत्रालय, खूंटी, देवशंति नेत्रालय सिमडेगा और सदर जिला अस्पताल चाईबासा मे संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत शनिवार तक 105 मोतियाबिंद मरीजों की निःशुल्क सर्जरी की गई। डॉ दीपक लकड़ा, राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची, डॉ समुवेल मदुराई, अमन तोपनो, डॉ समीर, शंकर नेत्रालय ने सभी मरीजों का सफल ऑपरेशन किया। सभी मरीजों को भोजन और नवीन वस्त्र प्रदान किये गए। मरीजों में रोगियों मे जनजाति समुदाय, ईसाई मुस्लिम, सामान्य समुदाय के लोगों ने इसका लाभ उठाया। ऑपरेशन करानेवालों में 56 फीसदी महिला, 43 प्रतिशत पुरुष और सात फीसदी बच्चे शामिल हैं। इस संबंध में स्वामी दयानन्द नेत्रालय, खूंटी के निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन दो से 15 मई तक लगातार जारी रहेगा। रोगियों का डिटेल फॉलोअप के बाद वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। इस कार्य मे राष्ट्रीय अंधता नियत्रण, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना और वीजेएम का सहयोग रहा। डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु जी के जन्म दिवस पर शुक्रवार को खूंटी में सुधांशु संकल्प नेत्र ज्योति मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्रम में 35 नेत्र रोगियो का लेंस का प्रत्यारोपण मदुरई के प्रख्यात नेत्र सर्जन डॉ समुवेल अमन की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खूंटी में हर सप्ताह मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार को मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे योजना का लाभ उठायें।

## बारवे उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** बारवे उच्च विद्यालय चैनपुर में शनिवार को शिक्षक अभिभावक और छात्र-छात्राओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में फादर अजीत कुमार एक्का ने विशेष रूप से नई शिक्षा नीति के संबंध में अभिभावक और छात्र-छात्राओं को अपना ज्ञान साझा किया। फादर अजीत कुमार एक्का ने बताया कि आने वाले समय में विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में अप टू डेट होने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के क्षेत्र में गंभीरता पूर्वक मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की शिक्षिका विमला बेंक ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और आत्मिक रूप से विकास करने की आवश्यकता है। स्कूल के प्रधानाध्यापक फा. राजेंद्र तिर्की ने विद्यालय के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आना है और पठन-पाठन में विशेष ध्यान देना है। उन्होंने विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रकार की शिक्षण गतिविधियों जैसे विज्ञान प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएं, खेलकूद और एनसीसी स्काउट पर विशेष जोर दिया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को हर प्रकार के नशा पान से दूर रहने और स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे हमारा कल का समाज एक स्वच्छ समाज हो सकेगा।

# चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया सुदूरवर्ती गांवों का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती प्रखंड जनावल पंचायत के डोका पाठ, बेसना पाठ, गढ़ा पाठ, ककरंगा पाठ का शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव विश्वकर्मा मिंज, महताब आलम और आवास कॉर्डिनेटर कमलेश बारला के साथ मिलकर सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का बारीकी से जायजा लिया।



प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों को प्रधान मंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि योजनाओं का लाभ उठाने में कोई भी चूक न होने पाए। उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि जिन लाभुकों के खातों में पैसे पहुँच गए हैं लेकिन कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है उन्हें जल्दी से कार्य प्रारंभ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों को पूरा करना होगा। बीडीओ यादव बैठा ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय पर कार्य शुरू नहीं किया गया तो इसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति को तेज करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी को समय पर कार्य करना होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएँ सीधे उनसे साझा करें ताकि उन्हें हल किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ग्राम विकास को लेकर कितनी गंभीर है और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुँचाने के लिए कितनी सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए वे हमेशा तैयार हैं। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि सरकार ग्राम विकास को लेकर कितनी गंभीर है और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुँचाने के लिए कितनी सक्रियता से कार्य कर रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा के नेतृत्व में इस तरह के निरीक्षण से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिल रही है और ग्राम विकास की गति तेज हो रही है। निरीक्षण का उद्देश्य था योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में आने वाली समस्याओं का समाधान करना। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी को जागरूक और सक्रिय रहना होगा। इस निरीक्षण से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिल रही है और ग्राम विकास की गति तेज हो रही है।

### कृषि मेला में तीन किसानों के बीच सोलर पंपसेट का वितरण

**दुमका :** दुमका जिले के काठीकुंड प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। इसमें तीन किसानों के बीच सोलर पंपसेट का वितरण किया गया। किसान लालचंद पाल, नूतन देवी व शिवरातिया देवी को 2 एचपी क्षमता का सोलर पंपसेट दिया गया।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
प्राचार्य का कार्यालय-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, झारखण्ड।
सिलम,(एस0 एस0 बी0 कैम्प)जशपुर रोड,गुमला-835207
Email Id:-principalitigumla@gmail.com

सूचना संख्या-89 गुमला, दिनांक-09.05.2025

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 के लिए नामांकन से संबंधित सूचना

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/ LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला में शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 में नामांकन के लिए ऑनलाइन (https:/iti.jharkhand.gov.in) आवेदन पत्र 20 मई 2025 से 13 जून 2025 अपराह्न संध्या 5 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं केवल झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आने वाले आवेदक ही नामांकन के पात्र है।

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20 मई 2025 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13 जून 2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूची ( आठवीं एवं दसवीं ) प्रकाशन की तिथि | 16 जून 2025 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक मेधा सूची की प्रविष्टियों एवं त्रुटियों में सुधार की अंतिम तिथि | 17 जून 2025 से 19 जून 2025 तक |
| 05 | अंतिम मेधा सूची ( आठवीं एवं दसवीं ) प्रकाशन की तिथि | 21 जून 2025 तक |

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गुमला, झारखण्ड।

PR 352158 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

# कैसे मिला पाकिस्तान को आईएमएफ का कर्ज

भारत के साथ युद्ध के लिए पागलपन की हद तक जाने वाला पाकिस्तान आखिर किस तरह आईएमएफ से 1.3 बिलियन डॉलर का ताजा कर्ज (लोन) पाने में सफल रहा? भारत भी आईएमएफ का एक पार्टनर देश है और उसका अपना वोटिंग शेयर है। भारत ने 09 मई को हुई आईएमएफ बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान के वहशी होने का मुद्दा भी उठाया, लेकिन अंत में वोटिंग से अपने को अलग कर लिया। इसका कारण एक ही है कि अमेरिका समेत तमाम बड़े देश यह आभास दे रहे थे कि पाकिस्तान को आईएमएफ लोन नहीं दिया गया तो वहां और स्थिति खराब हो सकती है। पाकिस्तान में और अफरातफरी मच सकती है। भारत के वोट का भार तीन प्रतिशत से कम है, जो कि फैसले को प्रभावित करने के लिए काफी कम है। आईएमएफ लोन प्राप्त करने के लिए किसी भी देश को कुल वोट का 85 प्रतिशत प्राप्त करना जरूरी होता है और इसमें अमेरिका के वोट का सबसे अधिक प्रभाव होता है। अमेरिका के वोट का भार 17 प्रतिशत है। यानी केवल अमेरिका ही किसी देश के लोन को अकेले रोक सकता है। अब जबकि सभी बड़े देश जानते हैं कि पाकिस्तान पूरी दुनिया में आतंकवाद का एक्सपोर्ट कर रहा है, फिर क्यों उसे आईएमएफ का लोन दिया जा रहा है। पाकिस्तान को लोन मिलने के पीछे जो कुछ आधार बने हैं, उनमें सबसे अधिक वजनी कारण है, पाकिस्तान द्वारा कई प्रमुख देशों को अपनी जमीन के इस्तेमाल की इजाजत देना है। पाकिस्तान ने चीन, अमेरिका, अरब देश और तुर्किये जैसे देशों को अपने यहां से मिलिट्री और व्यापारिक गतिविधियों को संचालित करने की इजाजत दे रखी है। उसमें भी चीन और अमेरिका पाकिस्तान को अपने उपनिवेश की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और चाहते भी हैं कि इस्लामाबाद उनका पिट्ठू बना रहे, इसलिए आतंकवाद को पालते देख भी आईएमएफ का लोन जारी होने दे रहे हैं। यह देश पाकिस्तान को अलग से कर्ज देते हैं। वह अपने कर्ज के पैसे वापस पाने के लिए भी पाकिस्तान को कर्ज दिलाने में मदद कर रहे हैं। चीन ने पाकिस्तान को भारी कर्ज दे रखा है। पाकिस्तान चाइना इकोनोमिक कॉरिडोर में चीन ने इस्लामाबाद को 65 अरब डॉलर से अधिक का कर्ज दे रखा है। तीन दशक में भी यह इकोनोमिक कॉरिडोर बन कर तैयार नहीं हुआ है। इसका आर्थिक लाभ मिलने के बजाय चीन के लिए यह बोझ बन गया है। चूंकि पाकिस्तान की यह हैसियत नहीं है कि वह अपनी आय से चीन का कर्ज उतार सके, इसीलिए उस पर कर्ज लाद कर अपना पैसा निकालना चीन और अमेरिका दोनों के लिए सुविधाजनक रास्ता लगता है। आईएमएफ के कोष में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी अमेरिका की है। आईएमएफ जब लोन देता है, तो पुराने लोन की रिपेमेंट की ताकीद भी करता है। यानी आईएमएफ को अपने पैसे की भी चिंता रहती है। अपने पुराने पैसे की उगाही के लिए नए कर्ज के अलावा इस समय कोई रास्ता भी नहीं है। आईएमएफ केवल एक अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसी नहीं है, बल्कि यह बड़े देशों के लिए आर्म ट्विस्टिंग टूल्स भी है। आईएमएफ अपने लोन की शर्तें मनमाने ढंग से तय करता है। यानी लोन लेने वाले देश की पूरी आर्थिक नीति को अपने ढंग से तय करने का अधिकार रखता है। इसलिए जो भी देश आईएमएफ के लोन की सिफारिश करता है, अपनी-अपनी शर्तों को लादने की कोशिश करता है। पाकिस्तान 1950 से ही आईएमएफ का लोन लेने की आदी हो चुका है। 20 बार से अधिक लोन ले चुका है। अब भी उसके सामने आईएमएफ के सामने नतमस्तक होने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। पाकिस्तान का निर्यात सालों से ध्वस्त पड़ा है। टेरर एक्सपोर्ट से उसे उसे कुछ मिलने वाला भी नहीं है। उसके सामने हमेशा डॉलर की किल्लत बनी रहती है। अभी भी उसका विदेशी मुद्रा भंडार 13 अरब डॉलर के आसपास है। पाकिस्तान को खुद को जिंदा रखने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। और आयात बिल का भुगतान उसे डॉलर में ही करना है, इसलिए आईएमएफ का लोन उसके अस्तित्व से ही जुड़ गया है। इसलिए वह अमेरिका और चीन दोनों का पिछलग्गू बनने के लिए तैयार रहताहै, ताकि आईएमएफ से उसे लोन आसानी से मिल जाए।

## सूडोकु नवताल- 7426

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7425 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है

**रमेश सर्राफ धमोरा**




मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर्स डे ) मनाया जाता है। इस साल 11 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। एना जार्विस नामक अमेरिकन महिला ने अपनी समाजसेवी मां की स्मृति में 1908 में पहली बार मदर्स डे मनाया था। मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने ऊपर हम सब का वजन उठाती है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नौ माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। मदर्स डे मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैंड, तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार, मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी- वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

**नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।**
**नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।**

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है।

दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते। मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। मां वो है जो न सिर्फ हमें जन्म देती है बल्कि हमें जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे में भी सिर्फ अपने बच्चों की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# रोहिंग्या मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अब कुछ शेष नहीं

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



भारत में मानवाधिकारों की आड़ में रोहिंग्याओं को बसाने का एक चक्र लम्बे समय से चल रहा है। जबकि वे भारत में आकर यहां के संसाधनों का भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं, साथ ही भारतीयों के साथ किए जा रहे उनके दुर्व्यवहार के अनेक प्रकरण सामने आ रहे हैं। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार रोहिंग्या समस्या को लेकर सख्त है, किंतु ये मानवाधिकारवादी हैं कि भारत पर रोहिंग्याओं का अरिरिक्त बोझ मानवता के नाम पर डालने से पीछे नहीं हट रहे। अब सर्वोच्च न्यायालय ने जिस प्रकार की टिप्पणी इन रोहिंग्या को लेकर की है, यथा; यदि भारत में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थी भारतीय कानून के तहत विदेशी पाए जाते हैं तो उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए। तब इसके बाद कुछ कहने को शेष नहीं बचता। ऐसे में इन्हें अतिशीघ्र भारत से बाहर किया जाना चाहिए।

देखा जाए तो आज जो सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है, इससे पूर्व भी उसका अभिमत यही था। तब केंद्र सरकार ने न्यायालय के सामने स्पष्ट कर दिया था कि आखिर क्यों ये रोहिंग्या मुस्लिम प्रवासी भारत में नहीं रह सकते हैं। वर्ष 2021 में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि रोहिंग्याओं का भारत में अवैध रूप से रहना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए अवैध तरीके से भारत में रहने वालों के खिलाफ कानून के अंतर्गत कार्रवाइयां की जाती रहेंगी। यहां केंद्र सरकार इतना कहकर ही नहीं रुकी । सरकार ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों को शरणार्थी का दर्जा दिलाने के लिए संसद और कार्यपालिका के विधायी और नीतिगत डोमेन में नहीं जा सकती। वहीं, यह भी स्पष्ट किया गया था कि भारत यूएनएचआरसी के शरणार्थी कार्ड को कोई मान्यता नहीं देता है, जिसकी मदद से कुछ रोहिंग्या मुसलमान शरणार्थी के दर्जे के लिए दावा कर रहे हैं।

साथ ही केंद्र की मोदी सरकार ने तत्कालीन समय में कोर्ट को यह भी बताया था कि किस हद तक भारत पहले ही बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठ का सामना कर रहा है, जिसके चलते कुछ सीमावर्ती राज्यों (असम और पश्चिम बंगाल) की जनसांख्यिकी प्रोफाइल बदल चुकी है। तब सरकार से जवाब से कोर्ट संतुष?ट नजर आई थी, और उसने केंद्र सरकार के पक्ष में ही फैसला सुनाया था। अब देखो; न्यायालय में इतना गहराई से स्पष्ट करने के बाद भी ये रोहिंग्याओं से जुड़े मामले हैं कि बंद होने का नाम नहीं ले रहे।

वस्तुतः आज फिर इस मामले में उच्चतम न्यायालय मुखर हुआ है। न्यायालय ने देश में रोहिंग्याओं की जीवन स्थितियों और उनके निर्वासन की मांग से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर अनेक टिप्पणियां की हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अपने पुराने आदेश का हवाला देते हुए स्पष्ट कहा है, शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी पहचान पत्र उनके लिए कोई मददगार नहीं हो सकते हैं। वास्तव में यदि वे विदेशी अधिनियम के अनुसार विदेशी हैं, तो उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए।

कहना होगा कि एक बार फिर आज सुप्रीम कोर्ट में वही दृष्य उभरा जो वर्ष 2021 में सामने आया था। अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्वेस और अधिवक्ता प्रशांत भूषण रोहिंग्या शरणार्थियों की ओर से पेश हुए और अदालत को यूएनएचसीआर कार्ड का आधार लेकर रोहिंग्याओं के बच्चों और म्यांमार सरकार के वर्तमान रुख का हवाला देकर समझाना चाहा कि भारत में इन अवैध प्रवासी रोहिंग्याओं को रहने दिया जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फिर से स्पष्ट कर दिया है कि भारत सरकार को इन्हें निर्वासित करने का पूरा अधिकार है। इन्हें तत्काल निर्वासित किया जाए। अतः अब जरूरी हो जाता है कि जितनी जल्दी हो सके, इन्हें चिह्नत कर भारत से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। अब यहां उन्हें समझना होगा जिन्हें मानवाधिकार के नाम पर इन रोहिंग्याओं से हमदर्दी है। वास्तव में उन्हें इन रोहिंग्याओं का इतिहास जरूर देखना चाहिए। ये वही रोहिंग्या हैं, जिन्होंने अपने ही देश म्यांमार में बहुसंख्यक बौद्ध समुदाय के खिलाफ अत्याचार किए। नतीजतन, शांतिप्रिय बौद्धों को हिंसा का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। इन रोहिंग्याओं ने जो अपनी अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी बनाई, उसके अत्याचार की लिस्ट बहुत लंबी है। म्यांमार की सेना को इनके कब्जे वाले क्षेत्र में हिंदुओं और बौद्धों की सामूहिक कब्रें मिल चुकी हैं। इन्होंने भयंकर क्रूरता से अपने अधिकार क्षेत्र में बौद्ध और हिन्दुओं का सामूहिक नरसंहार किया है। इस नरसंहार के दौरान रोहिंग्या मुसलमानों ने कुछ महिलाओं को तभी छोड़ा जब उनका इस्लाम में धर्मांतरण करा दिया गया। बाकी सभी को मारकर दफना दिया गया था।

म्यांमार में जब रोहिंग्याओं का अत्याचार बढ़ने लगा तो सरकार ने अपने देशवासियों के लिए कई सख्त कानून लागू किए, जिनमें विवाह, परिवार नियोजन, आवागमन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक विकल्प आदि शामिल थे। जिसमें ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ पाए और यहां से पलायन करने लगे। सबसे पहले उन्होंने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करना शुरू किया। कई बांग्लादेश पहुंच गए। वहीं, इन रोहिंग्या मुसलमानों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों का खुलासा कई बार हो चुका है। इनमें से कई हैं जो इस?लामिक आतंकवादियों को हर संभव मदद पहुंचाते हैं। अब तक भारत के अलग-अलग राज्यों में अनेक घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में शामिल पाए गए हैं।

दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखंड के हल्द्वानी और बनभूलपुरा क्षेत्र में हुए हिंसक दंगों में रोहिंग्या मुसलमानों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। अकेले बनभूलपुरा क्षेत्र में ही आज करीब 8000 रोहिंग्या मुसलमान व अन्य बाहरी लोग रह रहे हैं। आज बांग्लादेश के रास्ते भारत में घुसे रोहिंग्याओं ने भारत और नेपाल के मैदानी और पहाड़ी दोनों इलाकों में अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है। हजारों की संख्या में ये रोहिंग्या हमारे देश में घुस चुके हैं। फिर भी भारत में ऐसे लोगों की कोई कमी नहीं, जो मानवाधिकार के नाम पर इन अपराधी रोहिंग्याओं की वकालत कर रहे हैं। वे उन्हें भारत में स्थायी रूप से बसाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर कर रहे हैं और भारत सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। अब ऐसे में हो यह कि केंद्र सरकार अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों के साथ सख्ती से विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निपटे। वस्तुतः आज जो सुप्रीम कोर्ट में इन रोहिंग्याओं के समर्थन में खड़े हो रहे हैं, उन अधिवक्ताओं को भी समझना चाहिए कि भारत कोई अराजक भूमि नहीं है, जहां, जब, जिसकी इच्छा हो वह घुस आए और यहां के मूल निवासियों के हकों को वह छीनने लगे।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# युद्धकालीन पत्रकारिता : उत्तरदायित्व, विवेक और राष्ट्रहित का संतुलन

**डॉ. विश्वास चौहान**

पत्रकारिता या मीडिया को लोकतंत्र का चौथा आधार स्तम्भ कहा जाता है । वो है भी , लेकिन जब कोई घटना किसी देश के लोकतंत्र पर ही हमला हो और उसके कारण युद्ध हो तो पत्रकारिता के मायने क्या होने चाहिए? यह प्रश्न आज पत्रकारिता जगत में विचारणीय प्रश्न है। विदित हो कि डिजिटल मीडिया संस्थान द वायर के प्रसारण पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही ₹मकतूब मीडिया₹ के एक्स अकाउंट को भी प्रतिबंधित किया है। इस कार्रवाई को द वायर ने प्रेस की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का स्पष्ट उल्लंघन कहा है।

भारत सरकार ने भारत में द वायर पर जो प्रतिबंध लगाया गया है, वह मुख्यतः सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69A के तहत किया गया है। इस धारा में यदि कोई पत्रकारिता ऐसी है जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ हो, या रक्षा, सुरक्षा या विदेशी संबंधों को नुकसान पहुंचाती हो, या सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करती हो,या अपराध को उकसाने वाली हो तो उसको आपातकालीन परिस्तिथियो में इस अधिनियम के नियम 9(1) के तहत बिना कारण पूछे भी प्रतिबंधित किया जा सकता है।

जब वर्तमान की परिस्थितियों में हम इस सम्बंध में विचार करते हैं तो ध्यान में आता है कि युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं होता, यह एक मानसिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और संचार का युद्ध भी होता है। इस संचार युद्ध में किसी भी देश की पत्रकारिता की भी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। युद्धकालीन पत्रकारिता न केवल जनमानस को सूचना देती है, बल्कि यह उनके दृष्टिकोण, मनोबल और देशभक्ति की भावना को भी प्रभावित करती है। ऐसे समय में पत्रकारिता का उत्तरदायित्व कहीं अधिक बढ़ जाता है क्योंकि एक छोटी सी चूक भी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। युद्धकाल में पत्रकारिता की संवेदनशीलता यह होती है कि युद्ध के दौरान मीडिया का हर शब्द, हर तस्वीर और हर विश्लेषण राष्ट्रीय हित और जनमानस पर प्रभाव डाल सकता है। अतः पत्रकारों को बेहद संवेदनशील, सतर्क और जिम्मेदार होना चाहिए।

सेना की गोपनीयताः सैनिकों की तैनाती, रणनीति, हथियारों की स्थिति या मिशन से जुड़ी कोई भी सूचना यदि लीक होती है तो इससे शत्रु को बढ़त मिल सकती है। फर्जी खबरों, अफवाहों या अतिरंजित सूचनाओं से न केवल नागरिक भयभीत हो सकते हैं, बल्कि सैन्य कार्रवाइयों में बाधा भी उत्पन्न हो सकती है। सैन्य और नागरिक सुरक्षा दुष्प्रभावित होती है। पत्रकारिता का उत्तरदायित्व होना चाहिए राष्ट्रहित सर्वोपरि , स्वतंत्रता के अधिकार के साथ पत्रकारिता को यह भी समझना चाहिए कि युद्ध जैसे असाधारण समय में राष्ट्रहित सर्वोच्च होता है। इस दौरान रिपोटिंग को जिम्मेदारी, संयम और विवेक के साथ करना चाहिए।

पत्रकारों को किसी भी रूप में दुश्मन की मदद नहीं करनी चाहिए, चाहे वह अनजाने में ही क्यों न हो। यही राष्त्रतात्विक दृश्टिकोण होता है । सेना और सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निदेर्शों का पालन करना आवश्यक होता है ताकि कोई गोपनीय सूचना उजागर न हो। ऐसा समन्वय प्रशासन और सेना के साथ होना चाहिए। पत्रकारिता का दायित्व देश की जनता के मनोबल और सामाजिक एकता के पोषण का भी होता है। क्योंकि युद्ध के समय समाज में भय, भ्रम और असुरक्षा की भावना बढ़ सकती है। मीडिया को ऐसे समय में समाज का मनोबल बनाए रखने में योगदान देना चाहिए।

पत्रकारिता में लगातार मौतों, हार या भय की खबरों से समाज में हताशा फैल सकती है। पत्रकारों को यथार्थ दिखाते हुए आशा का दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। विविधताओं वाले देशों में मीडिया का यह कर्तव्य होता है कि वह सामाजिक एकता को बढ़ावा दे और धर्म, जाति या भाषा के आधार पर भेदभाव न फैलाए बल्कि राष्ट्रीय एकता का संदेश दे। आज के युद्ध में दुष्प्रचार और साइबर प्रोपेगैंडा भी एक हथियार है जिसका मुकाबला केवल गोलियों और बमों का नहीं, बल्कि सूचना और साइबर हमलों का भी है। दुश्मन देश सोशल मीडिया और न्यूज प्लेटफॉर्म्स के जरिए अफवाहें फैलाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश करता है।


मीडिया को चाहिए कि वह फेक न्यूज की पहचान और खंडन करते हुए तथ्य-जांच की मजबूत प्रक्रिया अपनाए और दुष्प्रचार का मुकाबला करे। साथ ही जिम्मेदार मीडिया हाउस को सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों का खंडन करते हुए सही जानकारी प्रसारित करनी चाहिए। युद्धकालीन पत्रकारिता का उद्देश्य केवल रिपोर्टिंग करना नहीं होता, बल्कि समाज में शांति, मानवता और संवाद की भावना को भी प्रोत्साहित करना होता है। युद्ध की विभीषिका दिखाकर सैनिकों के बलिदान, युद्ध में घायल बच्चों, विस्थापित परिवारों की कहानी को सामने लाकर युद्ध की पीड़ा को समझाया जा सकता है। पत्रकारिता को चाहिए कि वह केवल सैन्य दृष्टिकोण पर केंद्रित न रहकर राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों को भी स्थान दे।

वास्तव में युद्धकालीन पत्रकारिता और शांतिकालीन पत्रकारिता में अंतर होता है। युद्धकालीन पत्रकारिता प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा, मनोबल, गोपनीयता की रक्षा होता है। वहीं, शांति कालीन पत्रकारिता का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्य, पारदर्शिता, विविध मुद्दों की चर्चा होता है। युद्धकालीन पत्रकारिता में सेंसरशिप अपेक्षाकृत अधिक; होती है राष्ट्र हित मे सेना व सरकार के दिशानिर्देश लागू होते हैं जबकि शांति कालीन पत्रकारिता में न्यूनतम, स्वतंत्रता पर जोर।

राष्ट्रहित मे चयनात्मक, रणनीतिक, सकारात्मक दृष्टिकोण वाला होना चाहिए, वही शांतिकालीन पत्रकारिता में व्यापक, आलोचनात्म खुली बहस आधारित भी हो तो लोकतंत्र के लिए अच्छा है।

## दैनिक पंचांग

**11 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.38 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 07.36 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.49 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.05 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.17 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.28 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.43 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.59 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.04 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कुंभ | 00.50 बजे से |
| | | मीन | 02.23 बजे से |
| | | मेष | 03.54 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 131 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 20.02 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती अहोरात्र।
**योग** व्यतीपात 05.01 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** गर 06.47 बजे तदनन्तर वणिज 20.02 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 53'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872341
**जूलियन दिन** 2460806.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 12
**विशेष** नरसिम्हा जयंती, छिन्नमस्ता जयंती, मातृ दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में मां की मौत बेटा घायल

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा -कोवाड़ मार्ग पर शुक्रवार की शाम को एक बाइक ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से बाइक पर सवार मां बेटे में मां की मृत्यु घटना स्थल पर हो गयी जबकि बाइक चालक बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान मरकच्चो प्रखण्ड के ग्राम बांसडीह निवासी राजकुमार यादव की पत्नी धुलिया देवी (58) के रूप में हुई। जबकि बेटा अरविंद कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार यादव की पत्नी घुलिया देवी अपने बेटे अरविंद कुमार के साथ के साथ अपना नैहर ग्राम बाघानल जिला गिरिडीह जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार की संध्या 6:00 बजे कोडरमा कोआड मुख्य मार्ग पर दशारो हीरामन चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर अपने चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार धूलिया देवी की मौत घटनास्थल पर हो गई वह गुड़िया देवी का बेटा अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर ही शव को रखकर सफक को कुछ देर के लिए जाम कर ट्रैक्टर को पकड़ने की बात कह रहे थे। पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु कोडरमा सदर अस्पताल रात 10:00 बजे भिजवाया गया। ट्रैक्टर दशारो का ही बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छान बीन में जुट गयी है।

### शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

**कोडरमा :** कोडरमा अंतर्गत ग्राम गरायडीह में गरीब महिलाएं हैं जो महिला शुद्ध पानी के लिए विवश विधायक मद से बने जल मीनार कई महीनो से बंद पड़ा है। जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा उपायुक्त को शिकायत करने के बावजूद आज तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। जिसके चलते भीषण गर्मी में 1 किलोमीटर से पानी लाकर अपना प्यास बुझती है। अनीता देवी ने कहा कि हम गरीब महिलाओं का दर्द कोई देखने वाला नहीं है सिर्फ चुनाव के वक्त बड़े-बड़े वादे करके चले जाते हैं जैसे ही चुनाव खत्म होता है सभी वादे भूल जाते हैं कांग्रेस नेता प्रकाश रजक ग्राम गरायडीह पहुंच कर गरीब महिलाओं का हाल-चाल जानने का प्रयास किया और कोडरमा उपायुक्त महोदय को व्हाट्सएप के माध्यम से सारी जानकारी दी गई इसके बाद लारियाडीह पंचायत के पंचायत सचिव महादेव दास जांच कर चले गए लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है भीषण गर्मी को देखते हुए कोडरमा उपयुक्त से मांग करता हूं कि अभिलंब इन गरीब महिलाओं के टोला में शुद्ध जल व्यवस्था की जाए विधायक मद से बने जल मीनार अंतिम सांस ले रही है बढ़ते गर्मी के कारण पानी का लेयर दूर होने के कारण कई गांव में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है वहीं रजक ने कहा कि गांव-गांव में जार वाले पानी बेचते हैं उनकी भी गुणवत्ता की जांच करने की आवश्यकता है।

### क्लोरोफिल के बच्चों ने मनाया स्विमिंग पूल डे


**कोडरमा :** गर्मियों की लंबी छुट्टी घोषित करने के ठीक पहले बच्चे इस कूल-पूल डे का बहुत इंतजार करते हैं। प्राचार्या कंचन अग्रवाल ने बताया कि कुछ दिनों पहले इस बार गर्मी में अचानक हुई बारिश और बदले मौसम की वजह से घोषित स्कूल-पूल डे कैंसिल करना पड़ा था और सारे बच्चे उदास होकर पूछते थे - इस बार स्विमिंग पूल डे नहीं होगा मैम तो जैसे हमें तो ऐसी ही गर्मी का इंतजार था ताकि लंबी गर्मी छुट्टी के पहले बच्चों का ये बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम किया जा सके। बच्चों की खुशी और उत्साह उनकी किलकारियों में दिखाई दे रहा था। बच्चों के साथ वॉटर स्पोर्ट्स खेलने में युक्ता अग्रवाल, सीमा जैन, अनुप्रिया-कनिष्का, पूनम और सुलगना राय ने खूब धूम मचाई।

# लोक अदालत शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है : बालकृष्ण तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आज शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहाँ एक ओर लोगों के समय एवं पैसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है । उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊँचा है. इसके लिए यहाँ के सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है। आज झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को कोडरमा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों ने जूम एप एवं पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ एवं पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य स्टेक होल्डर ने यू ट्यूब के लिंक के माध्यम से जुड़कर ऑनलाइन अवलोकन किया। प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने सभी बेंचो का निरीक्षण किया एवं बेंच के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सुनवाई के लिए नौ बेंचो का किया गया गठन : इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 9 बेंचो का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो में जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या तीन में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, बेंच संख्या पांच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, अधिवक्ता सुमन कुमारी, बेंच संख्या छह में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नमिता मिंज, अधिवक्ता किर्ती कुमारी, बेंच संख्या सात में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष आर. के. तिवारी, बेंच संख्या आठ में जिला नीलामपत्र पदाधिकारी व अधिवक्ता रीतम कुमारी एवं बेंच संख्या नौ में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा, सदस्य शिल्पी चटर्जी व अधिवक्ता अंशु यामिनी ने मामले की सुनवाई की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल नौ बेंचो के माध्यम से कुल 9003 वादो का निष्पादन किया गया जिसमे लंबित वादों की संख्या 1503 तथा प्री-लिटिगेशन के 7500 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल है जबकि विभिन्न विभागों से कुल 6,83,34,744/- (छह करोड़ तेरासी लाख चौतीस हजार सात सौ चवालीस) रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौंके पर मुंसिफ मिथिलेश कुमार, एल. डी. एम. निवास कुमार, स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक सियाराम यादव, विधुत विभाग के पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, आशीष कुमार सिन्हा, मनोज मिश्रा, रविन्द्र कुमार, अनील कुमार सिंह, शम्भू शरण, प्रकाश चंद्रा, दीपक कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार गण मौजूद थे ।

# बंद आवास को चोरों ने बनाया निशाना चोरी की घटना को दिया अंजाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** ओपी क्षेत्र के शांतिनगर, के बी गेट कुजू कोलियरी रोड स्थित चोरों ने सी सी एल कर्मी प्रेमचंद महतो के बंद आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रेमचंद महतो ने कुजू पुलिस को जानकारी देते हुए ओपी में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि रात्रि करीब आठ बजे अपने परिवार के साथ पास के ही एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। शादी से रात करीब दस बजे जब वापस अपने घर पहुंचा तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर कमरों में लगा ताला को भी टूटा पाया, जिस पर उन्होंने इसकी सूचना 100 नंबर डायल कर पुलिस को दी। मौके पर कुजू पुलिस पहुंची जहां पुलिस को छानबीन करने के दौरान अलमीरा में रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपये के आभूषण गायब पाया। इधर, पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गयी है। बताते चलें कि कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। गुरुवार को पदभार संभालने के बाद ही कुजू ओपी के नये प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने घर में हो रहे चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने की बात कही थी। वहीं, चोरों ने प्रभारी के पदभार ग्रहण करते ही घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। वहीं, ग्रामीण भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे है। आखिर क्यों पुलिस का डर चोरों में नहीं है। ग्रामीण बताते है कि पुलिस की ढीली कारवाई से चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे बेखौफ होकर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्ती में तेजी लाने सहित चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में टियर एंड पेस्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में सतत विकास प्रक्रिया के अंतर्गत नन्हे- मुन्ने बच्चों के लिए टियर एंड पेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने नन्हें-नन्हें हाथों से कागजों को चिपकाया। उन्होंने कागजों को चिपकाकर रंग-बिरंगे सुंदर फूल, हाथी, तितली और भी बहुत सुन्दर-सुन्दर चित्र तैयार किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा एलकेजी के संपूर्ण राजपूत, यूकेजी के कृष्णा गुप्ता, कक्षा प्रथम की शान्या सोनी और कक्षा दूसरी के सर्वोत्तम असीम मिंज रहे। द्वितीय स्थान पर यूकेजी की तान्या रंजन, कक्षा प्रथम की अंशिका राज, कक्षा दूसरी की अश्मी पाठक और आरव राज रहे। तृतीय स्थान पर कक्षा प्रथम के आर्य आबिद, कक्षा दूसरी की सृष्टि कुमारी और रानी गुप्ता रहीं। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की बहुत ही प्रशंसा की। उन्होंने कहा इन बच्चों ने अपनी नन्हीं-नन्हीं उंगलियों से चित्रों को सजीव बनाने की कोशिश की।बच्चों की कल्पनाओं के रंग वास्तविक जीवन से थोड़े अलग जरूर थे मगर उनमें सृजनात्मकता की अद्भुत झलक देखी गई।

# अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोवाड़ मुख्य मार्ग में वर्षों से अतिक्रमण जमाये अतिक्रमणकारियों पर शुक्रवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबीसी से पक्की सिढ़ियों को तोड़ा गया। वही झोपड़ी व गुमटियों को भी हटाया गया। घर व दुकान के आगे मिट्टी डालकर ऊंचा कर रखने वाले का भी मिट्टी हटाया गया।करीब दो घंटे तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद मुख्य सड़कें चौड़ी दिखने लगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान ब्राह्मण टोला से लेकर मरकच्चो बाजार तक अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों के बीच अफरातफरी- मची रही। अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों के आगे लगे होर्डिंग बोर्ड व एस्बेस्टस लगा कर किये गए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़वा दिया गया। अंचलाधिकारी मार्केट चौक परमेश्वर कुशवाहा वह थाना प्रभारी मार्केट चौक नंदकिशोर तिवारी ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दुबारा अतिक्रमण हुआ तो अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की कार्रवाई की जाएगी। उनलोगों ने बताया की सभी प्रमुख सड़कों को अभियान चला कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अंचल कर्मी व पुलिस के जवान शामिल रहे।

# मानवाधिकार जनकल्याण एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बने विजय राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** भारतीय मानवाधिकार जनकल्याण एसोसिएशन का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन अक्षत बैंक्विट हॉल, मुरपा में हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके सक्सेना, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पासवान शामिल रहे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके सक्सेना ने मौजूद लोगों को एसोसिएशन के उद्देश्यों एवं अधिकारो से अवगत कराते हुए कहा कि सरकारी और गैर सरकारी विभागों में व्याप्त रिश्वतखोरी समेत भ्रष्टाचार को रोकना लक्ष्य है। साथ ही, भ्रष्ट अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई कराना और सजा दिलवाना है। वहीं, सरकारी अस्पतालों में सरकार द्वारा गरीबों के इलाज के लिए दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ दिलाना है। तत्पश्चात कुजू



निवासी विजय कुमार राय को एसोसिएशन का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रकाश कुमार को राष्ट्रीय कार्यक्रम सचिव के रूप में मनोनयन किया गया। साथ ही, प्रमाण पत्र सौंपते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मनोनयन के बाद विजय राय ने प्रदेश स्तरीय संगठन का मजबूती दिलाने का वायदा कर उद्देश्यों के बीच गरीबों के साथ खड़ा होने का भरोसा दिलाया। साथ ही, ईमानदारी पूर्वक संगठन के प्रति कार्य निर्वहन करने की बात कही। इधर, विजय राय की अगुवाई में रामगढ़ जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अनुज कुमार, उपाध्यक्ष रंजीत मिश्रा, महासचिव राजेश सिन्हा, मीडिया सचिव दिनेश कुमार, जिला विधि सचिव अमित सिंह, जिला कार्यक्रम सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला वेलफेयर सचिव सन्नी देओल का मनोनयन किया। वहीं, मनोनयन सदस्यों का फूल माला पहनाकर व प्रमाणपत्र पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई लोग शामिल रहे।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टीएलएम मेला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में टी एल एम मेला का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का उत्साहवर्धन किया। उक्त मेले में कोडरमा जिले में संचालित विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालय क्रमशः गांधी उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, सी एच+2 उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया,ग्रिजली पब्लिक स्कूल, गुमो, उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय, उरवां, एवं झारखंड कस्तूरबा आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चंदवारा में अध्ययनरत लगभग 300 छात्र और छात्राएं सम्मिलित हुए। बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं




द्वारा विभिन्न विषयों पर विविध रचनात्मक एवं कलात्मक शिक्षण अधिगम सामग्री जैसे चार्ट पेपर, मॉडल आदि व्यवस्थित एवं निरंतर प्रयास द्वारा प्रदर्शित किया गया। विभिन्न विद्यालय से मेले में आए छात्र छात्रों एवं शिक्षकों ने मेले का भरपूर आनंद लिए एवं ज्ञान वर्धित होकर महाविद्यालय के उत्कृष्ट प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के उपरांत मेले में सम्मिलित विद्यालय के विद्याथीर्यों को ऊजार्वान बनाने हेतु महाविद्यालय के शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा द्वारा प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया ।जिसमें सभी विजेताओं को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी एवं प्राचार्या डॉ मृदुला भगत द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा सभी विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में टी एल एम मेला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य को विस्तार से बताया साथ ही शिक्षण को प्रभावशाली बनाने हेतु ळछट के उपयोग पर विस्तार से चर्चा कीं कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 एवं 2024-26 के सभी प्रशिक्षु, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत तिवारी, डॉ पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ पूजा कुमारी,मनीष कुमार सिन्हा, डॉ पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, वीरेंद्र यादव, गौतम कुमार, डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, डी एल एड समन्वयक खुश्बू कुमारी सिन्हा, अनिल दास, सीताराम यादव एवं अन्य सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक संजीत कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 45 गर्भवती महिलाओं के बीच किया गया हॉर्लिक्स पोषाहार का वितरण



**मांडू :** मांडू डी पंचायत के पंचायत भवन कार्यालय सभागार में सीसीएल कुजू एरिया जी, एम के द्वारा 45 गर्भवती महिलाओं के बीच स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मोनो प्रोटीन एवं हॉर्लिक्स का वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं को जानकारी देते हुए बताएं कि महिला गर्भवती होने पर महिला और बच्चों का बहुत ही नाजुक स्थिति रहती है इसलिए डॉक्टर के द्वारा दिए गए दवाइयां और प्रोटीन और कैल्शियम पोषाहार समय पर लेने से गर्भ में पल रहे बच्चों का दिमाग और शरीर का सही संचार होता है और बच्चा में विकास होता है। पोषाहार वितरण करने में मुख्य रूप से मांडू डी पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम, सी एस आर पदाधिकारी तबरेज आलम, जानकी महतो, संजय मांझी, सेविका उर्मिला देवी, सरिता देवी, मीना देवी, सुषमा देवी, पिंकी कुमारी, ललिता देवी, कौलेश्वरी देवी, कल्याणी देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी, लक्ष्मी देवी, अंजनी देवी रूबी देवी कविता देवी उपस्थित थे।

### चोरी करते युवक को रंगे ग्रामीणों ने पकड़ा पेड़ में बांधकर की पिटाई

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू ओपी क्षेत्र के आरा सारुबेड़ा के समीप भारत मटन दुकान के गल्ले से पैसा चोरी करते एक युवक को लोगो ने रेंगे हाँथ पकड़ लिया। जबकि उस युवक का एक और साथी मौके से भागने मे कामयाब रहा। युवक को पकड़ते ही राह चलते लोगों ने युवक को जमकर धुनाई कर दी और पेड़ मे बांध दिया। इस बीच कई लोगों ने भी युवक पर अपना हाथ साफ किया। युवक लगभग 1 घंटे तक पेड़ से बंधा रहा। इसके बाद मटन विक्रेता भरत साव और अन्य लोगों ने घटना की सुचना कुजू पुलिस को दिया। सूचना के बाद कुजू पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ थाना ले गए।

### मदर्स-डे सेलिब्रेशन पर कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** झुमरीतिलैया असनाबाद में संचालित चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल में विद्यालय परिवार द्वारा मदर्स डे स्पेशल पर कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय ट्रस्टी अध्यक्ष ताहिर हुसैन, प्रबंधक तौफीक हुसैन एवं प्राचार्य हिना कौसर ने मुख्य रूप से किया। वही संचालन बॉबी रजक ने किया। कार्यक्रम कि शुरुआत साइमा ग्रुप विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत एवं आयात व जोहरा ग्रुप ने मदर्स डे पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर किया वही प्रतियोगिता के पूर्व पलक गोस्वामी ने माँ के महत्व पर भाषण दिया विद्यालय के बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सभी मदर का मन मोह लिया। जिसके बाद इस प्रतियोगिता में शामिल ग्रुप ए से जेड प्रतिभागी मदर्स द्वारा कुकिंग विदआउट फायर से संबंधित कई प्रकार के स्वादिष्ट डिश तैयार किए गए जिसमें प्रथम स्थान पर ग्रुप जे मिकाईल, द्वितीय ग्रुप ए और के तलत, जोया ग्रुप तृतीय एम और आई से आयात तौफीक, रितिका कि मदर विजय हुई! सभी विजेता मदर और बच्चों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधक तौफीक हुसैन ने आपने सम्बोधन में कहा इस प्रकार का आयोजन केवल बच्चों और माँ के स्नेह को दशार्ता है जबकि माँ का प्यार उस का त्याग और बलिदान को जताया नहीं जा सकता इसलिए कहा जाता है कि माँ के पैरों के नीचे स्वर्ग है और माता-पिता कि सेवा ही कर्म उन्होंने शामिल सभी माँ को बच्चों का हौसला बढ़ाने धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रितु कुमारी, अफसाना परवीन, राजकुमार, अमित कुमार, रचना सिन्हा, मो साकिब, रेणु सह, सबीना परवीन, अंजलि कुमारी, उज्मा परवीन, खुशी सिंह ताजुन निशा, विना गस्वामी, मेघना कुमारी, नाहिद परवीन सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं सहायक कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने अहम भूमिका निभाई।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में हर्षोल्लास से मना मातृ दिवस

**कोडरमा :** माँ एक शब्द जिसमें पूरा संसार समाया है। इसी भावना को समर्पित मातृ दिवस समारोह मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डोमचांच में 10 मई को बड़े धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों और माताओं ने एक साथ भाग लिया और माँ-बच्चे के रिश्ते को नई ऊँचाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय निदेशक रजनीश शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने माँ के महत्व और उनके निःस्वार्थ प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा, माँ की ममता ईश्वर के प्रेम का सबसे जीवंत रूप है। इस अवसर पर शिक्षाविद राम प्रवेश पांडेय ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, आदर और संस्कृति के महत्व पर प्रेरणात्मक बातों से अवगत कराया। बच्चों ने इस दिन को खास बनाने के लिए सुंदर कविताओं का पाठ किया, मधुर गीत गाए और रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। माँ तू कितनी अच्छी है जैसे भावुक गीतों ने उपस्थित माताओं की आँखें नम कर दीं। कार्यक्रम में माताओं के लिए ह्यम्यूजिकल चेयर, ह्यपकवान पहचानो, माँ-बच्चे की जोड़ी क्विज जैसी प्रतियोगिताएँ भी कराई गईं, जिनमें माताओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। म्यूजिकल चेयर की विजेता गुड़िया कुमारी रहीं, जिन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रीति कुमारी, राकेश रोशन, राजन कुमार, शिव कुमार, आर्ची कुमारी, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, रिया, अमीता सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस का भव्य हुआ आयोजन

**कोडरमा :** मातृ दिवस जैसे विशेष दिन की शुरूआत माताओं के स्वागत के साथ हुई। फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन की रस्म निभाई गई जिसमें प्राचार्या राखी कुमारी शर्मा, प्रशासक सुनील कुमार एवं शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमारी, अनीता कुमारी, जया लक्ष्मी, संध्या कुमारी समेत उपस्थित कई माताओं ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी माताओं के चरणों में नमन करते हुवे आरती कर मातृ पूजन किया। साथ आए पिता की भी आरती उतारी गई जिससे पूरा वातावरण भावनात्मक और पावन हो गया।मौके पर विद्यालय के नन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसमे शाहीन ने कौन भला इस दुनिया में माँ की जगह ले सका गीत एकल रूप में गाकर सभी का दिल जीत लिया। नर्सरी कक्षा के आवी रजक, आरव राज, आरुषी राज, विधि पंडित, ऋषा कुमारी, अनन्या कुमारी, प्रियांश गुप्ता, अंशिका कुमारी, अभिनंदन कुमार और देवाशीष ने मेरी माँ के बराबर कोई नहीं गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### पानी में डूबने से एक बालक का हुआ मौत

**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बालक का पानी में डूबने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घोगी पहाड़ के निवासी चुड़ो पहाड़िया का 5 वर्षीय पुत्र दिन में पानी में डूब गया। जहां परिजनों ने पानी से निकालकर आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जांच करने के उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन अमृत बालक को अपने घर लेकर चला गया। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शराब के बोतल से नस काटकर युवक हुआ घायल

**साहिबगंज**: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने अपने हाथ का नस काट कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला अंजुमन नगर के निवासी स्वर्गीय मो. सोनी का 19 वर्षीय पुत्र मो. शाहिद हुसैन, मोहब्बत के चक्कर में आकर शराब के बोतल से अपना हाथ का नस काट कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने युवक का इलाज किया।

### महर्षि मेंही परमहंस महाराज की जयंती आज

**खूंटी**: महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की 141 वीं जयंती 11 मई को मलियादा, शांति पुरी मुरहू और बंदगांव आश्रम में मनाई जायेगी। संरक्षक डॉ डीएन तिवारी, अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मौके पर बंदगांव और मुरहू में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। पूर्वाह्न दस बजे से सभी आश्रमों में स्तुति प्रार्थना के बाद गुरुदेव के जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। सद्गुरु के उपदेश और सत्संग कार्यक्रम होंगे। साथ ही विशेष भंडारा की भी व्यवस्था रहेगी।

### अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई, दो ट्रैक्टर और एक हाइवा जब्त

**पूर्वी सिंहभूम**: पूर्वी सिंहभूम जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन के खिलाफ खनन टास्क फोर्स की ओर से लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनन विभाग ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए बहरागोड़ा थाना क्षेत्र से अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा। इनके पास से आवश्यक परिवहन चालान नहीं थे। जब्त किए गए ट्रैक्टरों को संबंधित थाना को कानूनी प्रक्रिया के लिए सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के कोकपाड़ा स्थित चेकनाका पर हाईवा (जेएच05 सीके 6500 ) की जांच के दौरान उसमें चालान में दर्शाई गई मात्रा से अधिक बालू लदा पाया गया। ओवरलोड पाए जाने के कारण उक्त हाईवा को भी जब्त कर धालभूमगढ़ थाना को आओ की कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

### छऊ नृत्य समारोह का समापन

**पश्चिम सिंहभूम**: पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर प्रखंड के मोराडीह गांव में आयोजित दो दिवसीय छऊ नृत्य समारोह का समापन शनिवार को हुआ। पारंपरिक लोकनृत्य की समृद्ध विरासत को संजोए इस कार्यक्रम ने स्थानीय संस्कृति की झलक पेश की। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति के सदस्य रामलाल मुंडा थे, जिनका स्वागत ग्राम मुखिया श्याम मुंडा और आयोजन समिति के सदस्यों ने पारंपरिक ढंग से किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद स्थानीय दो छऊ नृत्य दलों ने ऐतिहासिक और पौराणिक कथाओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

# मुसाबनी प्रखंड का उपायुक्त ने किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम के आकांक्षी प्रखंड मुसाबनी का दौरा उपायुक्त अनन्य मित्तल और उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने शनिवार को किया। साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण के तहत अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर स्थानीय उद्यमियों, किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों और शिल्पकारों से संवाद कर उनकी गतिविधियों का निरीक्षण किया और उन्हें प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया। इस दौरान उपायुक्त ने मुसाबनी मुख्यालय स्थित हस्तकरघा केन्द्र में महिलाओं की ओर से तैयार उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन व्यवस्था और आय के स्त्रोतों की समीक्षा की। साथ ही कुईलिसुता गांव में डोकरा शिल्प, बांस शिल्प और सॉस



निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर पारंपरिक कलाओं को आजीविका से जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया। अधिकारियों ने स्थानीय बाजार के साथ बाह्य बाजार से जोड़ने की दिशा में सहयोग का भरोसा दिलाया। उपायुक्त ने पारूलिया और गोहला गांव में फार्मिंग क्लस्टर का दौरा कर कृषि नवाचार, संसाधनों का बेहतर उपयोग और किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर चर्चा की। साथ ही गोहला स्थित कुपोषण उपचार केन्द्र में ह्यमानसीह्न कार्यक्रम के तहत बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति और सिकल सेल परीक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती पर बल दिया । उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ समय पर हर पात्र नागरिक तक पहुंचे। इस अवसर पर बीडीओ अदिति गुप्ता, सीओ ऋषिकेश मरांडी सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव ने किया विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : बोरियो प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव ने शनिवार को प्रखंड अंतर्गत बिरबलकान्दर और देवपहाड़ क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बिरबलकान्दर पंचायत के पीवीटीजी लाभुकों के बीच वितरित किए जा रहे खाद्यान्न वितरण कार्य की समीक्षा की और इसकी पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनमन और अबुआ आवास योजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा की। मौके पर मौजूद आवास प्रभारी को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बिरबलकान्दर में चल रही मनरेगा योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए अभियंता एवं रोजगार सेवक को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बांझी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों का भी जायजा लिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद पाए जाने पर सेविका एवं सहायिका का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय में छात्रों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने की अपील की ताकि क्षेत्र के लोगों को इनका समुचित लाभ मिल सके।

## सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित आरडीएस योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने आरडीएसएस योजना की धीमी प्रगति पर एम एस टेक्नो पावर द्वारा संचालित आरडीएसएस योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त की। उपायुक्त ने एजेंसी को कार्य में तेजी लाने, निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करने तथा तत्काल अतिरिक्त जनशक्ति तैनात करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से हिरणपुर बाजार में विद्युतिकरण कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। टवख योजना की संतोषजनक प्रगति कुल 145 में से 110 गांवों में कार्य पूर्ण कर लिया



गया है तथा 1,200 विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। एजेंसी को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं पंचायत भवनों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन देने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी योजना की धीमी प्रगति केवल 82 गांवों में 101 कनेक्शन ही प्रदान किए गए हैं। उपायुक्त ने कुछ लाभार्थियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर प्रगति की पुष्टि की। एजेंसी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं पंचायत भवनों में विद्युत कनेक्शन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। वहीं पाकुड़ जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आरडीएसएस, एमयूजेबाई एवं पीवीटीजी योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी करने का निर्देश भी दिया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 6549 मामलों का हुआ निपटारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : नालसा के आदेशानुसार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा आज व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का उद्घाटन झारखंड के सभी जिलों में एक साथ ऑनलाइन माध्यम से माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, जज, झारखण्ड हाई कोर्ट-सह-कार्यकारी अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा किया गया। साहेबगंज व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में इसका सीधा प्रसारण स्क्रीन पर उपस्थित लोगों ने देखा। उद्घाटन के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार ने गठित बेंचों के भ्रमण के दौरान लोक अदालत के



महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत लम्बे समय से चले आ रहे मामलों को निपटाने का कानूनी विकल्प है, बल्कि यह ऐसी एक दिवसीय अदालत है जिसमें वादों का त्वरित निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निष्पादन से आमजनों को काफी राहत मिलती है। उन्होंने आमजनों एवं पक्षकारों को बधाई देते हुए अपील की वे समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों में भाग लेकर अपने मामलों का निपटारा अवश्य करवाएं। साथ ही सभी विभागों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल और उनकी टीम, अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, बैंककर्मी, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं अन्य पदाधिकारी-कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में वादकारीगण उपस्थित थे।

## उद्यमिता विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा** : शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहेबगंज के संयुक्त तत्त्वाधान में बोनिडंगा एवं कालू गांव में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन बीपीएम फैज आलम, वरीय संकाय राजहंस कुमार एवं संकाय उपेंद्र गोप की उपस्थिति में किया गया बीपीएम फैज आलम के द्वारा बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, साहेबगंज के द्वारा अनेकों प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कोई भी प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार शुरू किया जाता है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बेरोजगार बीपीएल धारी दीदियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को जिसका उम्र 18 से 45 वर्ष तक है उनको प्रशिक्षण प्रदान कर आर्थिक रूप से स्वतंत्र एवं नियमित वेतन आधारित रोजगार से जोड़ा जाता है। इस योजना के अंतर्गत सखी मंडल से जुड़ी दीदियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण साहेबगंज में दिया जाता है ताकि दीदी अपने कौशल को



पहचान बनाकर अपने लिए आत्मनिर्भरता की नई राह तैयार कर सके। वरीय संकाय राजहंस कुमार एवं संकाय उपेंद्र गोप के द्वारा बताया गया कि आगामी 20 मई से 13 दिवसीय बाँस से बनने वाली सामग्री का प्रशिक्षण, 20 मई से 30 दिवसीय एसी-फ्रीज मरम्मति का प्रशिक्षण, 1 जून से 30 दिवसीय कंप्यूटर अकाउंटेंसी का प्रशिक्षण एवं 5 जून से 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आरसेटी, साहेबगंज में किया जाना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवश्यक कागजात आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि अनिवार्य है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र एवं व्यापार संबंधित व्यक्तिगत बैंक लिंकेज करवाने हेतु आवेदन भी लिया जाएगा।

# जिला परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर किया गया विचार विमर्श

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले के सूचना भवन सभागार में शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमनी हेम्ब्रम की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस बैठक में जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत हाट बाजारों की बंदोबस्ती हेतु समिति का गठन के संबंध में एवं जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत हाट बाजारों की बंदोबस्ती हेतु दर निर्धारण के लिए एक समिति का गठन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना 2025-26 का अनुमोदन/ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रविष्टि के संबंध में विचार- विमर्श किया गया। 15



वें वित्त आयोग अन्तर्गत पूर्व में निजी जमीन पर ली गई योजनाओं को घटनोत्तर स्वीकृति हेतु विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष, जिला परिषद्, पाकुड़ को आवटिंत सरकारी वाहन का मरम्मति हेतु विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष, जिला परिषद्, पाकुड़ को किराये पर वाहन लेने हेतु घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला परिषद, पाकुड़ को आवटिंत सरकारी वाहन में टायर एवं मरम्मति की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान के संबंध में विचार- विमर्श किया गया। पेयजल से संबंधित सुझाव पर विचार- विमर्श, जिला परिषद्, पाकुड़ द्वारा नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत नगर थाना के समक्ष निर्मित मार्केट कॉम्प्लैक्स-सह -मैरेज हॉल (अटल मार्केट) के हस्तांतरण के संबंध में विचार- विमर्श किया गया। जिला परिषद् डाकबंगला, पाकुड़ को आय स्त्रोत का साधन के रुप में विकसित करने के संबंध में विचार- विमर्श किया गया। जिला अभियंता, जिला परिषद्, पाकुड़ का प्रभार किसी अन्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिये जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। पाकुड़-बड़हरवा मुख्य सड़क में ग्राम राजीपुर के समीप तीनमुहानी सड़क के बीच एक फुलोझानो की मूर्ति अधिष्ठापित करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।पाकुड प्रखण्ड के शहरकोल पंचायत अन्तर्गत गोकुलपुर स्थित पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक को अमर शहीद चाँद भैरो के नाम से नामकरण करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने इलाके में होने वाली समस्या को लेकर चर्चा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएचईडी विभाग के नए कार्यपालक अभियंता के रूप में अनंत प्रसाद सिंह ने दिया योगदान



**पाकुड़** : पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ के नए कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। नए कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह ने निवर्तमान कार्यपालक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव से प्रभार लिया, जिन्हें विभाग के द्वारा पाकुड़ से गिरिडीह स्थानांतरित कर दिया गया है। मौके पर नए अभियंता अनंत प्रसाद सिंह ने कहा कि जिले में पेयजल व स्वच्छता के क्षेत्र में लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि वे इससे पूर्व रांची जिले में पीएचईडी विभाग में ही कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के साथ मिलकर एक बेहतर माहौल के साथ कार्य किया जाएगा। पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास होगा। मौके पर तत्कालीन कार्यपालक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने कार्यकाल के अनुभव को विभागीय कर्मियों के समक्ष साझा किया। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण तो एक सरकारी प्रक्रिया है।

### विश्व प्रवासी पक्षी दिवस पर प्लस टू हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबगंज**: उधवा विश्व प्रवासी पक्षी दिवस के अवसर पर साहेबगंज वन प्रमंडल के सौजन्य से प्लस टू हाई स्कूल, उधवा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष इस दिवस की थीम थी ‡पक्षी अनुकूल शहर और समुदाय बनाना‡। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को प्रवासी पक्षियों के महत्व, उनकी सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत भाषण से की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता और पक्षियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने प्रवासी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके प्रवास के कारणों और संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकगण, और स्थानीय ग्रामीणों की भी सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर पक्षी संरक्षण की दिशा में अपने-अपने विचार साझा किए और एक सामूहिक संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के पर्यावरण को पक्षियों के अनुकूल बनाएंगे।कार्यक्रम के अंत में इकोस ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक किसलय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्नपक्षी प्रकृति का अहम हिस्सा हैं और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हमें मिलकर ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे हमारे शहर और गांव प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बन सकें।

### बटाईल गांव में नया ट्रांसफार्मर दोबारा लगने पर ग्रामीणों में खुशी



**बरहरवा**: बीते सोमवार को बटाईल पंचायत अंतर्गत बटाईल गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने 25 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर के जल जाने की शिकायत लिखित आवेदन देकर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान से किया था। पूरा गांव अंधेरा में था,भीषण गर्मी से ग्रामीण परेशान थे। ग्रामीणों के आवेदन पर तुरंत संज्ञान में लेते हुए बरकत खान ने इसकी सूचना स्थानीय विधायक निसात आलम को दिया। निसात आलम ने विभागीय कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र बिजली ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल करने का निर्देश विभाग को दिया। आज शनिवार को 63 केवीए का बिजली का ट्रांसफार्मर विभाग के द्वारा लगा दिया गया जिसमें दोबारा विधायक के प्रयास से बिजली आने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की झलक देखा गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। पुनः ट्रांसफार्मर के लग जाने विधायक निसात आलम एवं बरकत खान को ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। मौके पर बटाईल पंचायत के मुखिया समुद्री बासकी, पंचायत समिति सदस्य शंभू रजक, संजय मंडल, सुमन मंडल, प्रभाकर मंडल, शिवप्रसाद महतो, अमित रजत, अशोक महतो, पप्पू रजक, ब्रह्मदेव महतो, सीताराम महतो, आदि उपस्थित थे।

### डाकघर में लगी आग, कई समान जलकर राख

**पाकुड** : जिला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में शनिवार को अचानक आग लगने से कंप्यूटर सहित कई अन्य सामान जलकर राख हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शनिवार को डाकघर से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने डाक कर्मी और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही डाक कर्मी और अधिकारी पहुंचे और जैसे ही डाकघर का दरवाजा खोला, तो भयानक आग और धुआं दिखा। इसी क्रम में फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर सबसे पहले बिजली कनेक्शन काटा और पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक कई सामान जलकर राख हो चुके थे। अग्निशमन पदाधिकारी रमेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट लगती है। उन्होंने बताया कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। नुकसान के बारे में डाक विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई लिखित जानकारी नहीं दी गई है। उप डाकपाल अनाथ कुमार दास ने बताया कि शुक्रवार शाम में काम खत्म होने के बाद सभी कर्मी और अधिकारी कार्यालय बंद कर चले गए थे। शनिवार को आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने दी। आग लगने के कारण कई कंप्यूटर, सर्वर, प्रिंटर, स्कैनर, टेबल, कुर्सी, इनवर्टर, बिजली के तार सहित कई अन्य सामान जलकर राख हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बच गए हैं। आग की जांच के लिए दुमका से अधिकारी आ रहे हैं। आग लगने से काफी नुकसान हुआ है और इस कारण काम पूरी तरह बाधित हो गया है।

# बिहार की शूटर्स जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

## 10 मीटर एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में बिहार को मिला पहला मेडल

**भागलपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में बिहार की शूटर्स जोड़ी ने आज ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 10 मीटर एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की जोड़ी ने 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश को हराया। पहले चार राउंड तक बिहार ने बढ़त बना ली थी। वहीं, बिहार ने आज दो गोल्ड मेडल भी जीता है। बिहार की रग्बी टीम ने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के दौरान ओडिशा को हराकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बिहार की ओर से दिव्या श्री का प्रदर्शन शुरू से ही बेहद स्थिर और प्रभावशाली रहा। पहले राउंड में उन्होंने 20.8 और फिर 20.3 और 20.5 का स्कोर दर्ज किया। उनकी निरंतरता ने टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई।




रुद्र प्रताप ने चौथे राउंड से लय पकड़ी और 5वें से 15वें राउंड तक टीम को मजबूती से बनाए रखा। बिहार की लड़कियों ने ओडिशा की टीम को 22-0 से हराते हुए एकतरफा जीत दर्ज की जबकि लड़कों ने रोमांचक मुकाबले में 14-12 से जीत हासिल की। अब बिहार के पास तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदक हैं और वह अंक तालिका में 13वें स्थान पर है। एक समय स्कोर 13-13 पर बराबरी पर था लेकिन 14वें राउंड में बिहार ने बढ़त बना ली। यूपी टीम ने 14वें राउंड में 20.9 का स्कोर किया जबकि बिहार टीम का स्कोर 21.0 रहा। इस प्रकार बिहार टीम को 2 अंक मिले और स्कोर 15-13 हो गया। 15वें और आखिरी राउंड में यूपी को बराबरी के लिए 2 अंकों की जरूरत थी, लेकिन दोनों टीमों ने 20.6-20.6 का बराबर स्कोर किया। इस वजह से दोनों टीमों को 1-1 अंक प्राप्त हुआ। इस प्रकार बिहार टीम ने 16-14 से ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला जीत लिया। वहीं, झारखंड के चतरा जिले की सबीना ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीन पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने लड़कियों की कीरिन और टीम स्प्रिंट में दो स्वर्ण पदक, तथा 200 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक हासिल किया। सबीना ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स था और मैं अपनी परफॉर्मेंस और तीनों पदकों से बहुत खुश हूं। इनमें से व्यक्तिगत कीरिन मेरा सर्वश्रेष्ठ था।




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगूसराय जिले के यमुना भगत स्टेडियम में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के खेल परिसर का मुआयना करने पहुंचे थे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात भी की। इस बीच उन्होंने आंध्र प्रदेश और हरियाणा की महिला खिलाड़ियों के बीच हुए फुटबॉल मैच का अवलोकन भी किया।

### लड़कियों के वर्ग में महाराष्ट्र का दबदबा

राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज युवा प्रतिभाओं ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जहां खेलो इंडिया टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतर्गत गर्ल्स और बॉयज सिंगल्स क्वार्टर-फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों के उत्साह को और अधिक बढ़ाया। हरि रंजन राव, सचिव, खेल विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित अधिकारियों का समूह इस आयोजन का साक्षी बना। इसमें रविंद्रण शंकरण, महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, जिलाधिकारी, नालंदा, पुलिस अधीक्षक, नालंदा, ममता श्री ओझा, निदेशक, खेलो इंडिया और कमलेश मेहता, सचिव, टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया शामिल थे। गर्ल्स सिंगल्स क्वार्टर-फाइनल में महाराष्ट्र की खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया। चार में से तीन सेमीफाइनलिस्ट महाराष्ट्र से हैं, जो राज्य के मजबूत टेबल टेनिस आधार को दर्शाता है। तमिलनाडु की एम. हंसिनी ने वेस्ट बंगाल की सयानी पांडा को सीधे सेटों में 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।



हंसिनी का खेल शुरू से ही आक्रामक था और उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। महाराष्ट्र की दिव्यांशी भौमिक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु की नंधिनी बालाजी रीना को 3-0 से पराजित किया। दिव्यांशी के फोरहैंड स्ट्रोक्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक और महाराष्ट्रीय खिलाड़ी सुक्रति शर्मा ने दिल्ली की वंशिका मुद्गल को कड़ी टक्कर में 3-1 से हराया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जहां वंशिका ने एक सेट जीतकर वापसी की कोशिश की, लेकिन सुक्रति के अनुभव के आगे उन्हें झुकना पड़ा। महाराष्ट्र की काव्या भट्ट ने भी दिया ब्रह्मचारी को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे महाराष्ट्र का दबदबा और भी मजबूत हुआ।

## गया: इलेक्ट्रॉनिक दुकान से छह लाख की चोरी

**गया ।** अतरी इलाके में इलेक्ट्रॉनिक दुकान से 6 लाख की चोरी हुई है। शुक्रवार देर रात ताला तोड़कर चोर दुकान के अंदर घुसे। सबसे पहले लाइन काटी। फिर टीवी, कूलर, मिक्सर, पंखा, इन्वर्टर समेत कीमती सामान पिकअप में डालकर ले भागे।पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना टेउसा बाजार की है। खिजरसराय के बाना गांव निवासी दुकानदार रॉकी कुमार ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दुकान से चोर सामान लेकर ऐसे निकल गए, जैसे उन्हें किसी का डर ही नहीं हो। घटनास्थल से थाना सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। इसके बाद भी पुलिस 5 घंटे बाद पहुंची। एसडीओ



गोपाल कुमार को जानकारी दी गई तो उन्होंने सीओ को भेजने की बात कही। इसके बाद भी सीओ नहीं आए।

पुलिस की कार्यशैली से नाराज डीएसपी प्रकाश कुमार ने थानाध्यक्ष से जवाब मांगा तो उनके पास बोलने को कुछ नहीं था। इसके बाद गुस्साए लोगों ने टेउसा बाजार में सड़क जाम कर दिया। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## एक मां के 14 बच्चे जन्म लेने के बाद ही मर गए, 15वें को कैसे बिहार के अस्पताल ने बचा लिया

**रोहतास।** बिहार के रोहतास जिले से एक ऐसी मां की कहानी सामने आई है, जिसने अब तक 15 बच्चों को जन्म दिया है। इसे दुर्भाग्य ही कहिये कि उस महिला के सभी 14 बच्चे आज जिंदा नहीं हैं। इस बार सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती महिला के 15 वें बच्चे को भी बड़ी मुश्किल से बचाया जा सका है, जिससे सदर अस्पताल के डॉक्टर एवं बच्चे के परिवार में काफी खुशी है। दिनारा प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर की रहने वाली सैफुल खातून ने बताया कि वह अबतक 15 बच्चों को जन्म दे चुकी है, लेकिन सभी बच्चों की मौत हो गई। इस संबंध में महिला ने बताया कि अब तक जन्म लेने वाले सभी बच्चे पांच या 6 महीने में ही




हुए हैं। इस वजह से सभी कुपोषण व कमजोरी के चलते 14 बच्चों की मौत हो गई। अब जब 15वां बच्चे ने जन्म लिया है तो उसकी भी स्थिति काफी नाजुक थी, लेकिन सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने इसका बेहतरीन इलाज किया, जिसके बाद उसकी स्थिति में काफी सुधार हुआ है। महिला ने बताया कि सासाराम के एक निजी अस्पताल में हुए बच्चे का जन्म के समय उसका वजन मात्र 500 ग्राम था। कई दिनों तक निजी अस्पताल में रखने के बावजूद नवजात की स्थिति में जब कोई सुधार नहीं हुआ तो अपने बच्चे को लेकर सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां एक सप्ताह में ही बच्चे का वजन लगभग 700 ग्राम हो गया। वहीं बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं बच्चे को जब अस्पताल से छुट्टी दी जा रही थी, तो सिविल सर्जन खुद एसएनसीयू पहुंचे और बच्चें की देखरेख करने वाले डॉक्टर व सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मिठाई खिलाई। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को गुलाब का फूल भेंट कर उनका हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ मणिराज रंजन ने बताया कि सदर अस्पताल में नवजात बच्चों के इलाज के लिए तमाम व्यवस्थाएं हैं। अभी फिलहाल 10 रेडिएंट वार्मर उपलब्ध है, जिसमें नवजात बच्चों का इलाज होता है। रेडिएंट वार्मर के अलावा उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी बेहतर सेवा दे रहे हैं, जिसका परिणाम है कि बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी आई है।

### संक्षिप्त डायरी

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच सीतामढ़ी में बढ़ाई गई मंदिरों की सुरक्षा, पुलिस बल की हुई तैनाती

**सीतामढ़ी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और संभावित युद्ध के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। खासकर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर



प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। पुनौरा धाम, बगाही धाम और अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। मठ-मंदिरों के आसपास सीसीटीवी निगरानी भी की जा रही है। एसपी अमित रंजन ने बताया कि फिलहाल चार मठ मंदिरों में एक पदाधिकारी और चार पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा अन्य संवेदनशील जगहों को चिह्नित कर सदर एसडीओ से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के बाद संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात को देखते हुए किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा रही है। जिले भर में सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। वहीं, सदर डीएसपी राम कृष्णा ने बताया कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार है। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिरों के प्रबंधन समितियों से भी समन्वय बनाया जा रहा है। प्रशासन की इस तत्परता से श्रद्धालुओं में भी सुरक्षा को लेकर विश्वास बना है।

## कैमूर में दिनदहाड़े बदमाशों ने बाइक सवार युवक पर की अंधाधुंध फायरिंग, हालत नाजुक

**कैमूर।** जिले में दुर्गावती थाना क्षेत्र के यूपी-बिहार कर्मनाशा बॉर्डर पर खजुरा बाजार में दिनदहाड़े कार सवार अपराधियों ने बाइक सवार युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दिया। घटना के बाद यूपी-बिहार बॉर्डर पर



दहशत फैल गया। सबसे बड़ी बात यह की घटना को अंजाम देकर कार सवार बदमाश खजुरा अंडरपास के रास्ते लरमा देवहलिया रामगढ़ पथ से भाग निकले। हालांकि, कैमूर पुलिस ने घटना के तुरंत बाद चारो तरफ नाकाबंदी कर दी। यही कारण है कि घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों को अहिनवरा गांव के समीप पुलिस ने धर दबोचा। बताया यह जा रहा है कि चार में से दो बदमाश भागने में सफल रहे। वहीं, घायल अवस्था में यूपी के सैयदराजा थाना क्षेत्र के भतीजा गांव निवासी मुन्ना पासवान 32 वर्ष पिता गुल्लू पासवान को इलाज के लिए यूपी के निजी अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद 4:30 बजे बाइक सवार जैसे ही खजुरा बाजार के तरफ आ रहा था। इसी बीच हथियार बंद कार सवार बदमाश पहुंचे और बाइक सवार युवक पर अंधाधुंध फायरिंग पांच-छह राउंड फायर कर दिया। घटना के बाद मुन्ना पासवान सड़क पर लहुलुहान लहान हालत में गिर गया।

### राज्य में मध्य विद्यालयों के बच्चे सबसे ज्यादा बीच में छोड़ रहे पढ़ाई

## 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट

**भागलपुर।** बिहार में मध्य विद्यालयों के बच्चे आठवीं पास करने के बाद ज्यादा स्कूल छोड़ रहे हैं। इसका खुलासा यू डायस प्लस के एनुअल एवरेज ड्राप आउट रेट रिपोर्ट से हुआ है। उसमें बिहार में छठी से आठवीं कक्षा की पढ़ाई के बाद ज्यादातर बच्चों के पढ़ाई छोड़कर दूसरे कार्यों में लग जाने की बात सामने आई है। स्कूल का त्याग करने वाले बच्चों में एक दो प्रतिशत की नहीं 10.01 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। शिक्षा विभाग के सूत्रों का मानना है कि ड्राप आउट बाक्स में बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इस तथ्य के आधार पर 2024-25 के डाटा सुधारने का काम किया जा रहा है। 2023-24 के एनुअल एवरेज ड्राप आउट रेट रिपोर्ट के मुताबिक उस सत्र में 25.9 प्रतिशत बच्चों ने आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ी। 2022-23 में यह



आंकड़ा 15.8 प्रतिशत था। राष्ट्रीय ड्राप आउट रेट की बात करें तो उसमें छठी से आठवीं के बाद लगातार कमी आ रही है। लेकिन बिहार में यह बढ़ती दिख रही है। 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर ड्राप आउट की दर 5.2 प्रतिशत थी। 2022 में 8.1 प्रतिशत थी। वहीं बिहार में प्राइमरी स्कूलों में बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की दर घट रही है। 2022-23 में इसकी दर 10.7 थी, जो 2023-24 में घटकर 8.9 पर आ गई है। वहीं सेकेंडरी यानी नवमी दशमी के बाद भी पढ़ाई छोड़ने की दर बिहार में कम है। 2022-23 में 29.5 प्रतिशत बच्चे पढ़ाई छोड़ रहे थे। लेकिन 2023-24 की रिपोर्ट के मुताबिक उसका ग्राफ घटकर 25.6 पर आ गया है। असर की रिपोर्ट के मुताबिक ड्राप आउट बढ़ने का सबसे बड़ा कारण बच्चों का स्कूल तक नहीं पहुंच पाना है। जबकि शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए कई तरह की कवायदें की जा रही हैं। असर की जिला बार रिपोर्ट बताती है कि छह से 14 साल की उम्र के बच्चों को स्कूल जाने में अब भी कहीं न कहीं परेशानी हो रही है या बच्चे आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अररिया जिले में इन कक्षाओं के 9 प्रतिशत बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। वहीं मधेपुरा जिले में 6.01 प्रतिशत बच्चे स्कूल में नामांकित नहीं हैं। भागलपुर और कटिहार जिले में 5 प्रतिशत बच्चे स्कूल जाने से वंचित हैं। वहीं बांका में 4.1 प्रतिशत, जमुई में 3.4, खगड़िया में 2.7, किशनगंज में 3.8, लखीसराय में 3.6, मुंगेर में 2.4, पूर्णिया में 3.1, सहरसा में 2.6 और सुपौल में 4.4 प्रतिशत बच्चे अभी भी स्कूल नहीं जा रहे हैं।

## धूमधाम से मनाया गया राणा-भामा सम्मलेन



**पटना ।** श्री कृष्ण मेमोरियल में राणा-भामा सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री नीरज बबलू ने कहा कि सभी लोग हाथों में तलवार लेकर तैयार रहिए। हमें कभी भी लड़ाई के लिए जाना पड़ सकता है। बिहारियों को अगर छूट दिया जाए तो पाकिस्तान को धूल चटा देगा। नीरज बबलू ने कहा कि आप अपनी क्षमता का सही उपयोग करें। अपनी क्षमता का दुरुपयोग ना करें। हमारा देश युद्ध कर रहा है। हमें अपने सेना पर गर्व हो रहा है, जो पाकिस्तान में घुसकर वार कर रहा है। पाकिस्तान रो रहा हैं कि हमको बचाओ लेकिन पाकिस्तान को कोई पानी भी नहीं देने वाला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि देश बहुत ही नाजुक दौर से गुजर रहा है। पहलगाम में जो निर्मम लोगों की आतंकवादियों ने हत्या की, मिथिला की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है, उनसे चुन-चुनकर बदला लिया जाएगा। दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज भी हम युद्ध की स्थिति में है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को करना था, लेकिन वह लगातार सेना के साथ बैठक कर रहे हैं, इसलिए राजनाथ सिंह उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने मुझसे मुझे फोन से उन्होंने सबसे माफी मांगने के लिए कहा है।

## वैशाली जेल में रची समस्तीपुर बैंक लूट की साजिश: बैंक में अभी भी गार्ड नहीं

**समस्तीपुर ।** काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बुधवार को दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई। अपराधियों ने 9.75 किलो सोना और 15 लाख 2 हजार 791 रुपए लूट लिए। बैंक के ब्रांच मैनेजर शानू सक्सेना शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11:45 बजे 9 लोग बैंक में घुसे। उन्होंने हथियार दिखाकर बैंक कर्मियों और ग्राहकों को बंधक बना लिया। अपराधियों ने लॉकर से सोना और नकदी लूटी। विरोध करने पर गोली चलाई और सभी को लेडीज टॉयलेट में बंद कर दिया। सूत्रों के अनुसार, लूट में शामिल सभी अपराधी वैशाली जिले के रहने वाले हैं। यह साजिश जेल में बैठकर रची गई। वारदात के बाद सभी अपराधी नेपाल फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान कर ली है। बैंक में अभी भी गार्ड नहीं है।



इसको लेकर एलडीएम प्रषित झा ने बताया कि जिले में बैंकों की सुरक्षा को लेकर 8 मई को बैठक हुई है। जल्द ही सभी बैंकों में सुरक्षा गार्डों की तैनाती की जाएगी। नियमों के अनुसार पुलिस को दिन में तीन से चार बार बैंकों का निरीक्षण करना होता है। सदर एसडीपीओ संजय पांडे ने बताया कि पुलिस की गश्ती गाड़ियां नियमित रूप से गश्त करती हैं। लेकिन बैंकों में सुरक्षा गार्डों की कमी चिंता का विषय है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। काशीपुर शाखा के बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ब्रांच मैनेजर शानू सक्सेना, उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी हैं। इन्होंने नगर थाना में घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बुधवार को करीब 11:45 बजे कुछ लोग बैंक में घुसे और हथियार के बल पर बैंक कर्मियों व ग्राहकों को बंधक बना लिया। लॉकर से 9.75 किलो सोना और नकद रुपए लूट लिए गए। विरोध करने पर गोली भी चलाई गई और सभी को लेडीज टॉयलेट में बंद कर दिया गया। इस मामले को लेकर रद्ध अशोक मिश्रा ने बताया कि 'बदमाशों ने सभी कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया था। अंदर बैठे ग्राहकों का भी मोबाइल ले लिया। लूट की राशि 15 लाख और करीब साढ़े 4 करोड़ के गहने हैं।' 'अपराधियों की भागने की दिशा में पुलिस की टीम को लगाया गया है। उनकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।' 'घटना की सूचना काफी देर बाद बैंक की ओर से हमें मिली।

# सबसे उंची इमारत पर भाजपा का कब्जा

## पूर्व सांसद के बेटे महेश बने उपाध्यक्ष

**पटना।** बिस्कोमान के चुनाव में राजद एमएलसी सुनील सिंह को जोर का झटका लगा है। मतदान के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वोट की कमी की वजह से वंदना सिंह हार गयीं। उन्हें 8 वोट मिले, जबकि विशाल सिंह को 12 वोट मिले हैं। सुनील सिंह बार-बार सरकार पर यह आरोप लगा रहे थे कि सरकार चुनाव नहीं कराना चाह रही है। उनका आरोप था कि सरकार यह नहीं चाहती है कि सुनील सिंह की टीम आगे आये। चुनाव भी सरकार नहीं कराना चाहती है। अब चुनाव भी हो गया और मतदान भी समाप्त हो गया है। बिस्कोमान के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित विशाल कुमार सिंह की पारिवारिक पृष्ठभूमि पूर्व से ही सहकारिता के राजनीति से जुड़ी हुई है। उनके दादा तपेश्वर प्रसाद सिंह देश के सहकारिता के बड़े नेता रह चुके हैं। विशाल सिंह के पिताजी अजीत सिंह जो जदयू से पूर्व सांसद तो उनके दिवंगत होने के बाद उनकी मां मीना सिंह भी बिक्रमगंज का सांसद रह चुकी है। विशाल सिंह लंबे समय से नेफेड के अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। वहीं उनके ससुराल की बात की जाए तो राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सह यूपी के केशरगंज लोकभसभा के छह बार सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह विशाल सिंह के ससुर हैं। अभी वर्तमान में विशाल के बड़े साले विधायक हैं तो वहीं छोटे साले करण भूषण सिंह पिता के ही सीट केशरगंज से सांसद हैं। विशाल सिंह फिलहाल बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी हैं। महेश राय गोपालगंज के पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे दिवंगत नगीना राय के बड़े पुत्र है। महेश राय लगातार चार टर्म से



दी गोपालगंज सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष पद पर काबिज है । इनके पिता नगीना राय भी सहकारिता के पुरोधा कहे जाते थे। देश में सहकारिता के वरिष्ठ नेताओं में उनकी भी गिनती होती थी। बिहार में को ऑपरेटिव बैंक को शिखर पर पहुंचाने में उनका अहम योगदान माना जाता है। वहीं एक नजर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पिता के निधन पर नजर डालें तो पूर्व सांसद नगीना राय की जहां उनके ही विधानसभा कुचायकोट थाना क्षेत्र के भूपतिपुर में गोली मार कर हत्या कर दी गई, तो वहीं विशाल सिंह के पिता दिवंगत अजीत सिंह गोपालगंज में ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। सांसद रहते अजीत सिंह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गोपालगंज जिले के करिया गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए सिवान के रास्ते गोपालगंज जा रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराजगंज के वर्तमान सांसद उमाशंकर सिंह शामिल होकर गोपालगंज से सिवान के लिए लौट रहे थे। दोनों लोगों की मुलाकात गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के अमलोरी में हो गई। दोनों सांसद अपनी अपनी गाड़ी खड़ी कर आपस में हाल-चाल करने लगे। इसी बीच सिवान के तरफ से गोपालगंज के तरफ जा रही एक बस ने अजीत सिंह की गाड़ी को ठोकर मार दी। दुर्घटना में दोनों सांसद अजीत सिंह और उमाशंकर सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान अजीत सिंह का निधन हो गया।



# बाथ टब में नहाओ

**जब बच्चे बाथ टब में नहाते हैं तो सभी को अच्छा लगता है। आप भी अपने बच्चो को बाथ टब में नहलाइये फिर देखिए कितना आनंद आता है।**

बच्चों को अगर पानी मिल जाए तो बात ही क्या है। ऐसा कोई बच्चा नहीं होता जिसे पानी में छई-छप-छई करना अच्छा नहीं लगता। समय के अभाव में हम सभी को रोज-रोज बच्चों को वॉटर पार्क ले जाने का भी समय नहीं निकलता। ऐसे में बच्चों के फेवरेट कार्टून कैरेक्टर में अगर पानी के बड़े-बड़े टब मिल जाएं तो क्या कहने। इससे खेलने का खेलना भी हो जाता है और बाहर भी नहीं निकलना पड़ता। यह बाथिंग टब आपको कहीं भी मिल जाएंगे। इन दिनों बच्चों के रंगीन बाथिंग टब को आप सड़क किनारे कहीं भी देख सकते हैं। इन रंगीन टब को देखते ही बच्चों के चेहरे खिल जाते हैं।

## बाथ टब के फायदे

बाथ टब में नहाने से एक तो बच्चों को पानी में छपा-छई करने का मौका मिलता है वहीं दूसरी ओर अपने फेवरेट कार्टून केरेक्टर के साथ खेलने का भी। एक तरह से यह मिनी स्विमिंग पुल होता है। बाथ टब में नहाकर छोटे बच्चे घर में ही वॉटरपार्क का लुत्फ उठा सकते हैं। बाजार में आपको बाथ टब 400 रुपए के शुरुआती दाम से 1500 रुपए तक की कीमत में आसानी से मिल जाएगा। घर में यह टब होने से आपके बच्चे मनभर कर पानी खेल सकते हैं। इन टब को आप अपने घर के स्पेस के अनुसार खरीद सकते हैं। साथ ही फोल्डेबल होने पर इन्हें आप उठा कर रख भी सकते हैं।

## क्या आप जानते हैं?

मधुमक्खी के एक छत्ते में 20,000 से 80,000 तक मधुमक्खियां हो सकती हैं।

चंदबरदाई को हिन्दी का पहला कवि और उनकी रचना पृथ्वीराज रासो को हिन्दी की पहली रचना होने का गौरव प्राप्त है।

दुनिया में चीनी का वार्षिक उत्पादन 13.4 मीट्रिक टन होता है जब कि नमक का 21 करोड़ टन, यानी चीनी से डेढ़ गुना ज्यादा।

नील नदी की लंबाई (650 किलोमीटर) पृथ्वी की त्रिज्या (6400 किलोमीटर) से भी अधिक है। अभी नए अनुसंधानों से पता लगा है कि आमेजन इससे भी ज्यादा लंबी नदी है।

भारतीय मसालों के लोकप्रिय निर्माता और निर्यातक प्रतिष्ठान एमडीएच का पूरा नाम महाशियां दी हट्टी है।

संयुक्त अरब अमीरात की जनसंख्या में प्रवासी नागरिकों का प्रतिशत 85 है, जिनमें 40 प्रतिशत लोग भारतीय हैं।

कर्नाटक के हरिहर नगर स्थित हरिहरेश्वर मंदिर की प्रतिमा आधी विष्णु और आधी शिव के रूप में हैं।

## तेनाली राम के किस्से

# जासूस सेवक

राजा कृष्णदेव की सेना ने कई राज्यों को अपने अधीन कर लिया था। उनके वर्चस्व से घबराकर बीजापुर के सुल्तान ने अपने एक सेवक को जासूस बनाकर विजयनगर भेजा। उस जासूस की योजना थी कि राजमहल में ही राजा की हत्या कर दी जाए। इसके लिए ब्राह्मण का भेष धरा। राजमहल में दरबार लगा था। तिलकधारी ब्राह्मण धारा-प्रवाह संस्कृत के श्लोकों से सभी को प्रभावित कर रहा था। कृष्णदेव तो इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्राह्मण को अपने महल में ही ठहरने का स्थान दे दिया। तेनाली को यह सब उचित नहीं लगा। वे उस समय तो कुछ नहीं बोला मगर उस ब्राह्मण पर नजर रखने लगा। कुछ ही दिनों में तेनाली को ऐसा संकेत मिल गया कि वह ब्राह्मण राजा के विषय में व्यक्तिगत जानकारियां ले रहा है। तेनाली ने राजा को सचेत किया। एक बार ब्राह्मण की अनुपस्थिति में उसके कमरे की सफाई करते समय तेनाली भी वहां मौजूद था। उसने देखा और पूरा विश्वास हो गया कि यह ब्राह्मण के भेष में कोई जासूस है। तेनाली ने राजा से कहा-महाराज! ब्राह्मण, ब्राह्मण नहीं है।' राजा ने पूछा-'क्या मतलब?' 'यही कि महाराज यह कोई अन्य धर्म का मानने वाला है। यह आपसे छल कर रहा है,' तेनाली बोला। 'यदि तुम यह सिद्ध कर दो तो तुम्हें पुरस्कार मिलेगा', राजा ने कहा। उसी दिन तेनाली और राजा ने रात के समय उस ब्राह्मण के कमरे में प्रवेश किया। एक सैनिक भी उनके साथ था जिसके हाथ में गरम पानी की बाल्टी थी। तेनाली के आदेश पर सैनिक ने गरम पानी की बाल्टी को ब्राह्मण पर उड़ेल दिया। वह लगा उछलने और 'अल्लाह-अल्लाह' चिल्लाने लगा। राजा समझ गए यह बीजापुर के सुल्तान का जासूस है जो भेष बदलकर यहां छिपा हुआ था। राजा को देखते ही जासूस ने उन पर वार किया जिसे राजा के सैनिक ने अपनी तलवार पर रोक लिया। राजा ने एक ही वार से जासूस का वध कर दिया। अगली प्रातः पूरे नगर में चर्चा थी कि तेनाली के कारण राजा की जान बच गयी।



# इन बातों का रखो ध्यान

**तुम** किसी के भी घर जाते हो तो सबसे पहले वहां के लोग तुम्हारी एक्टिविटीज से तुम्हारे बेसिक मैनर्स को समझ जाते हैं। तभी तो कई लोगों को तुमने कहते सुना होगा कि वह बच्चा कितना समझदार है, उसके पेरेंट्स ने उसे कितने अच्छे मैनर्स सिखाएं हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तुम्हें भी सभी बेसिक मैनर्स आएं, जिससे सब तुम्हारी और तुम्हारे मम्मी-पापा की तारीफ करें। तो कहीं भी जाओ, इन बातों का ध्यान रखो-

अगर किसी के कमरे का दरवाजा बंद है तो पहले दरवाजे पर नॉक करो और जवाब आने का इंतजार करो, फिर ही कमरे में घुसो।

अगर तुम्हें किसी से कुछ लेना है तो पहले सामने वाले से पूछो। खुद से उस वस्तु को मत उठा लो। हां, उसे वह चीज वापस करने का वादा भी करो। इस बात का भी ध्यान रखना कि टाइम पर चीज को वापस कर दो।

किसी की परमिशन के बिना उसकी पर्सनल चीजों को मत छेड़ो या खोलकर देखो। ये बहुत ही बुरी आदत मानी जाती है।

किसी की डायरी या खत मत पढ़ो।

घर की बातों को घर में ही रखो। अगर मम्मी-पापा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई है या घर का बिजनेस ठीक नहीं चल रहा है या आपका भाई पढ़ने में अच्छा नहीं है, इस तरह की बातों को दूसरे के सामने मत बोलो।

सबसे जरूरी है कि अपना काम खुद ही करो। बाथरूम, टॉयलेट, किचन और टीवी रूम से निकलने से पहले उसे पहले की तरह साफ करके निकलो। पूरे घर में जूठे बर्तन मत फैलाओ। अपनी भीगी तौलिया खुद धूप में डालो।

पब्लिक प्लेस पर किसी का मजाक मत उड़ाओ। इससे सामने वाले को बहुत दुख होता है। मजाक उड़ाने से पहले ये जरूर सोचो कि अगर कोई तुम्हारा मजाक बनाएगा तो तुम्हें कैसा लगेगा।




# मिक्की और डोनाल्ड सिखाएंगे अंग्रेजी

**डिजनी** के फेमस कार्टून कैरेक्टर मिक्की माउस और डोनाल्ड डक अब सिर्फ बच्चों का मनोरंजन ही नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें शिक्षा भी देंगे। मिक्की माउस और डोनाल्ड डक को चीन के बच्चों को अंग्रेजी सीखाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के जरिए हर साल तकरीबन डेढ़ लाख बच्चों को अंग्रेजी सिखाने का लक्ष्य रखा गया है। डिजनी पब्लिशिंग वर्ल्डवाइड के रसेल हैम्पटन ने बताया कि कार्टून कैरेक्टर से अंग्रेजी सिखाने का फंडा काफी लाभदायक साबित हो रहा है। दुनिया भर में चीन में सबसे अधिक अंग्रेजी शिक्षण के प्राइवेट सेक्टर खुल रहे हैं। इसलिए प्रारंभिक तौर पर चीन के बच्चों को कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से अंग्रेजी सिखाने का प्रोजक्ट शुरू किया गया है। अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चों को इसका ज्ञान देना पैरेंट्स के लिए जरूरी हो गया। आमतौर पर अंग्रेजी के ट्यूशन पर काफी खर्चा आता है और इसके साथ ही बच्चों को घर से बाहर भी जाना पड़ता है, लेकिन अब कार्टून कैरेक्टर के जरिए बच्चे बिना किसी खर्च के घर बैठे अंग्रेजी सीख पाएंगे। इससे बच्चों और उनके पैरेंट्स दोनों को काफी सहूलियत होगी।

# कृत्रिम पत्ती बनाएगी बिजली

**मैसाचुसेट्स** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के दल ने सिलिकॉन, इलेक्ट्रॉनिक्स, निकल और कोबाल्ट जैसे विभिन्न उत्प्रेरकों की सहायता से एक ऐसी कृत्रिम पत्ती का निर्माण किया है, जो सूरज की रोशनी और पानी से ऊर्जा पैदा करती है।

दरअसल, यह पत्ती सूरज की रोशनी का इस्तेमाल करके पानी को उसके घटकों हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ देती है, जिनका इस्तेमाल बिजली पैदा करने में किया जा सकता है। इन पत्तियों की सहायता से भारत जैसे विकासशील देश में एक घर की प्राथमिकता जरूरत भर की बिजली पैदा की जा सकती है।

## जरूरत की बिजली

इस दल का लक्ष्य अब कम से कम कीमत वाला एक ऐसा उपकरण बनाने का है, जिसे कोई भी अपने घर की छत पर या आसपास लगाकर प्राथमिक जरूरत की बिजली प्राप्त कर सके। जापान में सुनामी आने के बाद जिस तरह परमाणु विकिरण फैला, उससे सभी देशों में परमाणु संयंत्रों के खतरे को लेकर चीख पुकार मची हुई है और जर्मनी जैसे देशों ने तो परमाणु संयंत्रों की स्थापना को लेकर अपने कान पकड़ लिए है। इस पृष्ठभूमि में नई खोज एक वरदान की तरह सामने आई है।

## खतरा भी ज्यादा

कोयले के भंडारों के कम होने और जल विद्युत के उत्पादन से होने वाले नुकसान, बल्कि पर्यावरणीय खतरे को ध्यान में रखते हुए दुनिया परमाणु ऊर्जा के विकल्प की ओर गई है, जो अपेक्षा स्वच्छ मानी जाती है, लेकिन इसका खतरा सभी तरह से ऊर्जा के मुकाबले कही ज्यादा है। ऐसे में सौर ऊर्जा ओर पवन ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों पर दुनिया भर में ध्यान दिया जा रहा है।

## बदल जाएगी किस्मत

कृत्रिम पत्ती के जरिए इस तरह वैकल्पिक ऊर्जा तैयार करने से दुनिया की किस्मत बदल जाएगी और तेज गति से आर्थिक विकास कर रहे भारत और चीन को तो सुदूर बसे अपने गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से खास फायदा होगा। तब गांव-कस्बे के हर घर का अपना पावर-हाउस होगा। आकाश में बिजली के तड़कने से ही इतनी बिजली पैदा होती है कि दुनिया को उसका संरक्षण करना आ जाए तो वर्षों तक बिजली की कमी नहीं रहेगी।

# शुभमन गिल होंगे नए टेस्ट कप्तान, ऋषभ पंत उपकप्तान! बुमराह को इसलिए होगी मना

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नए उप-कप्तान होंगे। उप-कप्तान का चयन सरल लगता है क्योंकि पंत विदेशी परिस्थितियों में भारत के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और जसप्रीत बुमराह का कद इतना बड़ा है कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है और साथ ही जब उनकी खुद की फिटनेस भी संदिग्ध है तो उनका पूरी श्रृंखला के लिए खेलना अनिश्चित है। पंत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इन देशों में सात बार 90 और 99 के बीच स्कोर बना चुके हैं।


भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अगर बुमराह कप्तान नहीं हैं तो उन्हें उप-कप्तानी की पेशकश करने का कोई मतलब नहीं है। क्रिकेट जगत जहां करिश्माई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा से हैरान है तो वहीं पता चला है कि चयन समिति ने इंग्लैंड में उन्हें कप्तानी सौंपने के विचार पर विचार किया है ताकि गिल को खुद को निखारने के लिए कुछ और समय मिल सके।

अभी तक कोहली ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है और माना जा रहा है कि उन्हें इंग्लैंड में आगामी 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने के लिए कहा जाएगा क्योंकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अनुभव की जरूरत होगी, विशेषकर तब जब रोहित शर्मा ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। हालांकि बीसीसीआई ने कोहली के टेस्ट करियर के संबंध में उनसे हुई बातचीत पर चुप्पी साधी हुई है। पीटीआई ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से संपर्क किया लेकिन उन्होंने अभी तक इस सवाल का जवाब नहीं दिया है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि यह सच है कि चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड श्रृंखला के लिए कोहली को भारतीय कप्तान बनाने के बारे में सोचा था। इससे गिल को कप्तानी की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल जाता। बुमराह की फिटनेस समस्याओं के कारण अजीत अगरकर की समिति की पंसद गिल लग रहे हैं। केएल राहुल को विकल्प के रूप में नहीं माना जा रहा है क्योंकि वह पहले से ही 33 से अधिक उम्र के हैं और बेंगलुरु के इस खिलाड़ी के लिए निरंतरता एक मुद्दा रहा है, भले ही वह ऑस्ट्रेलिया में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। उनका 11 साल के टेस्ट कैरियर के बाद 50 मैचों में 35 से कम का औसत प्रभावशाली नहीं है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा मई के तीसरे हफ्ते के अंत में की जाएगी जबकि भारत ए टीम की घोषणा अगले सप्ताह की शुरुआत में की जाएगी। अगर टेस्ट दौरे के लिए नए खिलाड़ियों में से एक का चयन निश्चित है तो वह तमिलनाडु के बाएं हाथ के साई सुदर्शन ही होंगे जिन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह या तो पारी की शुरुआत करेंगे या तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आएंगे।



# भारत में 2027 डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करने को इच्छुक है बीसीसीआई




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है और इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इंग्लैंड ने अब तक 2021 और 2023 में क्रमशः हैम्पशर और ओवल में डब्ल्यूटीसी खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की है। पीटीआई को पता चला है कि पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था।

पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर 2024 में ग्रेग बार्कले से पदभार संभालने के बाद वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं। एक सूत्र ने संकेत दिया- अगर भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचता है तो यह प्रशंसकों के लिए एक शानदार मौका होगा। पर अगर भारत फाइनल में नहीं खेलता है तो भी दो अन्य शीर्ष टीमों के बीच मैच में बहुत से लोग दिलचस्पी लेंगे।

# सीजफायर के बीच क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी, इसी सप्ताह शुरू होगा आईपीएल 2025

मुम्बई (एजेंसी)। भारत और पाक युद्ध विराम की घोषणा के तुरंत बाद ही आईपीएल 2025 के लिए रास्ता खुल गया है। माना जा रहा है कि आईपीएल गुरुवार या अधिकतम शुक्रवार तक फिर से शुरू हो सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) विवरण और शेष फिक्स्चर को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक कर रहा है, और यह विश्वसनीय रूप से समझा जाता है कि धर्मशाला को छोड़कर, मैच पूरे भारत में खेले जाएंगे। यह कदम तब उठाया गया है जब भारत ने दिन में पाकिस्तान से संपर्क करने के बाद युद्धविराम पर सहमति जताई थी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सीमा पार तनाव के कारण इस कैश-रिच लीग को स्थगित कर दिया था, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो जाएगी। हर फ्रैंचाइज़ के विदेशी खिलाड़ी अपने घर वापस आ रहे हैं, लेकिन उन्हें जल्द से जल्द अपनी-अपनी टीमों से जुड़ने के लिए कहा जाएगा। पता चला है कि हर टीम का विदेशी दल हवाई अड्डे की स्थिति के कारण घबराया हुआ था क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि सीमा तनाव के कारण उनकी गतिविधियाँ प्रभावित हों। हर



फ्रैंचाइज़ अब अपनी व्यवस्थाएँ शुरू कर देगी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड से विस्तृत निर्देश का इंतज़ार करेगी।

घटनाक्रम पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने बताया- हां, विदेशी खिलाड़ी घबराए हुए थे, लेकिन इसकी वजह एयरपोर्ट बंद होना और बाकी सब था। उन्होंने फ्रैंचाइज़ी की बात धैर्यपूर्वक सुनी और पूरा भरोसा था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बंद होने के डर से उनमें बहुत घबराहट पैदा हो गई। धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रोक दिया गया था और अगले सप्ताह टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने पर मैच को फिर से शुरू किए जाने की संभावना है। जहां तक अन्य खेलों का सवाल है, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल आईपीएल को फिर से शुरू करने के लिए विस्तृत मैचों को अंतिम रूप देगी।

# कोहली को टेस्ट रिटायरमेंट से रोकने के लिए बीसीसीआई ने बनाया प्लान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की योजना पर पुनर्विचार करने के लिए एक प्रभावशाली क्रिकेट हस्ती को शामिल किया है। यह कदम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज से पहले उठाया गया है।

कोहली ने बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा जताई है। हालांकि, बीसीसीआई ने उन्हें इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि इंग्लैंड दौरा और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का नया चक्र शुरू होने वाला है। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई ने एक प्रभावशाली क्रिकेट हस्ती को कोहली से मुलाकात करने और उन्हें टेस्ट क्रिकेट में करियर जारी रखने के लिए मनाने की जिम्मेदारी सौंपी है, खासकर इंग्लैंड दौरे को देखते हुए।

यह वही हस्ती है जिसने हाल ही में रोहित शर्मा से बात की थी, हालांकि वह स्थिति अलग थी, क्योंकि रोहित ने बाद में टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी। सूत्रों ने कहा कि कोहली आसानी से अपना फैसला नहीं बदलते, लेकिन इस हस्ती के शब्द उनके टेस्ट भविष्य पर कुछ प्रभाव डाल सकते हैं। कोहली ने 2011 में टेस्ट डेब्यू के बाद 123 टेस्ट में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं। यदि वे संन्यास लेते हैं, तो रोहित के साथ उनकी अनुपस्थिति में इंग्लैंड दौरे पर भारत को अनुभव की कमी खलेगी।

रोहित के संन्यास के बाद केएल राहुल और शुभमन गिल शीर्ष क्रम के सबसे अनुभवी बल्लेबाज होंगे, जबकि कोहली की अनुपस्थिति में मध्य क्रम में ऋषभ पंत सबसे अनुभवी होंगे। गिल को अगले टेस्ट कप्तान के रूप में प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जिसमें राहुल, पंत और जसप्रीत बुमराह भी रेस में हैं। कोहली और रोहित पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और यदि कोहली टेस्ट से भी हटते हैं, तो दोनों केवल वनडे क्रिकेट में भारत के लिए उपलब्ध होंगे।

इस बीच, अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति अगले कुछ दिनों में इंग्लैंड दौरे के लिए भारत 'ए' टीम का चयन करेगी। भारत 'ए' 30 मई से कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 चार दिवसीय मैच खेलेगी।



# कुंबले बोले इंग्लैंड दौरे के लिए बुमराह को बनाओं कप्तान

नई दिल्ली । रोहित शर्मा के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगला टेस्ट कप्तान कौन होगा । इस वक्त टीम में कई दावेदार मौजूद हैं, जिनमें शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह के नाम प्रमुख हैं । चयनकर्ता इस मसले पर गंभीर मंथन कर रहे हैं, क्योंकि नए कप्तान का फैसला टीम इंडिया के भविष्य को प्रभावित करेगा । भारत को अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, और उससे पहले नए कप्तान की घोषणा की जानी है । अब देखना है कि बोर्ड सिर्फ इंग्लैंड दौरे के हिसाब से कप्तान बनाता है टीम के भविष्य को देखते हुए कप्तान का चयन करता हैं । इस बीच भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने बुमराह को कप्तानी सौंपने की सलाह दी है । कुंबले का मानना है कि अगर सिर्फ इंग्लैंड दौरे के लिए भी उन्हें यह जिम्मेदारी दी जाए, तो यह एक प्रयोग के तौर पर उपयोगी साबित हो सकता है । कुंबले ने कहा कि तेज गेंदबाज होना आसान नहीं है और बुमराह के करियर में चोटों की चुनौती भी रही है, लेकिन इसके बावजूद वह उन्हें इस जिम्मेदारी के काबिल मानते हैं । उन्होंने कहा कि बुमराह हाल ही में आईपीएल में लौटे हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद काफी समय क्रिकेट से दूर रहे थे । फिर भी, वह उनमें लीडरशिप की क्षमता देखते हैं । हालांकि, कुंबले ने यह भी माना कि इंग्लैंड जैसी लंबी और चुनौतीपूर्ण सीरीज में सभी पांच टेस्ट मैचों में बुमराह का खेल पाना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उनके कार्यभार का विशेष ध्यान रखना होगा । बुमराह की कप्तानी में भारत ने सीमित ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है, और उनका शांत स्वभाव तथा रणनीतिक सोच उन्हें टेस्ट टीम की अगुवाई के लिए उपयुक्त बना सकती है । बीसीसीआई जल्द ही इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करने वाली है और नए कप्तान का नाम भी तय किया जाएगा । 20 जून से शुरू होने जा रही इस सीरीज से पहले टीम मैनेजमेंट के सामने यह एक अहम निर्णय होगा, जो न सिर्फ इस दौरे बल्कि भविष्य की टेस्ट रणनीति को भी आकार देगा ।



# भावुक हुए अंबाती रायुडू, लिखा– विराट कोहली कृपया संन्यास न लें



नई दिल्ली । पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास न लेने की भावुक अपील की है। हालिया खबरों में दावा किया गया है कि कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने इरादे बता दिए हैं। यह खबर उनके लंबे समय के साथी रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास की घोषणा के दो दिन बाद आई है। भारत 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में पांच टेस्ट मैचों की महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025–27 की शुरुआत करने वाला है। रायुडू ने 39 वर्षीय कोहली से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उनका मानना है कि कोहली में अभी बहुत कुछ बाकी है और उनके बिना टेस्ट क्रिकेट पहले जैसा नहीं रहेगा। रायुडू ने एक्स पर लिखा कि विराट कोहली, कृपया संन्यास न लें। भारतीय टीम को आपकी पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। आपके पास अभी बहुत कुछ देने को है। आपके बिना टेस्ट क्रिकेट वैसा नहीं होगा, जब आप भारत के लिए मैदान पर उतरते हैं। कृपया अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोहली पिछले एक महीने से बीसीसीआई के साथ इस तरह की बातचीत कर रहे हैं। यदि कोहली संन्यास लेते हैं, तो यह उनके 14 साल के शानदार टेस्ट करियर का अंत होगा, जिसमें उन्होंने 123 टेस्ट में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक शामिल हैं। वे भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी हैं, जिन्होंने 68 टेस्ट में से 40 में जीत हासिल की।

# वह सफल रहे, शानदर नहीं : रोहित शर्मा के टेस्ट करियर पर बोले इंग्लैंड के दिग्गज

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने भारतीय बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का आकलन करते हुए कहा कि उनके आंकड़े उन्हें एक सफल, लेकिन 'पूरी तरह से शानदार नहीं' खिलाड़ी बनाते हैं। यह बयान रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद आया। रोहित ने 7 मई को 11 साल और 67 टेस्ट के करियर के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह घोषणा इंग्लैंड दौरे से पहले हुई, जो 20 जून से भारत के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025-27 चक्र की शुरुआत करेगा। एथरटन ने कहा कि रोहित का सर्वश्रेष्ठ प्रारूप वनडे क्रिकेट है, जहां वह सबसे महान सलामी बल्लेबाजों में शुमार हैं। उनका टेस्ट करियर दो हिस्सों में बंटा रहा। लंबे समय तक उन्हें मौका नहीं मिला और अंत में 40 से कुछ ऊपर की औसत और 12 शतकों के साथ यह एक सफल रिकॉर्ड है, लेकिन शानदार नहीं। रोहित ने नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया और



67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 था, जो 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आया। वह भारत के 16वें सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनका टेस्ट करियर 2013 में कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की पारी के साथ शुरू हुआ। शुरुआती सालों में, खासकर विदेशी दौरों पर, रोहित को लंबे प्रारूप में अपनी जगह पक्की करने में मुश्किल हुई। 2013-18 तक, उन्होंने 27 टेस्ट में 39.63 की औसत से 1,585 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक थे। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (SENA) जैसे देशों में उनकी बल्लेबाजी संघर्ष करती रही। डब्ल्यूटीसी के 40 टेस्ट में उन्होंने 41.15 की औसत से 2,716 रन बनाए, जिसमें 9 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं। एथरटन ने रोहित के संन्यास पर सवाल उठाया कि क्या यह उनका अपना फैसला था या खराब फॉर्म के कारण चयनकर्ताओं का दबाव था। रोहित ने अपने आखिरी आठ टेस्ट में केवल 164 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक शामिल था। एथरटन ने कहा कि रोहित की घोषणा से एक दिन पहले खबर थी कि चयनकर्ता आगे बढ़ने का फैसला कर चुके हैं। यह अटकलें हैं, लेकिन संन्यास का फैसला आश्चर्यजनक नहीं था। कप्तान के तौर पर हार और खराब फॉर्म का संयोजन घातक होता है। रोहित की कप्तानी में भारत ने हाल के 6 में से 5 टेस्ट हारे, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2 हार शामिल हैं। एथरटन ने निष्कर्ष निकाला कि यह किसी भी कप्तान के लिए मुश्किल स्थिति है।

# फजीहत होने पर पीसीबी बोला– प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर पीएसएल स्थगित

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया । इससे कुछ घंटे पहले ही घोषणा की गई थी कि भारत के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण टी20 टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित कर दिया गया है । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पड़ोसी देशों के बीच सीमा पार तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों को भी स्थगित कर दिया है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्थगित करने का फैसला प्रधानमंत्री मियां मुहम्मद शाहबाज शरीफ से मिली सलाह के अनुसार लिया गया है। राष्ट्रीय भावनाएं पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के साहसी प्रयासों पर केंद्रित हैं जो पाकिस्तान की संप्रभुता को मुखरता से कायम रख रहे हैं। बयान में आगे कहा गया– पीसीबी और उसके खिलाड़ी शहीदों के परिवारों और राष्ट्र की रक्षा करने वाले हमारे सुरक्षाकर्मियों के साथ एकजुटता में खड़े हैं। हालांकि यह पता चला है कि एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के पीएसएल के बचे मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी के अनुरोध को मंजूरी देने की संभावना नहीं है क्योंकि उसके बीसीसीआई के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है।





# महिला क्रिकेट टीम का बड़ा कारनामा, पूरी टीम एक ही स्कोर पर रिटायर्ड आऊट

बैंकॉक । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को बैंकॉक के टर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप एशिया क्वालिफायर्स 2025 में कतर के खिलाफ एक दुर्लभ रणनीति अपनाई । पहले बल्लेबाजी में दबदबा बनाने के बाद यूएई की पूरी बल्लेबाजी लाइन–अप ने समय प्रबंधन के लिए रिटायर्ड आउट होने का फैसला किया और अंततः 163 रनों के विशाल अंतर से जीत हासिल की । पहले बल्लेबाजी करते हुए, यूएई की सलामी जोड़ी थिरथा सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओजा ने शानदार शुरुआत दी । दोनों ने केवल 16 ओवर में 192 रनों की साझेदारी की । ओजा ने 55 गेंदों पर 113 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और पांच छक्के शामिल थे, जबकि सतीश ने 42 गेंदों पर 74 रन बनाए, जिसमें 11 चौके थे । बारिश की आशंका और टी20 अंतरराष्ट्रीय में डिक्लेरेशन की अनुमति न होने के कारण, यूएई ने एक रणनीतिक कदम उठाया । हर बल्लेबाज ने पैड पहने, क्रीज पर पहुंचकर तुरंत रिटायर्ड आउट होने का फैसला किया । इससे यूएई ने अपनी पारी जल्दी खत्म की ताकि मौसम खराब होने से पहले कतर को गेंदबाजी कर सकें । यह टी20आई नियमों के तहत एक अनोखी लेकिन वैध रणनीति थी । इस असामान्य कदम का परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा । यूएई की गेंदबाजों ने कतर की बल्लेबाजी को 11.1 ओवर में केवल 29 रनों पर समेट दिया । बाएं हाथ की स्पिनर मिशेल बोथा ने 3/11 के आंकड़े के साथ गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया । केटी थॉम्पसन ने दो विकेट लिए, जबकि ईशा, हीना होटचंदानी, इंधुजा नंदकुमार और वैष्णवे महेश ने एक–एक विकेट लिया । ईशा के हरफनमौला प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया । उन्होंने एक ओवर में एक रन देकर एक विकेट लिया और शतक भी बनाया । इस जीत के साथ, यूएई चार अंकों और +6.998 के मजबूत नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया । उन्होंने अपने पहले मैच में मलेशिया को नौ विकेट से हराया था । यूएई का अगला मुकाबला 13 मई को बैंकॉक में मलेशिया के खिलाफ होगा ।

# देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हो सकते है आईपीएल के बचे मैच

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा सैन्य तनाव के मद्देनज़र आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है । भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है । हालांकि बीसीसीआई का कहना है कि यह एक अस्थायी रोक है और यदि हालात सामान्य होते हैं तो टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा सकता है । बीसीसीआई फिलहाल एक आकस्मिक योजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत लीग को फिर से शुरू करने के लिए स्थानों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है । सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और समय जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बोर्ड अब देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में बाकी बचे मुकाबले आयोजित करने पर विचार कर रहा है। संभावित शहरों में कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु और विशाखापट्टनम प्रमुख रूप से शामिल हो सकते हैं । एक अंग्रेजी अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि अगर हालात अगले सप्ताह तक सुधरते हैं, तो आईपीएल के शेष मैचों को सीमित वेन्यू पर आयोजित किया जा सकता है । उन्होंने कहा, 'ऐसे मामलों में एक सप्ताह काफी लंबा समय होता है । बोर्ड विकल्पों पर सक्रियता से विचार कर रहा है । कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में मैच कराए जा सकते हैं, लेकिन अगर सीमा पर हालात सामान्य हुए तो बीसीसीआई मूल स्थानों पर भी लौट सकता है ।' गौरतलब है कि इस सीज़न में अब 12 लीग मुकाबले और 4 प्लेऑफ मैच बाकी हैं । इनमें से कई मैच देश के अलग–अलग शहरों में होने थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से इन्हें अब सीमित स्थानों पर सिमटाया जा सकता है । हाल ही में धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एक मैच ब्लैकआउट के चलते रद्द कर दिया गया था । इसके अलावा एयरपोर्ट बंद होने के चलते धर्मशाला से एक अन्य मैच की मेजबानी छिन गई थी और पंजाब–मुंबई मुकाबला अहमदाबाद स्थानांतरित करना पड़ा था । अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अगले सप्ताह हालात किस दिशा में बढ़ते हैं और क्या बीसीसीआई आईपीएल को फिर से पटरी पर ला पाता है ।

# जोश हेजलवुड ने की भारतीय आर्मी की तारीफ... लेकिन एक ट्विस्ट भी जुड़ा साथ



खेल डैस्क । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कथित तौर पर भारतीय सेना की प्रशंसा की है, उन्हें उनकी हिम्मत और समर्पण के लिए ÷पूर्ण रूप से महान÷ बताया है। यह टिप्पणी एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सामने आई, जिसने तेजी से लोकप्रियता हासिल की और प्रशंसकों ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के इस कदम की सराहना की। हालांकि, इस वायरल पोस्ट ने कुछ सवाल भी खड़े किए हैं, क्योंकि कुछ नेटिजन्स को लगता है कि यह फेक अकाउंट है क्योंकि इस पर पोस्ट 30 अप्रैल से ज्यादा पुरानी नहीं है। खाते में भले ही 13 हजार फॉलोअर्स है लेकिन इसकी प्रामाणिकता पर संदेह है।

पोस्ट, जो एक्स पर सामने आई, में हेजलवुड ने भारतीय सेना की कठिन परिस्थितियों में दृढ़ता के लिए प्रशंसा व्यक्त की, खासकर देश की सीमाओं पर। पोस्ट में लिखा था- आप पूर्ण रूप से महान हैं। भारतीय सेना की हिम्मत और जज्बा अविश्वसनीय है। सम्मान। इसके साथ एक सलामी इमोजी भी थी। आरसीबी और भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने प्लेटफॉर्म पर दिल और ताली वाले इमोजी के साथ इस पोस्ट की तारीफ की।

हालांकि, जल्द ही संदेह पैदा हुआ जब उपयोगकर्ताओं ने खाते के हैंडल और गतिविधियों में असंगतियां देखीं। कई प्रशंसकों ने बताया कि खाता सत्यापित नहीं था और इसमें असंबंधित पोस्टों का इतिहास था, जिससे अनुमान लगाया गया कि यह हेजलवुड का नहीं हो सकता। एक यूजर ने टिप्पणी की कि क्या यह वाकई जोश का खाता है? कुछ संदिग्ध लगता है,' जबकि एक अन्य ने आग्रह किया- आरसीबी, कृपया पुष्टि करें कि यह असली है! स्क्रीनशॉट के व्यापक रूप से साझा होने के बाद बहस तेज हो गई, कुछ लोगों ने गलत सूचना के खिलाफ सावधानी बरतने की मांग की।

हेजलवुड, जो चल रहे आईपीएल 2025 सीजन में आरसीबी की तेज गेंदबाजी का अहम हिस्सा हैं, ने अभी तक इस विवाद पर कोई टिप्पणी नहीं की है। न तो आरसीबी और न ही हेजलवुड के आधिकारिक प्रबंधन ने पोस्ट की प्रामाणिकता की पुष्टि या खंडन करने वाला कोई बयान जारी किया है। पोस्ट का समय भारतीय सेना के योगदान पर बढ़ती चर्चाओं के साथ मेल खाता है, जो हाल ही में एक्स पर ट्रेंड कर रहा था, हालांकि हेजलवुड की टिप्पणी से इसका कोई सीधा संबंध स्थापित नहीं हुआ है।

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और सरदार सरोवर बांध की सुरक्षा बढ़ाई गई, पर्यटकों और वाहनों की जांच

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गुजरात की जीवनरेखा सरदार सरोवर नर्मदा योजना और उसके निकट स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां आनेवाले पर्यटकों और वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इन दोनों स्थलों की ओर जानेवाली सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात कर दिया है। यह बात अलग है कि आज शाम 5 बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हो गया है। आगामी 12 मई को दोनों देशों के बीच बातचीत होगी। लेकिन महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा सकती। जानकारी के मुताबिक सरदार सरोवर नर्मदा बांध और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सरदार सरोवर नर्मदा निगम के एमडी, एसआरपीएफ के कमांडर और जिला पुलिस अधिकारियों के बीच एक तत्काल बैठक हुई। गुजरात राज्य की जीवनरेखा सरदार सरोवर नर्मदा बांध की सुरक्षा भी एहतियात के तौर पर बढ़ा दी गई है। सरदार सरोवर नर्मदा बांध और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की ओर जाने वाली सड़कों पर पुलिस का काफिला तैनात किया गया है, साथ ही अन्य सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं। यहां आने-जाने वाले यात्रियों की जांच की गई तथा पुलिस, एसआरपीएफ और सीआईएसएफ के जवानों द्वारा वाहनों की भी सख्ती से जांच की गई। इस संबंध में नर्मदा जिले के एसपी प्रशांत शुंबे ने कहा कि सरदार सरोवर नर्मदा बांध और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पर्यटकों से भी कहा गया है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो तुरंत नजदीकी सुरक्षाकर्मी या पुलिस को सूचित करें।

## भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से जासूस को पकड़ा

किशनगंज (एजेंसी)। बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से एक बांग्लादेशी जासूस को पकड़ा है। शुक्रवार देर रात किशनगंज सेक्टर में तैनात बीएसएफ के जवानों ने बिहार से लगे पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में ये कार्रवाई की है। बागडोगरा सैन्य छावनी के नजदीक से इस बांग्लादेशी जासूस को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशरफुल आलम के रूप में हुई है। अशरफुल ने पूछताछ के दौरान खुद को बांग्लादेशी जासूस बताया है। उसने बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी का पूर्व कर्मचारी होने का दावा किया है। इसके बाद उसे दिल्ली भेजने का फैसला लिया गया। इसलिए उसे किशनगंज फ्रंटियर हेडक्वॉर्टर ना लाकर बागडोगरा एयरपोर्ट के पास सिलिगुड़ी में रखा गया है। अब उसे बागडोगरा एयरपोर्ट से ही दिल्ली भेजा जा सकता है।

## किश्तवाड़ में 2.7 तीव्रता का भूकंप

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में शनिवार को 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके दोपहर करीब 3.14 बजे महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 5 किलोमीटर की गहराई में था। गहराई वाले भूकंपों की तुलना में कम गहरे भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं क्योंकि पृथ्वी की सतह के नजदीक होने पर उनकी ऊर्जा ज्यादा निकलती है। इससे जमीन का कंपन ज्यादा होता है और इमारतों को ज्यादा नुकसान होता है। गहरे भूकंप सतह पर आने के बाद ऊर्जा खो देते हैं, जिससे नुकसान की आशंका कम होती है।

## लड़की से चलती कार में गैंगरेप

बुलंदशहर (एजेंसी)। नोएडा से 3 दोस्तों ने नौकरी दिलाने के बहाने 2 लड़कियों को अपनी कार में बैठाया। फिर एक लड़की को मेरठ में चलती कार से फेंक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बुलंदशहर में दूसरी लड़की से तीनों दोस्तों ने बारी-बारी से गैंगरेप किया। फिर उसे भी खुर्जा में फेंककर कार से भाग गए। शनिवार को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गाजियाबाद के रहने वाले गौरव और सूरजपुर निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। मुख्य आरोपी अमित अभी फरार है। प्रतापगढ़ की रहने वाली दोनों लड़कियां नोएडा में शादियों में वेलकम गर्ल का काम करती थीं।


## साइकिल से गिरे तेजप्रताप का वीडियो शेयर कर दीपा मांझी ने पूछा- तेजू भइया.... प्लेन कैसे उड़ाएंगे?

पटना (एजेंसी)। भारत-पाक तनाव के बीच जब राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजप्रताप यादव वायुसेना की वर्दी पहनकर बॉर्डर पर जाने की अनुमति मांग रहे थे, उसी दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने उन पर तीखा तंज कसा है। दीपा ने तेजप्रताप का एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए उन्हें 'बहुरूपिया' कहा और उनके हवाबाजी वाले जुनून पर सवाल उठा दिया है। दरअसल शनिवार को दीपा मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर तेजप्रताप का साइकिल से गिरते हुए 2018 का वीडियो फुटेज शेयर किया और लिखा, 'तेजू भइया आप साइकिल से गिर जाते हैं, फाइटर प्लेन कैसे उड़ाएंगे?' उन्होंने आगे लिखा, कि 'अपने तेजू भइया बहुरूपिया को भी शर्मा देते हैं। सावन में शंकर, भादो में कृष्ण, कभी घुड़सवारी, कभी साइक्लिंग, कभी जलेबी, कभी चापाकल स्नान। अब देश सेवा के जुनून में हवा में उड़ने की चाह है, लेकिन ठहरते कहीं नहीं।' गौरतलब है कि तेजप्रताप यादव पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर लगातार सेना की वर्दी में तस्वीरें साझा कर रहे हैं और खुद को सीमा पर भेजने की मांग कर रहे हैं। दीपा मांझी का यह व्यंग्यात्मक पोस्ट अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## अस्पताल में हुई नवजात की मौत, परिजनों ने हंगामा कर लगाया 2500 रुपए मांगने का आरोप

पटना (एजेंसी)। पटना के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में एक नवजात की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक अस्पताल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी की गई और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया गया। परिजनों ने अस्पताल कर्मचारियों पर लापरवाही और 2500 रुपए की अवैध मांग का आरोप लगाया है।

# भारत ने आईएमएफ में पाकिस्तान के खिलाफ नहीं किया वोट




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत चाहता तो आईएमएफ में पाकिस्तान को लोन देने के खिलाफ वोटिंग कर सकता था, लेकिन उसने ऐसा करने की बजाए वोटिंग ही नहीं की। सवाल उठ रहे हैं कि भारत ने ऐसा क्यों किया। अगर वह चाहता तो पाकिस्तान के खिलाफ वोट करके मौजूदा हालात में बदला तो ले ही सकता था लेकिन इसके बाद भी भारत वोटिंग से अलग रहा।

आमतौर पर आईएमएफ सर्वसम्मति-आधारित दृष्टिकोण पर काम करता है। व्यक्तिगत सदस्य देशों के वोट सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। भारत के वोटिंग में हिस्सा नहीं लेने की कई वजहें हैं। आईएमएफ सदस्य देश खासतौर पर अमेरिका, यूरोपीय संघ के देश, चीन और भारत जैसे प्रमुख शेयरधारक व्यापक आम सहमति से काम करना पसंद करते हैं। यहां तक कि प्रतिकूल संबंधों वाले देश भी शायद ही कभी खुले तौर पर खिलाफ या नहीं का वोट नहीं देते जब तक कि कोई गंभीर भू-राजनीतिक उल्लंघन न हो। जैसे रूस-यूक्रेन में तनाव और युद्ध का मामला। शत्रुतापूर्ण वोट किसी देश को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर सकता है। उसे वैश्विक वित्तीय स्थिरता को बाधित करने के तौर पर देखा जा सकता है। भारत खुद को दुनिया में एक जिम्मेदार वैश्विक खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करने की कोशिश करता रहा है, लिहाजा वो खिलाफत वोटिंग करने से बचा।

आईएमएफ का मुख्यालय वाशिंगटन डीसी में है। पाकिस्तान के दो लोन प्रोग्राम को मंजूर करने के लिए 9 मई को वोटिंग हुई। भारत आईएमएफ के निदेशक मंडल में है, लिहाजा उसका वोट मायने भी रखता है। वोटिंग में पाकिस्तान को दो ऋण कार्यक्रमों के तहत कुल 2.3 बिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान करने पर हरी झंडी दे दी गई। ये बात जो भी सुन रहा है वो हैरान हो रहा है कि भारत ने ऐसा क्यों किया।

भारत निश्चित तौर पर सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के साथ गहरे मतभेद रखता है। लेकिन ये भी नहीं चाहता कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो जाए। क्योंकि आर्थिक तौर पर अगर उसकी हालत खराब हुई तो और अधिक उग्रवाद हो सकता है। शरणार्थियों का प्रवाह पड़ोसी क्षेत्रों को अस्थिर कर सकता है। भारत कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से आर्थिक दबाव बनाए रखना पसंद करता है, वो ये सुनिश्चित करता है कि पाकिस्तान आर्थिक रूप से बचा रहे लेकिन नियंत्रित रहे।

भारत के वोटिंग से बाहर रहने ने निश्चित तौर पर पाकिस्तान को बहुत बड़ी राहत दी। इंटरनेशनल कम्युनिटी में भी लोग हैरान हो रहे हैं कि एक तरफ तो दोनों देशों में जबरदस्त तनाव के बीच सैन्य कार्रवाई हो रही है। दोनों ही देश एक दूसरे के खिलाफ हमला कर रहे हैं। ऐसे में भी भारत ने वोटिंग से बाहर रहकर क्यों पाकिस्तान के लोन मंजूरी का रास्ता साफ कर दिया। पाकिस्तान को विस्तारित निधि सुविधा यानि एक्सटेंडेट फंड फेसिलिटी के जरिए एक बिलियन डॉलर और लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत 1.3 बिलियन डॉलर मंजूर किए। यानि कुल मिलाकर 2.3 बिलियन डॉलर।

## सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल और माला ले जाने पर रोक



मुंबई। प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, फूलों के हार और बाहर से प्रसाद लेकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय मंदिर की सुरक्षा और भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और आतंकी हमले की आशंका के कारण लिया गया है। मंदिर प्रशासन का कहना है कि रविवार को इस फैसले का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। रविवार से ही इसे लागू भी कर दिया जाएगा। मुंबई पुलिस की एडवाइजरी को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने यह फैसला लिया है। प्रशासन का कहना है कि नारियल या फिर प्रसाद में विस्फोटक भी हो सकता है। मंदिर के ट्रस्टी भास्कर शेट्टी ने का, पुलिस ने हमें निर्देश दिए थे कि सुरक्षा को देखते हुए नारियल और अन्य प्रसाद पर रोक लगानी पड़ेगी। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा स्वर्णकार ने कहा कि मंदिर में हर रोज हज़ारों लोग आते हैं और यह आतंकवादियों की हिट लिस्ट में है। हाल में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ट्रस्ट के साथ बैठक की। स्वर्णकार ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को देखते हुए यह उपाय अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने मंदिर के बाहर फूल विक्रेताओं से बात की, जिन्होंने 11 मई से यह पहल शुरू करने का अनुरोध किया ताकि वे अपना मौजूदा स्टॉक खत्म कर सकें।

**रिटायर जवानों की होगी भर्ती**- शिवसेना के पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि मंदिर ट्रस्ट यह भी देखने का प्रयास कर रहा है कि क्या वह भक्तों के लिए फूल और दूर्वा घास उपलब्ध करा सकता है ताकि वे इसे भगवान को अर्पित कर सकें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए ट्रस्ट सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त 20 जवानों की भी भर्ती करेगा और वे हथियारबंद होंगे।

## बिहार सरकार बनाएगी सिविल डिफेंस वॉलंटियर, लोगों की करेगी भर्ती

पटना (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते बिहार सरकार ने किसी भी आपदा से निपटने की तैयार कर ली है। इसके लिए पूरे बिहार में मॉकड्रिल कराई जाएगी। सिविल डिफेंस वॉलंटियर की संख्या बढ़ाई जा रही है और उनका मानदेय भी बढ़ाया गया है। सरकार लोगों को आपदा के प्रति जागरूक करने और राहत-बचाव कार्यों को मजबूत करेगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपर मुख्य सचिव ने बताया नागरिक सुरक्षा निदेशालय के कंट्रोल रूम को सक्रिय कर दिया गया है। देश सेवा करने के इच्छुक लोग नागरिक सुरक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बिहार सरकार गांव से शहर तक लोगों को आपदा के बारे में बताएगी। राहत और बचाव के काम को भी मजबूत किया जाएगा।

सरकार सिविल डिफेंस वॉलंटियर की संख्या बढ़ा रही है। सिविल डिफेंस वॉलंटियर यानी नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयंसेवक। सरकार इन स्वयंसेवकों का मानदेय बढ़ा दिया गया है। पहले इन्हें हर दिन 400 रुपए मिलते थे। अब इन्हें 750 रुपए दिए जाएंगे। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। आपदा प्रबंधन का काम भी बेहतर होगा। ये वॉलंटियर जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। राहत, बचाव और लोगों को जागरूक करने में मदद करेंगे। अपर मुख्य सचिव के मुताबिक नागरिक सुरक्षा निदेशालय का कंट्रोल रूम अब पूरी तरह से काम कर रहा है। खास तौर पर भारत-नेपाल सीमा के पास के जिलों पर ध्यान दिया जाएगा।

## पाकिस्तान के दोहरे चरित्र पर औवेसी, चीन में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर तुम्हारी जुबान नहीं खुलती



हैदराबाद (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है, और इसके बीच इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का नया लोन दिए जाने ने राजनीतिक हलकों में उबाल ला दिया है। एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के साथ आईएमएफ को भी आड़े हाथों लिया।

ओवैसी ने कहा, हमारी जमीन पर, हमारे घरों पर, हमारे जवानों पर हमले हो रहे हैं, और पाकिस्तान को आईएमएफ से 1 बिलियन डॉलर की मदद दी जा रही है। यह क्या अंतरराष्ट्रीय न्याय है?' उन्होंने पाकिस्तान पर पर कहा, इन्हें न सरकार चलानी आती है, न अर्थव्यवस्था। ये केवल भारत में अमन बिगाड़ने और हिंदू-मुस्लिम तनाव फैलाने की योजना बना रहे हैं।

ओवैसी ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए लश्कर और जैश के टॉप आतंकियों का जिक्र कर कहा कि 'जो आतंकी भारत में हमलों के लिए जिम्मेदार थे, उनके जनाजे में पाक सेना के लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी शामिल होते हैं। यह देश किस नीति पर चल रहा है?'

उन्होंने कहा, 'जिसे अमेरिका ने आतंकी घोषित किया है, वह वहां नमाज-ए-जनाजा पढ़ा रहा है। यह आतंक को आधिकारिक संरक्षण देने जैसा है।

पाकिस्तान ड्रोन से हमला कर रहा है, मासूम मर रहे हैं'


ओवैसी ने कहा कि पुंछ में चार मासूम मुसलमान बच्चे भी मारे गए। 'क्या पाकिस्तान ये बताना चाहता है कि सिर्फ वहीं जन्नत में जाएंगे? इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ने का अधिकार तुम्हें किसने दिया है?'

ओवैसी ने पाकिस्तान दोमुंह चरित्र पर सवाल उठाकर कहा कि 'जब तुम्हारा जमात-ए-इस्लामी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता करता है और फिर इस्लाम की बात करता है, तब तुम्हारी मंशा पर संदेह होता है। जिनजियांग में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर तुम्हारी जुबान नहीं खुलती।

ओवैसी ने कहा कि 'कांग्रेस और बीजेपी को आपसी आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर एकजुट होकर पाकिस्तान जैसे दुनिया के लिए खतरा बने मुल्क के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

## सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान... इस बार 27 मई को आएगा मानसून

**-4 दिन पहले केरल पहुंचेगा मानसून**



नई दिल्ली (एजेंसी)। मानूसन देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

मौसम विभाग ने बताया कि आमतौर पर 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सेक्रेटरी एम रविचंद्रन ने कहा कि जून से सितंबर के दौरान मानसून सीजन में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। 4 महीने के दौरान 87 सीएम के औसत से 105 फीसदी बारिश हो सकती है। आमतौर पर 96 से 104 फीसदी बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 फीसदी से कम बारिश को सामान्य से बहुत कम, 90 से 95 फीसदी के बीच सामान्य से कम, 104 से 110 फीसदी के बीच सामान्य से ज्यादा और 110 फीसदी से ज्यादा बारिश बहुत ज्यादा माना जाता है।

### अंडमान-निकोबार में मानसूनी बारिश अगले हफ्ते

अंडमान और निकोबार में मानसूनी बारिश अगले हफ्ते तक शुरू हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अंडमान निकोबार के हिस्सों में 13 मई तक मानसून की एंट्री का अनुमान है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान देश भर में होने वाली कुल वर्षा और शुरुआत की तारीख के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

### देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम

मौसम विभाग के अनुसार, 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही मानसूनी बारिश देश के जलाशयों को भरने और बिजली उत्पादन के लिहाज से भी अहम है।

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- पीएम मोदी ने रखी सिंदूर की लाज, मिल रहा है आशीर्वाद



मुंगेर (एजेंसी)। जदयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सिंदूर की लाज रख ली है और यही सिंदूर पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद की तरह काम कर रहा है। मुंगेर के एक दिवसीय दौरे पर हवेली खड़गपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भारत-पाक के बीच युद्ध पर कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है। पहलगाम में आतंकियों ने भारतीय पर्यटकों को मारा तो इसके जवाब में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में रह रहे आतंकी संगठन को खत्म करने की कोशिश की। अगर पाकिस्तान हमारे नागरिकों, सैन्य संस्थानों या अन्य पर हमला करता है तो सेना उचित समय पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराया है।

देश के सिंदूर की लाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी है और यही सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी के लिए आशीर्वाद की तरह काम कर रहा है और भारतीय सेना सफलता प्राप्त कर रही है।बता दें कि भारत पाकिस्तान युद्ध के बीच बिहार पुलिस मुख्यालय ने आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष एडवायजरी जारी की है और इसको लेकर मुंगेर पुलिस भी काफी मुस्तैद है। मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने जानकारी देते हुए बताया कि जो वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई है उसको लेकर मुंगेर पुलिस हाय अलर्ट पर है।एडवायजरी मुख्यालय के द्वारा जारी हुआ है उसमें जो वाइटल इन्स्टॉलेशन जैसे- आईटीसी रेल के साथ साथ जिले में अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में उसमें पुलिस के वरीय पदाधिकारी जाकर पता करेंगे कि वहां सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं या और कैसे बढ़ाये जा सकते हैं। मुंगेर पुलिस वृहत पैमाने में सड़कों पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है।होटलों और लॉजों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। खास कर सोशल मीडिया पर विशेष सेल नजर रख रही है। अगर कोई सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक चीज प्रसारित की जाती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मुंगेर की जनता से अपील करते हुए कहा कि भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और न ही ऐसे भ्रामक खबरों को फैलाएं। अगर आपको किसी प्रकार सूचना मिलती है तो तुरंत आप पुलिस से संपर्क कर उसे बताएं। वहीं साथ में आरपीएफ ने जमालपुर, मुंगेर, बरियारपुर स्टेशनों में सर्च अभियान चलाया है।

## एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट आई तो पाकिस्तान के पास नहीं बचेगी फूटी कौंड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का इरादा इस बार हर तरीके से पाकिस्तान को तोड़कर रखने का है ताकि वह फिर से आतंकवाद की फैक्टरी न चल सके। पाकिस्तान को आर्थिक रूप से तोड़ने के लिए भारत ने अब फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की है। भारत का तर्क है कि पाकिस्तान उसे मिलने वाली अंतराष्ट्रीय मदद का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने-पोसने में करता है। अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटाया गया था।

एफएटीएफ एक अंतर-सरकारी निकाय है जो 1989 में स्थापित किया गया था और वैश्विक वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा के लिए नीतियां और मानक निर्धारित करता है। एफएटीएफ सूची मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और अन्य वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए देशों की स्थिति को दर्शाती हैं।एफएटीएफ लगातार निगरानी करता है कि अपराधी और आतंकवादी किस तरह से धन जुटाते हैं, उसका इस्तेमाल करते हैं और उसे इधर-उधर ले जाते हैं। एफएटीएफ नियमित रूप से ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित करता है जो नवीनतम मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण तकनीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं ताकि देश और निजी क्षेत्र इन जोखिमों को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकें।

### पाक को होगा बड़ा नुकसान

अगर भारत फिर से पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में वापस शुमार करने में कामयाब हो जाता है तो उस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक निगरानी और प्रतिबंध और बढ़ सकते हैं। इससे उसके लिए विदेशी निवेश और पूंजी प्रवाह पर असर पड़ेगा। अगर पाकिस्तान का नाम फिर से ग्रे सूची में शामिल हो जाता है तो इससे उसे बहुत नुकसान होगा। इसे पाकिस्तान पर आर्थिक संकट गहराएगा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा गिरेगी और वित्तीय लेनदेन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

### एफएटीएफ की दो सूचियां हैं ब्लैक और ग्रे लिस्ट

ब्लैक लिस्ट में उन देशों को शामिल किया जाता है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने के लिए एफएटीएफ के नियमों का पालन ही नहीं करते। इस लिस्ट में शामिल देश पर बहुत कड़े अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रतिबंध लगाए जाते हैं। ग्रे सूची में वे देश शामिल होते हैं जिनमें मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने में कुछ कमियां हैं, लेकिन वे सुधार के लिए एफएटीएफ के साथ सहयोग कर रहे हैं। इन देशों को अपनी वित्तीय प्रणाली में सुधार करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना दी जाती है।

### ये देश हैं ग्रे लिस्ट में



एफएटीएम की ग्रे सूची में फिलहाल अलजीरिया, अंगोला, बुल्गारिया, बुर्किना फासो, कैमरून, कोटे डी आइवर, क्रोएशिया,कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, हैती, केन्या, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, लेबनान, माली, मोनाको, मोज़ाम्बिक, नामिबिया, नेपाल, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण सूडान, सीरिया, तंजानिया, वेनेजुएला, वियतनाम और यमन शामिल हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**